



केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा- ट्राई के स्पेक्ट्रम की कीमतें तय होने के बाद उपग्रह संचार सेवा शुरू होगी- 12



इजराइल और हमास युद्ध समाप्त करने और बंधकों को रिहा करने पर हुए सहमत - 13



वेस्टइंडीज पर एक और बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा भारत- 14


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी 07:38 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025, वर्ष 5, अंक 230, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## बद्रीनाथ में श्रद्धालुओं ने बनाया रिकॉर्ड

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मौसमी दुश्वारियों के बावजूद बद्रीनाथ धाम की यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना है। तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या ने पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बुधवार तक 14 लाख 53 हजार 827 तीर्थयात्री भगवान बद्रीविशाल के दर्शन कर चुके हैं, जबकि कपाट करीब डेढ़ माह बाद बंद होंगे। पिछले वर्ष पूरे यात्राकाल में 14.35 लाख श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम पहुंचे थे।

शासन-प्रशासन के कुशल यात्रा प्रबंधन ने खराब मौसम को यात्रियों की राह में रोड़ा नहीं बनने दिया और अब चारधाम यात्रा कीर्तिमान स्थापित कर रही है। मौसम के मिजाज को देखते हुए सभी यात्रा रूटों व पड़ावों में चाकचौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। सरकार के इन पुख्ता इंतजामों के चलते श्रद्धालु पूरी निश्चिन्तता के साथ चारधाम यात्रा पर पहुंच रहे हैं। बता दें कि, केदारनाथ यात्रा ने भी नया रिकॉर्ड बनाया है। इस यात्रा काल में श्रद्धालुओं की संख्या 16.56 लाख के पार पहुंच चुकी है जबकि पिछले वर्ष पूरे यात्राकाल में 16.52 लाख यात्री पहुंचे थे।

### 14.53 लाख के पार



- अभी डेढ़ माह और चलेगी यात्रा, 25 नवंबर को बंद होंगे कपाट

### आज बंद होंगे हेमकुंट साहिब के कपाट

चमोली में स्थित श्री हेमकुंट साहिब के कपाट आज (10 अक्टूबर) शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। इस वर्ष यहां बुधवार तक 2.71 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, जो अब तक की रिकॉर्ड संख्या है। समुद्रतल से करीब 15230 फीट की ऊंचाई पर स्थित हेमकुंट साहिब की यात्रा अत्यंत कठिन और चुनौतीपूर्ण है, इसके बावजूद यहां हर वर्ष यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है। वर्ष 2024 में एक लाख 83 हजार 722 तीर्थयात्री हेमकुंट पहुंचे थे।

## सीएम ने केंद्र से मांगी अहम परियोजनाओं की स्वीकृति

- मुख्यमंत्री धामी ने नई दिल्ली में की भेंट महत्वपूर्ण विषयों पर हुई विस्तृत चर्चा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट कर राज्य से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के शहरी क्षेत्रों में जनसंख्या का दबाव लगातार बढ़ रहा है।

पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील एवं भारी वर्षा वाले प्रदेश में नगरीय जल निकासी प्रणाली के सुधार और अपग्रेडेशन की बहुत आवश्यकता है। इसके लिए राज्य के सर्वाधिक बारिश से प्रभावित 10 जिलों के लिए स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के उन्नयन और सुधार के लिए डीपीआर तैयार की गई हैं, जिनकी कुल अनुमानित लागत 8,589.47 करोड़ रुपये है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से इन परियोजनाओं को पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया।

सीएम ने केंद्रीय वित्त मंत्री से उत्तराखंड राज्य के बाह्य सहायतित परियोजनाओं की शीघ्र स्वीकृति का भी अनुरोध किया। कहा कि राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से उत्तराखंड क्लाइमेट रिज़िलीअन्स डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही राज्य सरकार की ओर से सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन सुदृढ़ीकरण परियोजना के लिए 850 करोड़ रुपये और जलापूर्ति व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए 800 करोड़ का प्रस्ताव भी केंद्र सरकार को भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं की शीघ्र स्वीकृति कराने का भी अनुरोध किया।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### 4 अन्य प्रमुख परियोजनाओं को भी मिले मंजूरी

सीए धामी ने केंद्रीय मंत्री से पूर्व में मिले आश्वासन के क्रम में उत्तराखंड को वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बाह्य सहायतित परियोजनाओं की सीलिंग के अतिरिक्त चार अन्य प्रमुख परियोजनाओं को भी शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। इन परियोजनाओं में 2000 करोड़ रुपये की जल एवं स्वच्छता नगरीय अवसंरचना विकास परियोजना, 424 करोड़ रुपये की डीआरआईपी-III, 3638 करोड़ की उत्तराखंड क्लाइमेट रेसिलिएंट इंट्रा स्टेट पावर ट्रांसमिशन सिस्टम डेवलपमेंट और 1566 करोड़ की उत्तराखंड पावर डिस्ट्रीब्यूशन रिलायबिलिटी इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट शामिल है। सीएम ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं राज्य के बुनियादी ढांचे, जल संसाधन प्रबंधन, ऊर्जा और सार्वजनिक सर्विस डिलीवरी व्यवस्था को मज़बूती प्रदान करेंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री को हरसंभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

## ब्रीफ न्यूज

### करवाचौथ पर आज महिला कार्मिकों को अवकाश

**देहरादून।** करवा चौथ के पर्व पर शासन ने महिला कार्मिकों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सचिव विनोद कुमार सुमन द्वारा गुरुवार को जारी आदेश के अनुसार, उत्तराखंड राज्य के अधीन शासकीय/अशासकीय कार्यालयों/शैक्षणिक संस्थानों/शासकीय प्रतिष्ठानों में कार्यरत महिला कार्मिकों को प्रदेश भर में करवा चौथ पर्व मनाने के लिए शुक्रवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। राज्यपाल ने इसकी स्वीकृति प्रदान की है।

### अंतर्राष्ट्रीय सीमा से दो पाकिस्तानी नागरिकों को हिरासत में लिया

**जयपुर।** बीएसएफ ने राजस्थान के बाड़मेर जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक नाबालिग समेत दो पाकिस्तानी नागरिकों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों कथित तौर पर सेड़वा सेक्टर में सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। बीएसएफ की 83वीं बटालियन के जवानों ने जानपालिया सीमा चौकी पर स्थित जीरो पॉइंट पर भील समुदाय के कानजी (47) और सात साल के एक लड़के को हिरासत में लिया।

### आतंकियों के छिपने के ठिकाने का भंडाफोड़ हथियार जब्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के छिपने के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया है और मौके से भारी मात्रा में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है। भारतीय सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने बताया खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को कुपवाड़ा के वारसून इलाके स्थित ब्रिजथोर वन में सेना और पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के छिपने के एक ठिकाने का भंडाफोड़ कर हथियारों का जखीरा बरामद किया।

# भारत-ब्रिटेन स्वाभाविक साझेदार

## प्रधानमंत्री मोदी की समकक्ष स्टार्मर से एफटीए पर चर्चा, रक्षा व शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में समझौते

- संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदस्यता को समर्थन देगा ब्रिटेन
- दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत, यूक्रेन संघर्ष पर भी विचार साझा किए

मुंबई, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर के बीच भारत पहुंचे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुरुवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने कई बड़े ऐलान किए। दोनों देशों के बीच रक्षा, शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में अहम समझौते हुए। ब्रिटेन ने संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन देने का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन स्वाभाविक साझेदार हैं और दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंध ऐसे समय में वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जब विश्व अनिश्चितता के दौर से जूझ रहा है। मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ व्यापक मुद्दों पर बातचीत के बाद ये टिप्पणी की। मीडियाकर्मियों को दिए अपने वक्तव्य में मोदी ने कहा कि जुलाई में हस्ताक्षरित ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं कारोबार समझौते से दोनों देशों के बीच आयात लागत कम होगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और दोनों पक्षों के उद्योगों और उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया में शांति एवं स्थिरता और यूक्रेन में जारी संघर्ष पर भी विचार साझा किए। मोदी ने कहा, यूक्रेन संघर्ष और गाजा मुद्दे पर भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांति बहाल करने के सभी प्रयासों का समर्थन करता है। हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ब्रिटेन के साथ समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के जोश और ब्रिटेन की दक्षता ने मिलकर एक अद्वितीय तालमेल बनाया है। उन्होंने कहा, हमारी साझेदारी भरोसे पर टिकी है और प्रतिभा एवं तकनीक से प्रेरित है। आज जब प्रधानमंत्री स्टार्मर और मैं इस मंच पर एक साथ खड़े हैं तो यह दोनों देशों के लोगों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए मिलकर काम करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता की स्पष्ट पुष्टि है। मोदी ने दोनों देशों के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हम रक्षा सह-उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को जोड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, अपने रक्षा सहयोग को एक कदम आगे बढ़ाते हुए हमने सैन्य प्रशिक्षण में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत भारतीय वायुसेना के उड़ान प्रशिक्षक ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स के साथ प्रशिक्षक के रूप में काम करेंगे। ब्रिटिश नेता ब्रिटेन के 125 सबसे प्रमुख व्यापारिक नेताओं, उद्यमियों और शिक्षाविदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार सुबह दो दिवसीय यात्रा पर मुंबई पहुंचे। स्टार्मर की भारत यात्रा दोनों देशों द्वारा एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर करने के ढाई महीने बाद हुई है। इस समझौते से बाजार पहुंच बढ़ेगी, शुल्क में कटौती होगी और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होने की उम्मीद है। मोदी की जुलाई में हुई लंदन यात्रा के दौरान व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया था।



ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में प्रधानमंत्री मोदी अपने ब्रिटिश समकक्ष से मिलते हुए।

### मोदी बोले- व्यापार समझौता साझा प्रगति का खाका वैश्विक मानक के लिए साझेदारी करें कंपनियां

**मुंबई।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लोगों की साझा प्रगति और समृद्धि का खाका (रोडमैप) है। इसके साथ ही मोदी ने व्यवसायों से ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने का आह्वान किया जहां वे वैश्विक मानक स्थापित कर सकें। उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के एक मंच को संबोधित करते हुए भारत की नीतिगत स्थिरता, अनुमान-योग्य नियमन और व्यापक मांग पर प्रकाश डाला। उन्होंने ब्रिटिश कंपनियों को बुनियादी ढांचा, दवा, ऊर्जा और वित्त जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया। मोदी ने कहा, बाजार पहुंच मिलने के साथ यह समझौता एमएसएमई को बढ़ावा देगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कॉरपोरेट दिग्गजों से यह जानना चाहा कि दोनों देशों की सरकारें अवसरों का लाभ उठाने से रोकने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए क्या कर सकती हैं। स्टार्मर ने कहा, हम इस व्यापार समझौते से जुड़ी संभावनाओं को अधिकतम करने में आपका सहयोग करना चाहते हैं।

## दलितों व पिछड़ों के खिलाफ बने कानून बदलेंगे: मायावती

- कांशीराम परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित रैली में बसपा प्रमुख सपा व कांग्रेस के खिलाफ रहीं हमलावर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अर्से बाद बसपा प्रमुख मायावती अपने पुराने तेवर में नजर आईं। कांशीराम के 19वें परिनिर्वाण दिवस के मौके पर लाखों की भीड़ जुटाकर एलान किया कि बसपा की सरकार बनने पर प्रदेश में दलितों और पिछड़ों के खिलाफ बनाए गए कानूनों को बदला जाएगा। भरोसा दिलाया कि राज्य में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की सोच वाली सरकार बनेगी, जिसमें किसी को रोजी-रोटी के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा।

मायावती ने रैली को ऐतिहासिक बताते हुए समाजवादी पार्टी को दोगला बताया। कहा कि सरकार में रहने के दौरान सपा, कांशीराम का सम्मान कभी नहीं करती है। कांशीराम नगर का नाम बदलना सपा की दलित विरोधी सोच का परिचायक। वीआईपी रोड स्थित कांशीराम स्मारक स्थल पर गुरुवार को नौ साल बाद आयोजित इस रैली में प्रदेशभर से पार्टी के लाखों कार्यकर्ता जुटे। मायावती ने मंच से जहां अपनी पार्टी की मजबूती दिखाई, वहीं विपक्षी दलों सपा, कांग्रेस और भाजपा पर तीखे हमले किए। आरोप लगाया कि तीनों दलों ने पदोन्नति में आरक्षण का विरोध किया। सपा ने तो सदन में बिल ही फाड़ दिया था। इन दलों ने हमेशा दलितों-पिछड़ों के हक का अपमान किया है। बसपा प्रमुख ने कहा कि भारी भीड़ देखकर साफ है कि वर्ष 2027 में यूपी में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। हम संविधान के खिलाफ किसी भी साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे। मायावती ने बताया कि बसपा अब किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। कांग्रेस सरकार में इमरजेंसी लगाकर बाबासाहेब के संविधान का अपमान किया गया। स्मारकों से होने वाली आमदनी को रखरखाव पर खर्च करने के मामले में योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि सपा सरकार में ये पैसा दबा लिया जाता था। मायावती ने पार्टी नेता व नेशनल कॉर्डिनेटर भतीजे आकाश आनंद की सराहना की।



लखनऊ में रैली में लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं बसपा प्रमुख मायावती।

## रुड़की से फर्जी सैन्य कर्मी गिरफ्तार

संवाददाता, हरिद्वार

**अमृत विचार:** आर्मी एरिया से फर्जी सैन्य कर्मी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 18 डेबिट कार्ड, सेना की वर्दी, नेम प्लेट, फर्जी आर्मी कार्ड व ज्वाइनिंग लेटर बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, आर्मी इंटेलिजेंस, एलआईयू, सीआईयू के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप बिष्ट और कोतवाली रुड़की के एसएसआई मनोज गैरोला की संयुक्त टीम ने सैन्य क्षेत्र में एमईएस गेट के पास से इस संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम सुरेन्द्र कुमार पुत्र शीशराम निवासी ग्राम कोलसिया, थाना नवलगढ़, जिला झुंझुनू, राजस्थान बताया। वह सेना की वर्दी का प्रयोग कैंट एरिया में आसानी से प्रवेश करने और सूचनाएं जुटाने में करता था। यह भी पता चला कि वह रुड़की के आदर्शनगर में किराए पर आठ माह से रह रहा था। करीब दो साल पहले भी यहां पर रहकर जा चुका था। शहर के कई लोगों से उसकी दोस्ती है। वह किसी ठग गैंग से जुड़ा है या फिर जासूसी के इरादे से फर्जी सैन्यकर्मी बनकर घूम रहा था, खुफिया एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं। आरोपी के खिलाफ रुड़की कोतवाली पर अभियोग दर्ज कराया गया है।



- ठग है या जासूस, खुफिया एजेंसियां कर रहीं जांच

## जानलेवा कफ सिरप का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई जांच, देशव्यापी दवा सुरक्षा समीक्षा संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई आज

शीर्ष कोर्ट मध्य प्रदेश और राजस्थान में कथित तौर पर मिलावटी कफ सिरप के सेवन से बच्चों की हुई मौत के मद्देनजर दवा सुरक्षा तंत्र में जांच और व्यवस्थागत सुधार के अनुरोध वाली एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के लिए सहमत हो गया है।

सीजेआई गवई, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुईया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले और वकील विशाल तिवारी की इस दलील पर गौर किया कि याचिका पर सुनवाई की आवश्यकता है। पीठ 10 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सहमत हो गई। याचिका में कोर्ट की निगरानी में जांच और सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति के गठन का अनुरोध किया गया है।



### सिरप कंपनी का मालिक चेन्नई में गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मा के मालिक को मिलावटी कफ सिरप मामले में मध्य प्रदेश पुलिस ने चेन्नई पुलिस की मदद से बुधवार देर रात को गिरफ्तार कर लिया। मध्य प्रदेश पुलिस और चेन्नई पुलिस की कई टीम ने कंपनी के मालिक रंगनाथन का पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया था। पुलिस ने उसकी कांचीपुरम स्थित फैक्टरी से कुछ दस्तावेज भी जब्त किए। रिमांड हासिल करने के लिए कोर्ट में पेश किए जाने के बाद रंगनाथन को छिंदवाड़ा ले जाया जाएगा।

## हमले के प्रयास की घटना से हम स्तब्ध लेकिन अब यह विस्मृत अध्याय:गवई

नई दिल्ली, एजेंसी

सीजेआई बीआर गवई ने गुरुवार को कहा कि वह व न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन उस समय स्तब्ध रह गए थे जब 6 अक्टूबर को एक वकील ने उन पर जूता फेंकने का प्रयास किया था, लेकिन अब यह मुद्दा एक विस्मृत अध्याय है।

यह घटना सोमवार को उस समय हुई थी, जब प्रधान न्यायाधीश के नेतृत्व वाली पीठ वकीलों द्वारा उल्लेख किए गए मामलों की सुनवाई कर रही थी। आरोपी 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर ने अपना जूता निकाला और उसे न्यायाधीशों की ओर उछालने का प्रयास किया। इस कृत्य की चौतरफा निंदा हुई थी। प्रधान न्यायाधीश ने वनशक्ति मामले में फैसले की समीक्षा और संशोधन का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने दोषी वकील के खिलाफ की गई कार्रवाई से असहमति जताई और कहा, इस पर मेरे अपने विचार हैं, वह प्रधान न्यायाधीश हैं, यह मजाक की बात नहीं है! कहा कि यह घटना कोर्ट का अपमान है, इस संबंध में उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।



- न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा- यह घटना उच्चतम न्यायालय का अपमान उचित कार्रवाई होनी चाहिए

### वकील किशोर की सदस्यता समाप्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर को गंभीर कदाचार का दोषी मानते हुए उसकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। एससीबीए ने कहा कि किशोर का निंदनीय, अव्यवस्थित और असंयमित व्यवहार न्यायिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला और पेशेवर नैतिकता व शीर्ष कोर्ट की गरिमा का गंभीर उल्लंघन है।

**चिंतनीय** | सूर्य की किरणों को धरती तक पहुंचने से रोक रहे प्रदूषण और मोटे बादल

## जमीन पर पड़ने वाली धूप में सालाना 13 .1 घंटे की कमी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** विकास के नाम पर पर्यावरण से खिलवाड़ मुसीबत बनती जा रही है। जलवायु परिवर्तन के चलते बादलों में परिवर्तन होने लगा है और वायु प्रदूषण सूर्य की किरणों को धरती तक पहुंचने से रोकने लगा है। यह बदलाव न केवल स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है, बल्कि कृषि को प्रभावित कर रहा है। जमीन पर पड़ने वाली धूप में सालाना 13.1 घंटे की कमी आ रही है।

तेजी से बढ़ते वायु प्रदूषण का दायरा भारत जैसे विकासशील देश के लिए घातक साबित हो रहा है। अब नए रिसर्च से पता चला है कि वायु प्रदूषण सूर्य की किरणों को धरती तक पहुंचने में बाधा पहुंचा रहा है। पिछले 30 साल के आंकड़े बताते हैं कि उत्तरी भारत में जमीन तक पहुंचने वाली धूप में हर साल 13.1 घंटे की कमी दर्ज की गई है, जबकि पश्चिमी भारतीय तटों तक 8.6 घंटे का सालाना अंतर दर्ज किया है। इसकी वजह तेजी से बढ़ता वायु प्रदूषण और बादलों का घनत्व मोटा होना बताया गया है। बादलों के मोटे होने का जिम्मेदार जलवायु परिवर्तन को ठहराया जा रहा है, जबकि वायु प्रदूषण में वृद्धि सर्वविदित है, जो ग्रीनहाउस गैसों में तेजी से वृद्धि है।

इधर, हिमालयन पर्वतीय क्षेत्रों के बादलों की ऊंचाई बढ़ने लगी है। ये पूर्व में जमीन से एक डेढ़ किमी की ऊंचाई तक रहा करते थे, जो तीन किमी तक पहुंचने लगे हैं जिसका वर्षा पर प्रभाव पड़ने लगा है, साथ ही बारिश का स्थान भी बदलने लगा है। ये ऐसे परिवर्तन हैं, जिसका बड़ा असर कृषि को प्रभावित कर रहा है। बीएचयू, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी पुणे और इंडिया मेटियोरोलॉजिकल डिपार्टमेंट के वैज्ञानिकों के शोध में बादलों की मोटाई और धूप की मात्रा के आई कमी आने के बारे में जानकारी मिल पाई है। नेचर की साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।



दिल्ली में प्रदूषण में छिपा सूर्य। (फाइल फोटो)

### अधिक शोध की सख्त जरूरत

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह बताते हैं कि दुनिया का थर्ड पोल कहे जाने वाले हिमालय पर आ रहे बदलावों पर दुनिया के पर्यावरण वैज्ञानिकों की नजरें हैं और निरंतर शोध किए जा रहे हैं। हिमालय क्षेत्र में बादल अधिक ऊंचाई में पहुंचने लगे हैं। बादलों की मोटाई का बढ़ना भी गंभीर परिणाम दे सकते हैं लिहाजा इस दिशा में अधिक शोध की सख्त जरूरत है।

## सिटी ब्रीफ

### घर से आईफोन और हजारों की नगदी चोरी

**हल्द्वानी :** कोतवाली क्षेत्र के राजपुरा में चोरों ने एक घर में घुसकर आईफोन और हजारों की नगदी चोरी कर ली है। राजेंद्र नगर राजपुरा निवासी मोनू ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि पांच अक्तूबर की रात चोर उसके घर में दरवाजा तोड़कर घुसे और आईफोन के अलावा अलमारी में रखे 15 हजार रुपये चुराकर ले लिए। कोतवाल अमरचंद शर्मा ने बताया कि चोरी के आरोप में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### कैलाश मंदिर में चोरी दान पात्र के ताले तोड़े

**भीमताल :** छोटा कैलाश मंदिर में चोरों ने बुधवार रात चोरी कर दान पत्र के ताले तोड़कर नगदी चुरा ली। मंदिर समिति के अध्यक्ष त्रिलोचन पलड़िया ने बताया कि मंदिर के दान पत्र को शिवरात्रि के दिन खोला गया था। उसके बाद से दान पात्र बंद थे। मालूम हो कि छोटा कैलाश मे पूरे वर्ष भर श्रद्धालुओं का आगमन होता रहता है। ऐसे में दान पात्र में हजारों रुपए होने का अनुमान है। इधर मंदिर समिति के अध्यक्ष ने मामले की जानकारी थानाध्यक्ष भीमताल को दे दी दी है। वहीं आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया ने बताया कि क्षेत्र में संदिग्ध लोगों के द्वारा दिनभर रेकी की जाती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से शीघ्र मामले का खुलासा करने की मांग की है।

### होटल मैनेजर का सिर फोड़ने वाले तीन पर एफआईआर

**हल्द्वानी :** काठगोदाम थानाक्षेत्र के गौलापार में होटल में उत्पात मचाकर मैनेजर को लहूलुहान करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। जजफार्म निवासी आकाश गोयल, खेड़ा गौलापार में लीज पर होटल चलाते हैं। काठगोदाम पुलिस को दी तहरीर में आकाश ने कहा, 7 अक्टूबर की रात लगभग 9 :30 बजे गौरव रावत, करन नौला, दीपांशु मेहरा व अन्य लोग उनके होटल पहुंचे। उक्त लोगों ने होटल के मैनेजर रमेश जोशी पर प्राण घातक हमला कर लहूलुहान कर दिया। आरोपियों ने बेल्ट और कड़े से हमला कर रमेश का सिर फोड़ दिया और मौके से फरार हो गया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### लहंगा-साड़ी, पूजा सामग्री की खरीदारी करने के साथ ही शहर में देर रात तक मेहंदी लगवाने के लिए लगी रही महिलाओं की भीड़

# करवाचौथ आजः सजना के लिए जमकर खरीदारी, बाजार गुलजार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** करवाचौथ की पूर्व संध्या पर गुरुवार को बाजार गुलजार रहा। बड़ी संख्या में महिलाएं खरीदारी करने और मेहंदी लगवाने बाजार में पहुंचीं। देर रात तक चहल-पहल बनी रही।

बाजार में लहंगा-साड़ी से लेकर पूजा सामग्री तक की खूब बिक्री हुई। शहर के मीरा मार्ग, पटेल चौक, मस्जिद चौराहे वाली गली, बर्तन बाजार, पूजा वाली गली में लहंगे, साड़ियां, सूट की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं, सोने-चांदी के आभूषणों की दुकानों पर महिलाओं ने खरीदारी की। इसके अलावा पूजा के लिए



करवां चौथ के अवसर पर हाथों में मेंहदीं लगवाती महिलाएं। ● अमृत विचार

थाली, छलनी, नारियल, मिठाईयां और अन्य सामग्री की दुकानों पर भी दिनभर रौनक बनी रही। मेहंदी वालों के पास देर रात तक बुकिंग दोपहर बाद महिलाएं मेहंदी लगवाने के लिए ब्यूटी पार्लर और सड़कों पर बैठे मेहंदी कलाकारों के पास पहुंचने लगीं। मंगल पड़ाव स्थित होलिका मैदान में शिव सेना की ओर से महिलाओं ने सामूहिक रूप से निशुल्क मेहंदी लगवाई।

मेहंदी लगाने वाले एक कलाकार ने बताया कि महिलाएं तीन-चार दिन पहले से ही बुकिंग करा रही हैं। इस साल मेहंदी की कीमतें 100 से शुरू होकर 1500 से 2000 रुपये तक पहुंच रही हैं। बताया कि गुरुवार रात दो बजे तक की सभी बुकिंग पहले से फुल थीं, जबकि कुछ महिलाओं को उन्होंने आज (शुक्रवार) सुबह का समय मेहंदी लगवाने के लिए दिया है।



करवा चौथ की पूर्व संध्या पर नैनीताल के बाजारों में उमड़ी रौनक। ● अमृत विचार

### नैनीताल के बाजारों में उमड़ी रौनक

**नैनीताल :** करवा चौथ के पर्व को लेकर नैनीताल के बाजारों में दिनभर रौनक रही। माल रोड, तल्लीताल बाजार, मल्लीताल बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। साड़ियां, चूड़ियां, सोलह श्रृंगार का सामान, पूजा की थालियां और मिठाइयों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखी गईं। सुहागिन महिलाओं ने व्रत से पहले अपने श्रृंगार की तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़ी। ब्यूटी पार्लरों में भी दिनभर भीड़ रही, वहीं मेहंदी लगाने वालों के हाथ देर शाम तक नहीं रुके।

### शाम 6:19 से 7:33 बजे तक पूजा का मुहूर्त, चांद की दीदार 8:03 बजे

**हल्द्वानी :** करवा चौथ का व्रत आज रखा जाएगा। यह व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को आता है। करवा चौथ वैवाहिक सौभाग्य, पति की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए सुहागिन स्त्रियों की ओर से रखा जाने वाला निर्जला व्रत है। ज्योतिषाचार्य मंजू जोशी ने बताया कि इस करवाचौथ चंद्रमा वृषभ राशि में रहेंगे और कृतिका और रोहिणी नक्षत्र का संयोग है। शुभ मुहूर्त चतुर्थी तिथि गुरुवार रात्रि 10 :56 बजे शुरू होकर शुक्रवार शाम 7 :40 बजे तक रहेगा। पूजा का मुहूर्त शाम 6 :19 से 7 :33 बजे तक रहेगा। चंद्रोदय का समय रात्रि 8 :03 बजे रहेगा।

# बिना पर्चों के ही बेचे कफ सिरप, तीन मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निरस्त

### औषधि नियंत्रण विभाग ने अभियान में तीनों मेडिकल स्टोरों को सील किया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** औषधि नियंत्रण विभाग का अभियान जारी है। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास तीन मेडिकल स्टोरों पर डॉक्टर के पर्चे के बिना ही बच्चों के कफ सिरपों को बेचने की जानकारी मिलने पर विभाग ने कड़ी कार्रवाई की। तीनों ही मेडिकल स्टोरों को सील कर दिया। साथ ही इनका लाइसेंस भी निरस्त हो गया है।

औषधि नियंत्रण विभाग शहर के बड़े सरकारी अस्पतालों के आस-पास चैकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में गुरुवार को रामपुर रोड स्थित डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास अभियान चलाया। उनके साथ प्रशासन की ओर से तहसीलदार कुलदीप पांडे और पुलिस भी मौजूद रही। यहां आस-पास के पांच मेडिकल स्टोरों पर छापा मारकर जांच की गई तो पता चला कि रहमान मेडिकल हॉल, नीम करौली मेडिकोज



मेडिकल स्टोर की जांच करती औषधि नियंत्रण विभाग की टीम। ● अमृत विचार

और आदर्श मेडिकोज पर बिना चिकित्सीय परामर्श और वैध पर्चे की ही कफ सिरपों को बेचा जा रहा है। औषधि नियंत्रण विभाग ने तुरंत ही कार्रवाई करते हुए इन तीनों ही मेडिकल स्टोरों को बंद करवा दिया और साथ ही लाइसेंस को निरस्त करने की मौके पर ही संस्तुति भी कर दी। इसके साथ ही तीन कफ सिरपों को जांच के लिए भी लिया गया है। अभी तक हल्द्वानी और आस-पास के क्षेत्रों में करीब 20 कफ सिरपों को जांच के लिए भेज दिया गया है।

इनकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।घटना के बाद मेडिकल स्टोर स्वामियों में हड़कंप मच गया है। वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट ने बताया कि बिना डॉक्टर के परामर्श और पर्चे के कफ सिरपों को नहीं बेचा जाएगा। जो भी ऐसा करेंगे उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा। इस दौरान औषधि निरीक्षक अर्चना, जीवन चनियाल, पूरन सिंह रहे।

### 11 पेटी शराब के साथ एक शातिर तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** दीपावली पर शराब बेच कर मोटी कमाई के जुगाड़ में लगे एक तस्कर को टीपीनगर पुलिस और एसओजी ने सलाखों के पीछे पहुंचे दिया। आरोपी के पास से 11 पेटी शराब बरामद की गई है। पुलिस पता लगा रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में वो शराब कहां से लेकर आया था।

टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि 8 अक्टूबर को वह टीम व एसओजी के साथ गश्त पर थे। रामपुर रोड स्थित गजल बार के पास पहुंचे तो गली में कुछ लोग खड़े दिखाई दिए। टीम भीड़ की ओर बढ़ी तो लोग भाग खड़े हुए, लेकिन मौके से एक व्यक्ति को दबोच लिया गया। वह पेटियों को छिपाने की कोशिश कर रहा था।

पुलिस ने मौके से शराब की 11 पेटियां बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नवीन सिंह पुत्र उदय सिंह निवासी कुसुमखेड़ा मुखानी बताया। साथ ही बताया कि वह दीपावली पर खपाने के लिए शराब लाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



फैक्ट्री की जांच करते सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान व एसडीएम राहुल शाह।

# टेलकम पाउडर से बनते मिले बताशे, फैक्ट्री सील

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- जिला प्रशासन ने बनभूलपुरा में की तीन फैक्ट्रियों पर छापामारी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने बनभूलपुरा में बिना फूड लाइसेंस के संचालित हो रही तीन फैक्ट्रियों को सील किया है। तीनों में दीपावली के लिए खील-खिलौने और बताशे बनाए जा रहे थे जिसमें टेलकम पाउडर और नॉन फूड रसायनिक पदार्थ मिलाए जा रहे थे।

नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान और एसडीएम राहुल शाह के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार शाम बताशे, खील-खिलौने और मिठाइयां बनाने वाली तीन फैक्ट्रियों-लाइन नंबर-1, बनभूलपुरा और अब्दुल्ला बिल्डिंग के पीछे छापेमारी की। टीम को फैक्ट्रियों में बेहद गंदगी मिली। इनको बनाने में दूषित पानी और कच्चा माल प्रयोग हो रहा था। टेलकम पाउडर व नॉन फूड ग्रेड रसायनिक पदार्थ भी बताशा, खील-खिलौने में मिलाए जा रहे थे। फैक्ट्री संचालक लाइसेंस भी नहीं दिखा सके।

टीम ने सैंपल लेकर तीनों फैक्ट्रियों को सील कर दिया है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह, तहसीलदार कुलदीप पांडे आदि मौजूद रहे।

# दोस्त की बीवी व बेटियों को लेकर युवक फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** साथ काम करने वाला एक युवक अपने ही दोस्त की बीवी और उसकी बेटियों को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित के तीन माह गुहार लगाने के बाद मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित ने बताया कि वह राजमिस्त्री है और 25 वर्षीय पत्नी व दो बेटियों के साथ मुखानी में रहता है। उसका छत्तीसगढ़ निवासी दोस्त प्रेम साथ काम करता था और उसका घर आना-जाना था। 5 जुलाई को अचानक उसकी पत्नी, बेटियों समेत लापता हो गई। आरोप है कि दोस्त उसकी पत्नी को बरगला कर ले गया। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला व बच्चियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# सैकड़ों किलो बारूद, सुरक्षा इंतजाम शून्य

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जगमग दीपावली और धूम-धड़ाका करने के लिए पटाखे के गोदाम और दुकानें सैकड़ों किलोग्राम बारूद से भरे हैं और इंतजाम अधूरे हैं। ऐसी ही एक दुकान को सीएफओ ने बंद करा दिया।

शहर में पटाखे का एक गोदाम और 12 होल सेलर हैं। कुछ वर्ष पहले खामियों पर पांच दुकानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए थे। शहर में आबादी से दूर गोदाम



पटाखा दुकानों का निरीक्षण करते मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार।

और होल सेल दुकानों में सुरक्षा इंतजाम परखने के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार निकले। इकलौते गोदाम में सुरक्षा इंतजाम ठीक मिले। जिसके बाद उन्होंने रामपुर रोड स्थित होल सेलर शुभ लाभ नाम की दुकान पर छापा मारा। यहां पटाखों के रूप में सैकड़ों किग्रा बारूद मौजूद था और सुरक्षा इंतजाम ताक पर रखे थे। जगह-जगह से विद्युत वायरिंग खुली पड़ी थी, फायर एक्सटिंग्विशर उपयोगी नहीं थे। न तो आग बुझाने के लिए रेत थी और न ही पानी के लिए पर्याप्त बाल्टियां। दुकान को फौरन बंद कराकर नोटिस जारी किया गया। सीएफओ ने बताया कि सुरक्षा मानक पूरा किए बिना दुकान और गोदाम नहीं खुलने दिए जाएंगे।

# उपनल संविदा फार्मासिस्टों के नियमितिकरण की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपनल संविदा फॉर्मासिस्टों ने नियमितिकरण की मांग की। कहा कि रिक्त पदों के लिए उपनल संविदा कर्मियों को वरीयता दी जानी चाहिए।

चंदू कफल्टिया के अनुसार, प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल को भेजे ज्ञापन कहा गया कि मेडिकल कॉलेज में 15 सालों से उपनल के तहत फार्मासिस्ट काम कर रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने फार्मासिस्टों के 73 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया है। इन 73 पदों में यहां कार्यरत 11 फार्मासिस्टों के पदों को रिक्त मानते हुए उपनल के तहत कार्यरत फार्मासिस्टों को मौका देना चाहिए। इन फार्मासिस्टों के बेहतर भविष्य के लिए इस कदम को उठाना चाहिए।




# वन सचिव, पीसीसीएफ को नोटिस

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की पीठ ने वन विभाग के दैनिक वेतन से नियमित हुए कर्मचारियों को पेंशन का लाभ नहीं देने के मामले में गुरुवार को सुनवाई करते हुए वन सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) समीर सिन्हा तथा मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं को अवमानना संबंधी नोटिस जारी किया है।

याचिकाकर्ताओं द्वारा कहा गया कि वे वन विभाग में कई वर्षों से दैनिक वेतन कर्मचारियों के रूप में कार्यरत रहे। उत्तराखंड राज्य निर्माण के बाद वन विभाग ने उनकी सेवा नियमित कर दी। अब विभाग उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन का लाभ नहीं दे रहा है। महकमे के अनुसार पेंशन के लिए वह नियमित से वा की निर्धारित अवधि पूरी नहीं करते हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि अदालत भी समय समय पर उन्हें पेंशन समेत सभी लाभ देने के निर्देश दे चुकी है। अब अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

### सीएयू को हाईकोर्ट से राहत, याचिकाएं खारिज

**नैनीताल :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) में कथित गड़बड़ियों को लेकर दायर याचिकाओं को हाईकोर्ट ने पोषणीय (मेंटेनेबल) नहीं मानते हुए गुरुवार को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं को सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के निर्देश दिए हैं। सीएयू में गड़बड़ियों के मामले को डॉ. बीसी रमोला, धीरज भंडारी व संजय गुसाईं की ओर से चुनौती दी गई। इस मामले में पांच याचिकाओं में सीएयू में वित्तीय गड़बड़ी खासकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी फंड में अनियमितता के साथ ही एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष धीरज भंडारी को गलत ढंग से हटाने के लोकपाल के आदेश को चुनौती दी गई। इन सभी याचिकाओं पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ ने सुनवाई की।

### आयुष सचिव आदेश पर पुनः विचार करें

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ ने उत्तराखंड आयुर्वेद विवि में संविदा पर कार्यरत ग्रुप सी और ग्रुप डी के 44 कर्मियों के मामले में सुनवाई करते हुए आयुष सचिव को 25 अप्रैल 2025 के आदेश पर पुन : विचार करने को कहा है। साथ ही सभी याचिकाओं को निस्तारित कर दिया। वहीं, फार्मासिस्टों की नियुक्ति से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ ने आयु सीमा पूरी कर चुके फार्मेसिस्टों को बड़ी राहत दी है। पीठ ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह याचिकाकर्ताओं को ऊपरी आयु सीमा में छूट देने के लिए उनके अभ्यावेदन पर विचार करे।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों से नहीं होगी वसूली

**नैनीताल :** राज्य के सेवानिवृत्त शिक्षकों से अधिक वेतन भुगतान की वसूली अब नहीं होगी बल्कि सरकार इसके लिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। वित्त सचिव द्वारा यह आश्वासन गुरुवार को हाईकोर्ट में दिया गया। चम्पावत के कई सेवानिवृत्त शिक्षकों ने इस मामले को चुनौती दी थी। इसी में से एक मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ में हुई। वर्चुअल रूप से अदालत में पेश हुए प्रदेश के वित्त सचिव ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों से वसूली नहीं की जाएगी। सरकार इस मामले में नया शासनादेश जारी करेगी।



सिटी ब्रीफ

## नैनीताल में होगा नई गोशाला का निर्माण

**नैनीताल :** एसडीएम नवाजिश खलीक के निर्देश पर गुरुवार को नगर पालिका, पशुपालन विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने मल्लीताल स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गोशाला जीर्ण-क्षीण अवस्था में है। इसके जीर्णोद्धार को लेकर टीम ने विस्तृत चर्चा की। नगर पालिका के ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि वर्तमान में गोशाला की क्षमता 22 पशुओं की है। यह काफी पुरानी हो चुकी है, इसलिए इसके पुनर्निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर राज्य सरकार को भेजी जाएगी। आवश्यकता के अनुसार गोशाला को डबल स्टोरी स्वरूप में विकसित करने पर भी विचार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमा राठौर, नितिन कार्की, दया किशन पोखरिया, आशीष बजाज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जंगलों की पीड़ा पर आधारित है फिल्म, कैलाश खेर ने दी है गानों को आवाज, फिल्म के सभी कलाकार वनकर्मी

# 'फायर वारियर्स' फिल्म में दिखेंगी रामनगर की हर्षिता

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के जंगलों और उनमें लगने वाली आग की विभीषिका पर आधारित फिल्म 'डीएफओ डायरीः फायर वारियर्स' जल्द ही दर्शकों के बीच आने वाली है। मशहूर फिल्म निर्देशक महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस अनोखी फिल्म का निर्माण उत्तराखंड वन विभाग के अधिकारी डीएफओ बिज्जू लाल ने किया है। फिल्म 24 अक्टूबर को देशभर के विभिन्न प्लेटफार्मों पर रिलीज होगी।

फिल्म के संगीत को इसकी आत्मा कहा जा सकता है। हर एक सुर जलते पेड़ों की पीड़ा, नई पौधों की उम्मीद और जंगलों की रक्षा करने वालों की अदम्य भावना को सजीव करता है। प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने अपनी मधुर आवाज़ से फिल्म को नया आयाम दिया है। डीएफओ बिज्जू लाल ने न केवल इसका निर्माण किया है, बल्कि फिल्म में अभिनय भी किया है। खास बात यह है कि फिल्म में कई वास्तविक वन अधिकारी और कर्मचारी भी कलाकार के रूप में फिल्म में नजर आएंगे, जिन्होंने अपने अनुभवों को पर्दे पर जीवंत रूप दिया है।


फिल्म के पोस्टर के साथ अभिनेत्री हर्षिता कोहली एवं अन्य। ● अमृत विचार

मुख्य भूमिका में रामनगर निवासी अभिनेत्री हर्षिता कोहली नजर आएंगी। हर्षिता पहले भी कई कुमाउनी गीतों में अभिनय कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि यह फिल्म न केवल वनाग्नि की घटनाओं और जंगलों को बचाने की कठिनाइयों को दर्शाती है, बल्कि पहाड़ों में रहने वाले लोगों के संघर्षों को भी संवेदनशीलता से प्रस्तुत करती है। हर्षिता के अनुसार फिल्म में दिखाया गया है कि जब जंगलों में आग लगती है, तो वन विभाग के सामने कितनी बड़ी चुनौतियां होती हैं। पहाड़ जितने सुंदर दिखते हैं, वहां का जीवन उतना ही कठिन है। प्रकृति की रक्षा के लिए हमें खुद को पूरी तरह समर्पित करना पड़ता है। फिल्म में पिछले वर्ष अल्मोड़ा जिले के बिनसर क्षेत्र में लगी वनाग्नि की सच्ची घटना को भी शामिल किया गया है, जिसमें कुछ वनकर्मियों ने अपनी जान गंवा दी थी। इस दुखद प्रसंग को बेहद भावनात्मक ढंग से फिल्माया गया है। फिल्म में यह भी दर्शाया गया है कि वनाग्नि से न केवल जंगलों की पारिस्थितिकी और जंगली जीव-जंतु प्रभावित होते हैं, बल्कि स्थानीय समुदायों की आजीविका और जीवन पर भी गहरा असर पड़ता है। कैलाश खेर के गीतों और महेश भट्ट के निर्देशन व डीएफओ बिज्जू लाल के अभिनय के साथ यह फिल्म एक सशक्त संदेश देती है कि प्रकृति हमारी पहचान है, और इसे बचाना हमारी जिम्मेदारी भी।

# बड़ौन स्कूल के बच्चों को खिलाई गई एलबेंडाजोल


राउमावि बड़ौन में छात्रा को एलबेंडाजोल खिलाते प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा।

संवाददाता, भीमताल

**अमृतविचारः** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर ओखलकांडा ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौन के 161 छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक दवा एलबेंडाजोल खिलाई गई।

प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने छात्र-छात्राओं को दवा खिला कर कार्यक्रम की शुरुवात की। वरिष्ठ शिक्षक उमा जोशी ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व बताए और नाखून साफ और छोटे रखने के साथ ही खाने से पहले व शौच के बाद साबुन से हाथ धोने और साफ पानी पीने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर शिक्षिका प्रियंका, कमल कुमार, रघुबर सिंह चुलगाई आदि रहे।

## दोगड़ा पुलिस चेक पोस्ट का किया उद्घाटन

**नैनीताल :** जनता की सुरक्षा व स्थानीय लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भुजियाघाट क्षेत्र के दोगड़ा में पुलिस चेक पोस्ट की स्थापना की गई है। गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल पीएन मीणा ने नवनिर्मित चेक पोस्ट का उद्घाटन किया। पिछले कई वर्षों से स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र में पुलिस चौकी की मांग कर रहे थे, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर हो रही असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके और क्षेत्र में सुरक्षित माहौल बनाया जा सके। चेक पोस्ट में अपर उपनिरीक्षक श्री सुनील कुमार सहित चार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। काया मेडिकल कॉलेज की टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। सीओ नैनीताल अमित कुमार, थानाध्यक्ष तल्लीताल मनोज नयाल, काया आयुर्वेदिक कॉलेज के एमडी अशोक पाल और घनश्याम तिवारी, जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल, ग्राम प्रधान मुन्नी जीना, बीडीसी सदस्य पंकज सूर्या, प्रधान कमल जंतवाल, शेखर रहे।

अखण्ड सौभाग्य के पर्व करवाचौथ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
• EV SCHOOTERS
• EV LOADER
एक्सचेंज ऑफर
Auth. Partner
BISHT Enterprises
"NAYE BHARAT KI RAFTAAR"
आकर्षक कीमत पर उपलब्ध
32,999/-
नियम और शर्तें लागू
Sale | Service | Parts
0% DOWN PAYMENT
नीमा बिष्ट
मैनेजिंग डायरेक्टर
Sitarganj Road, Near Tharu Vikas Bhawan, Khatima
8979544583, 8171769991
Helpline no. 9760181344

# हिमालयी क्षेत्र में बढ़ती भू आपदाओं पर हुआ मंथन

### देशभर के भू-वैज्ञानिक और नीति-निर्माता सम्मेलन में जुटे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** हिमालयी क्षेत्र में बढ़ती भू-आपदाओं और उनसे उत्पन्न सामाजिक-आर्थिक प्रभावों पर विचार-विमर्श के लिए हिमालय में भू-आपदाएं और सामाजिक-आर्थिक चिंताएं विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन नैनीताल में किया गया। यह सम्मेलन हिमालयन सोसायटी ऑफ जियोसाइंटिस्ट्स (एचएसजी) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसबीपी पांडे, आईएएस (सेवानिवृत्त) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र सिन्हा, सदस्य एवं प्रमुख, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश कुमार असवाल, सदस्य एनडीएमए और युगल किशोर पंत, सचिव (सिंचाई) उत्तराखंड सरकार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथियों में डॉ. आरके भंडारी, पूर्व निदेशक, सीबीआरआई रुड़की, और आरएस गर्खल पूर्व महानिदेशक, भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग (जीएसआई), भी शामिल रहे। कार्यक्रम के संयोजक बीडी पांडे उपाध्यक्ष, एचएसजी ने जानकारी दी। जबकि आयोजक सचिव की भूमिका प्रो. केके पांडे संयुक्त सचिव एचएसजी ने अतिथियों का आभार जताया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के भू-वैज्ञानिकों, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य हिमालयी क्षेत्र में भूस्खलन, भूकंप, जलवायु परिवर्तन और मानवजनित दबावों से उत्पन्न खतरों पर चर्चा कर ठोस समाधान एवं नीतिगत सुझाव तैयार करना है। विशेषज्ञों ने कहा कि हिमालयी पारिस्थितिकी अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए यहां विकास कार्यों में संतुलन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना अत्यावश्यक है। सम्मेलन के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों में भू-आपदाओं के प्रबंधन, जोखिम


नैनीताल में हिमालय पर बढ़ती भू-आपदाओं पर मंथन करते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

# बाजार में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने रामनगर के मुख्य बाजार, कोसी रोड और चूड़ी गली में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। अतिक्रमणकारियों भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी गई। अभियान के दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि दीपावली का त्योहार नजदीक है ऐसे में मुख्य बाजार में पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि बाजार में आने वाले लोगों को परेशानी न हो इसको लेकर आज अभियान चलाया गया है। बताया कि मुख्य बाजार में एक स्थान पर शिकायत मिली थी कि एक व्यापारी द्वारा दीपावली पर कारोबार करने के लिए नगर पालिका के फुटपाथ को ही हजारों रुपए में बेचा गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को संबंधित व्यक्ति के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने को कहा गया है। एसडीएम ने कहा कि रामनगर में कारोबार करने के लिए आने वाले लोगों को अब सत्यापन करना भी जरूरी होगा। अभियान के तहत नगर पालिका और पुलिस ने 25 चालान करते हुए 18000 से अधिक का जुर्माना वसूला गया। यहां एसडीएम प्रमोद कुमार, ईओ आलोक उनियाल, जेई अनीत भंडारी, सफाई निरीक्षक लल्ला मियां, एसआई राजकुमारी, टैक्स निरीक्षक संजय मनराल आदि शामिल रहे।

## अतिक्रमण को लेकर अभियान, पांच चालान

**नैनीताल :** एसडीएम नवाजिश खलीक के दिशा-निर्देशन में नगर पालिका नैनीताल की संयुक्त टीम ने गुरुवार को शहर में अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने मल्लीताल बाजार, माल रोड और पंत पार्क क्षेत्र में निरीक्षण कर स्वच्छता एवं अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया। नगर पालिका के कर निरीक्षक दीपेंद्र बमोला ने बताया कि निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने पर पांच लोगों के खिलाफ कुल पांच हजार रुपये का चालान किया गया। दुकानदारों और राहगीरों को साफ-सफाई बनाए रखने और अतिक्रमण न करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम नवाजिश खलीक, पालिका ईओ रोहिताश शर्मा, पुलिस प्रशासन और फूड सेफ्टी ऑफिसर रहे।

## खाद्य विभाग ने दूध व खोया का भरा सैंपल


दूध का सैंपल लेते विभाग के अधिकारी।

**कालाढूंगीः** दीपावली पर्व में मिलावटखोरों को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। गुरुवार को शासन के निर्देशानुसार खाद्य एवं पूर्ति विभाग ने नयागांव तिराहे पर वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान मावे व दूध के जांच के लिए सैंपल लिए गये। खाद्य विभाग के अधिकारियों व पुलिस ने आने-जाने वाले वाहनों की जांच की।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने चार वाहनों से संदेह पर तीन खोया और एक दूध 4 के नमूनों के सैंपल लिए। वरिष्ठ खाद्य अधिकारी असलम खान ने बताया कि खाद्य कारोबार स्वामियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री को विक्रय करने, बिना बिल के खरीद न करने और स्टॉक का विवरण रखने के विशेष निर्देश दिए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंद किशोर आदि लोग मौजूद रहे।

रोहिलखण्ड कैंसर इंस्टीट्यूट बरेली
ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
कैंसर की संपूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
200 BED का Cancer अस्पताल अब आपके शहर में
NABH ACCREDITED
रेडियोथेरेपी के लिए वेरियन ट्रुबीम एसटीएक्स (लीनियर एक्सलरेटर)
High Definition MLC, SRS, SBRT, IMRT, IGRT, Rapid ARC, RGSC, VMAT, 3D CRT, 6D Couch, 3 Energy Phototherapy, 5 Energy Electron Therapy
• बरेली का एकमात्र PET CT
• पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
• सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, • रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, • डे केयर कीमो थेरेपी, • इम्यूनोथेरेपी • कैंसर आईसीयू, • फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकैमिस्ट्री • मैमोग्राफी, • कैंसर के रोकथाम की ओपीडी, • टर्मिनल कैंसर मरीजों की देखभाल • इण्टरवेशनल रेडियोलॉजी
• प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
• मुख्यमंत्री राहत कोष योजना द्वारा फ्री में इलाज की सुविधा
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
Academic Programmes
M.D. Radiation Oncology (4 Seats)
Diploma in Radiotherapy Technician (30 Seats)
अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस, नजदीक सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली उ.प्र. 243006
हैल्पलाइनः 7891235003, पैट सीटी बुकिंग के लिए +91 9811187117, आपातकालीन 9258116087
www.rohilkhandcancerinstitute.com Follow us on : /rohilkhand cancer institute

# शोध के प्रोत्साहन को 10 करोड़ का कोष स्थापित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय में शोध और नवाचार को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत ने 10 करोड़ रुपये के शोध कोष की स्थापना की है। विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद द्वारा अनुमोदित यह निर्णय उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

कुलपति प्रो. रावत ने बताया कि इस कोष का उद्देश्य विश्वविद्यालय में उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्यों को बढ़ावा देना, युवा शोधार्थियों और प्राध्यापकों को नवीन विचारों एवं नवाचारों पर कार्य करने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। कोष से प्राप्त ब्याज राशि का उपयोग प्रतिवर्ष विभिन्न शोध परियोजनाओं, प्रकाशनों, पेटेंट और तकनीकी नवाचारों को प्रोत्साहित करने में किया जाएगा। कहा कि विश्वविद्यालय में आंतरिक अनुसंधान वित्त पोषण की शुरुआत वर्ष 2023 में की गई थी, जो विश्वविद्यालय के मुद्रण कार्यों में हुई बचत से प्रारंभ हुई थी। इस पहल से प्रेरित होकर पिछले दो वर्षों से उत्तराखंड सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को 3 करोड़ रुपये का विशेष अनुदान शोध को प्रोत्साहित करने को प्रदान किया जा रहा है, जो कुलपति के अनुरोध पर स्वीकृत हुआ था।

# गर्ल्स फुटबॉल में सैनिक स्कूल का कब्जा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** ऑल सेंट्स कॉलेज में चल रही 6वां शेर्रेड मेमोरियल इंटर स्कूल गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की टीम का कब्जा रहा। फाइनल में ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू टीम और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय रेड टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय रेड टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-1 से विजय प्राप्त की। विजेता टीम की ओर से उमा बोरा ने दो गोल और बबली गड़िया ने एक गोल किया, जबकि ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू टीम की ओर से एकमात्र गोल नंदिनी बिष्ट ने दागा।

टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अल्फा स्पोर्ट्स मोस्ट प्रॉमिसिंग प्लेयर अवॉर्ड मोहन लाल साह बालिका विद्यालय की आरती और सनवाल स्कूल की यशस्वी को से प्रदान किया गया। भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की नीरू कोहली को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर, हिमानी गैड़ा को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर, सेंट मेरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज की गरिमा सिंह को सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर, और ऑल सेंट्स कॉलेज की नंदिनी बिष्ट को सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड घोषित किया गया। बबली गड़िया को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। मुख्य अतिथि आयुक्त दीपक रावत ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में डॉ. मनोज बिष्ट, प्रेम रावत, अहमर एहसान, शेर बोरा, महेश चन्द, बृजेश बिष्ट और अनिल रावत रहे।


विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते मंडल आयुक्त दीपक रावत।

## देहरादून व यूपी पुलिस के बीच फाइनल भिड़ंत

**नैनीताल :** नैनीताल हॉकी एकेडमी की अखिल भारतीय 5-ए साइड महिला हॉकी प्रतियोगिता तीसरे दिन गुरुवार को सेमी फाइनल मुकाबले खेले गए। जिसमें देहरादून और यूपी पुलिस ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमों के बीच खिताबी भिड़ंत आज शुक्रवार को होगी। मुख्य अतिथि नैनीताल विधायक सरिता आर्या रहीं। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में देहरादून ने भिलाई को 5-4 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में यूपी पुलिस ने हरिद्वार को 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रेफरी मंजुल सनवाल, डॉ. मनोज बिष्ट, देवेंद्र बोरा, सुनील कुमार रहे। तकनीकी सलाहकार संजय गुप्ता, दीपक साह, गिरीश भट्ट, राजेश साह रहे। कार्यक्रम संचालन हेमंत बिष्ट और हरीश सिंह राणा ने किया।

खेल-खिलाड़ी

### संकुल छोई के माध्यमिक विद्यालयों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छोई के खिलाड़ियों का दबदबा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** माध्यमिक विद्यालयों की संकुल छोई की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छोई के खिलाड़ी छाये रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ राइका छोई के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र जोशी और भूपेंद्र कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य, किशनपुर छोई ने संयुक्त रूप से किया।

अंडर 14 बालक 100 मीटर दौड़ में दीक्षित कुमार, राइका छोई प्रथम, 200 मीटर, 400 मीटर में मयंक कुमार राइका छोई प्रथम, 600 मीटर में अरुण सिंह बिष्ट विद्या मंदिर छोई प्रथम, लंबी कूद में मनोज कुमार राइका छोई प्रथम गोला फेंक, चक्का फेंक में सूरज गोस्वामी राइका छोई प्रथम स्थान पर रहे। अंडर 14 बालिका 100 मीटर, 400 मीटर दौड़ में डॉली आर्या राइका छोई प्रथम, लंबी कूद, गोला फेंक में अंकिता राइका क्यारी प्रथम, 600 मीटर दौड़ वेदिका सुयाल राइका छोई प्रथम रही।

अंडर 17 बालक 100 मीटर में अरमान फर्त्याल विद्या मंदिर छोई प्रथम, 200 मीटर, त्रिकूद में हीरा सिंह राइका छोई प्रथम रहे। 400 मीटर दौड़, लंबी कूद में हर्षवर्धन विद्या मंदिर छोई प्रथम, गोला, चक्का फेंक में भरत सिंह विद्या मंदिर छोई प्रथम, भाला फेंक, तार गोला फेंक में देव सिंह नेगी राइका छोई प्रथम रहे। अंडर 17 बालिका 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ लक्ष्मी राइका छोई प्रथम, गोला, भाला फेंक में मानसी बिष्ट राइका क्यारी प्रथम रही। अंडर 19 बालक में 400 मीटर, चक्का फेंक में राहुल सिंह विद्या मंदिर छोई प्रथम, 1500 मीटर, 3000 मीटर में हर्षित सिंह प्रथम अंडर 19 बालिका में 100 मीटर, 200 मीटर में दीक्षा राइका क्यारी प्रथम, लंबी कूद में संजना जोशी राइका छोई प्रथम रहीं। प्रतियोगिता में नवीन चंद्र जोशी, महेश सिंह बिष्ट, गोविंद माधव स्वर्णकार, महेंद्र आर्या ने निर्णायक की भूमिका अदा की। इस दौरान रमेश सत्यवली, एस के शुक्ला, अमर सिंह, वीरेंद्र कुमार, शिवानी जोशी, रश्मि देवी मौजूद रहे।


आईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## टेनिस में दिल्ली को हराकर चैपिंयन बना यूपी

**कालाढूंगी :** बैलपड़ाव में आईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट 200 पांच द्विवसीय प्रतियोगिता का समापन हो गया है। 60 आयु वर्ग डबल्स इवेंट के फाइनल मैच में मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के यशपाल अरोरा व अरुन अग्रवाल, दिल्ली ने विश्व स्तरीय खिलाड़ी पवन जैन व राकेश कोहली को 6-7, 6-3, 10-5 से सुपर टाई ब्रेक मे जीतकर विजेता ट्राफी पर कब्जा किया। 75 आयु वर्ग सिंगल्स इवेंट मैच में घनश्याम लाल साह, नैनीताल को फाइनल में वॉकओवर मिलने के कारण विजेता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। डबल्स में योगेश कोहली व विभा चौधरी, दिल्ली ने भावना बिष्ट व महेंद्र माही को फाइनल में पराजित कर ट्राफी पर कब्जा किया। एकेडमी के डायरेक्टर देवेन्द्र सिंह रावत ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। ब्रिज मोहन सिंह बिष्ट, रिटायर्ड मैनेजर एसबीआई, डीएनएस बिष्ट, रिटायर्ड आईजी व शंकर दत्त सती मौजूद रहे।

## रेस्टोरेंट में शराब पीते पकड़ा, आठ पर कार्रवाई

**नैनीतालः** मल्लीताल क्षेत्र स्थित एक होटल में पुलिस ने छापेमारी के दौरान ग्राहकों को शराब पीते हुए पकड़ा। मौके पर रेस्टोरेंट संचालक समेत आठ लोगों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम एसएसआई दीपक बिष्ट मल्लीताल क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने मल्लीताल स्थित पायल रेस्टोरेंट में छापा मारा, जहां कई युवक शराब पीते हुए मिले। पुलिस को देखते ही युवक भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने सभी को मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक देवेंद्र सिंह सहित रोहित, अनिल, अभिषेक, गौरव, गोविंद राम, गणेश कुमार और संजय को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। पुलिस ने नियमों के तहत आठों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की है।

## सिटी ब्रीफ

### कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी

**हल्द्वानी :** भीम आर्मी ने बामसेफ संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बुद्ध पार्क में उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने समाज सेवा और वंचित तबके में राजनीतिक जागरूकता के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर और पेरियार के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हजारों किमी तक साइकिल से यात्रा की। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज वंचित वर्ग राजनीति और समाज में इतना महत्वपूर्ण स्थान बनाए हुए है। साथ ही अभी और भी संघर्ष करने की आवश्यकता है। नफीस अहमद खान, फिरो खान, दीपक चनियाल, आरपी गंगोला, महेश चंद्र आर्य, पंकज, जीआर आर्य, हरीश लोधी, जीतराम, खीम चंद्र आर्य, आकाश भारती, संजय कुमार टम्टा, राजू राजभर, मोहम्मद नौशाद थे।

### योग प्रतियोगिता में बना महिला कॉलेज विजेता

**हल्द्वानी :** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय डिग्री कॉलेज खटीमा में इंटर यूनिवर्सिटी योग प्रतियोगिता में महिला वर्ग में राजकीय महिला डिग्री कॉलेज ने प्रथम स्थान हासिल किया और रामनगर में द्वितीय स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग में एमबीपीजी कॉलेज ने प्रथम स्थान और रामनगर ने दूसरा स्थान हासिल किया। महिला कॉलेज की शिवानी कार्की, दीक्षा मेहरा, मीनाक्षी पंत, निकिता पवार, नेहा धानक, रिया नैनवाल ने कॉलेज की योग प्रशिक्षिका ज्योति चुफाल के निर्देशन में कॉलेज का नाम रोशन किया। उपलब्धि पर प्राचार्या डॉ. आभा शर्मा सहित समस्त प्राध्यापकों ने खुशी व्यक्त की है।

### हवाओं के रुख से मैदान में पारा हुआ धड़ाम

**हल्द्वानी :** अक्टूबर माह में हवाओं का रुख बदला तो मौसम में परिवर्तन हो गया है। दिन के समय धूप निकल रही है लेकिन सुबह और शाम लोगों को हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। शहर में हल्की ठंडी हवाओं के चलते अधिकतम तापमान 30 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 18 .8 डिग्री रहा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार नैनीताल जिले में आने वाले दिनों में बारिश की संभावना है लेकिन बीच-बीच में बादल छाए रहेंगे। पहाड़ों में दिन के समय भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मुक्तेश्वर पारा 18 .4 डिग्री रहा।

### बागजाला का 53वें दिन भी धरना जारी

**हल्द्वानी :** मालिकाना हक, निर्माण पर लगी रोक हटाने और पंचायत चुनाव के अधिकार समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर बागजाला के ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना 53वें दिन भी पूरे जोश के साथ जारी रहा।

# खेल प्रतियोगिताओं में 31वीं वाहिनी अव्वल

## नैनीताल पुलिस की मेजबानी में 23वीं प्रादेशिक अंतर्जनपदीय,वाहिनी पुलिस तैराकी व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** नैनीताल पुलिस की मेजबानी में 23वीं प्रादेशिक अंतर्जनपदीय,वाहिनी पुलिस तैराकी व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को गौलापार तीनपानी रोड पर 10 किमी क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया।

इस रोमांचक मुकाबले में प्रदेश भर के पुलिस जवानों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 31वीं वाहिनी पीएसी, रुद्रपुर के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला, जिसने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में टीम चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग की 10 किमी दौड़ में कुल 62 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें 31वीं वाहिनी पीएसी के कांस्टेबल महेंद्र सिंह बिष्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। जनपद पिथौरागढ़ के कांस्टेबल गौरव बिष्ट ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि 31वीं वाहिनी पीएसी के ही कांस्टेबल सूरज नयाल तीसरे स्थान पर रहे। टीम चैंपियनशिप में भी 31वीं वाहिनी पीएसी, रुद्रपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान की ट्रॉफी पर कब्जा किया। 40वीं वाहिनी पीएसी, हरिद्वार ने दूसरा और जनपद उधम सिंह नगर की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


फुटबाल प्रतियोगिता में बीएलएम एकेडमी व डीपीएस के बीच हुए मैच के दौरान खिलाड़ी।


मिनी स्टेडियम में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

### महिला वर्ग में अल्मोड़ा की मंजू गोस्वामी अव्वल

महिला वर्ग में 13 खिलाड़ियों ने भाग किया। अल्मोड़ा की कांस्टेबल मंजू गोस्वामी ने समय के साथ दौड़ पूरी कर प्रथम रहीं। 31वीं वाहिनी पीएसी की महिला कांस्टेबल मीनी गोस्वामी और ममता तिवारी ने दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिलाओं की टीम चैंपियनशिप का खिताब भी 31वीं वाहिनी पीएसी, रुद्रपुर के नाम रहा, 40वीं वाहिनी पीएसी, हरिद्वार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### बीएलएम समेत चार स्कूल सेमीफाइनल में पहुंचे

**हल्द्वानी :** बिठौरिया यूनाइटेड फुटबॉल क्लब की ओर से आयोजित नैनीताल जिला इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन खेले गए सभी चार क्वार्टर फाइनल मैचों का फैसला पेनल्टी शूटआउट के जरिए हुआ। कड़े संघर्ष के बाद महात्मा गांधी इंटर स्कूल, डॉन बॉस्को, बीएलएम स्कूल और सरस्वती स्कूल ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। पहला क्वार्टर फाइनल महात्मा गांधी इंटर स्कूल और एवरग्रीन स्कूल के बीच हुआ, जिसमें महात्मा गांधी इंटर स्कूल ने पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से जीत दर्ज की। दूसरे रोमांचक मुकाबले में डॉन बॉस्को स्कूल ने बीरशिबा स्कूल को शूटआउट में 4-2 से मात देकर अंतिम चार में प्रवेश किया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में डीपीएस स्कूल और बीएलएम स्कूल के बीच मैच में बीएलएम स्कूल 4-2 से विजयी रहा। अंतिम क्वार्टर फाइनल में सरस्वती स्कूल ने क्वींस स्कूल को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुख्य अतिथि के रूप में शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक रमेश शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। निर्णायक की भूमिका मैच कमिश्नर किशोर पाल, त्रिभुवन नितवाल, आनंद देव, भोपाल सिंह, सूरज गोस्वामी और मोहित नौटियाल ने निभाई। आयोजन अध्यक्ष चेतन बल्यूटिया ने सभी टीमों के प्रदर्शन की सराहना की। टूर्नामेंट के आयोजक वीरू कालाकोटी ने बताया कि आज शुक्रवार को 10 अक्टूबर को सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

### पिथौरागढ़ को ओवरऑल चैंम्पियनशिप का खिताब

**हल्द्वानी :** मिनी स्टेडियम में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन गुरुवार हो हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबलों के बाद जनपद पिथौरागढ़ को प्रतियोगिता का ओवरऑल चैम्पियन घोषित किया गया। स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि पौड़ी जनपद तीसरे स्थान पर रहा ।प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर-14, अंडर-17, और अंडर-19 बालक वर्ग के साथ-साथ अंडर-17 और अंडर-19 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में युवा मुक्केबाजों ने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# सीईओ की कार्यशैली पर फूटा शिक्षकों का गुस्सा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अपर शिक्षा निदेशक गजेंद्र सिंह सौन के साथ शिक्षकों के तीन प्रमुख संगठनों की महत्वपूर्ण वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान संगठनों के पदाधिकारियों ने जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की और उनके खिलाफ 10 बिंदुओं का मांगपत्र अपर निदेशक को सौंपा।

वार्ता के दौरान पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मुख्य शिक्षा अधिकारी पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर कार्य कर रहे हैं। जिससे जनपद के शिक्षकों का मनोबल लगातार गिर रहा है। संगठन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसे कार्यों का वह विरोध करते हैं और अधिकारियों से हस्तक्षेप कर मुख्य शिक्षा अधिकारी के व्यवहार व कार्यशैली में तत्काल सुधार लाने की मांग की। इसके साथ ही वर्षों से कार्यालयों में अटके खेल शिक्षक व अन्य शिक्षकों को विद्यालयों में पुनः भेजे जाने की मांग भी जोर-शोर से उठाई गई। इस दौरान राजकीय शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष गिरीश चंद जोशी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, प्राथमिक शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी, मंत्री बंशीधर कांडपाल और कोषाध्यक्ष नवीन चंद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन का मार्ग अपनाने को बाध्य होंगे।


अपर निदेशक गजेंद्र सिंह सौन से मुलाकात करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, युवक की जान गई

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा नेशनल हाईवे-309 पर रामनगर-काशीपुर मार्ग के समीप तेलीपुरा के पास हुआ। दोनों बाइकों के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हुई, जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।


प्रशांत। फाइल फोटो

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को रामनगर संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। हालांकि उपचार के दौरान रामनगर के टेड़ा रोड लखनपुर निवासी प्रशांत रावत पुत्र कृपाल सिंह रावत की मौत हो गई, दूसरे घायल युवक की पहचान भरत निवासी मौलेखाल के रूप में हुई है। भरत की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। प्रशांत की मां विमला रावत नगर पालिका की पूर्व सभासद हैं। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में लिया। प्रशांत रावत की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि गत रात्रि टेड़ा रोड निवासी प्रशांत रावत और मौलेखाल निवासी भरत की बाइकों की तेलीपुरा के पास आमने-सामने टक्कर में प्रशांत की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विपुल भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष बने

**हल्द्वानीः** भारतीय जनता युवा मोर्चा में शीर्ष स्तर पर संगठन में फेरबदल किया है। ऋषिकेश के विपुल मैंदोली को भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष जिम्मेदारी दी गई है।


विपुल मैंदाली

विधानसभा चुनाव में अब करीब सवा साल का समय रह गया है। ऐसे में भाजपा ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया है। मैंदोली इससे पहले भाजयुमो में प्रदेश महामंत्री थे। अभी बारिश के दिनों में आई आपदा के दौरान उन्होंने आपदा पीड़ितों के पुनर्वास का मुद्दा उठाया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने इसकी घोषणा की है। नैनीताल जिले के दीपेंद्र कोश्यारी को प्रदेश महामंत्री बनाए गए हैं। दीपेंद्र भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के रिश्तेदार हैं। टिहरी जिले के मुलायम सिंह रावत उफ रोहित को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है।

# जेजेएम के तहत बिछाई घटिया पेयजल लाइन, ग्रामीणों ने किया एई का घेराव

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जयपुर पाडली गांव में सालों से जारी जल संकट के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश आखिरकार फूट पड़ा। जयपुर पाडली के ग्रामीणों ने गुरुवार को तिकोनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के नोडल और एई हरीश पंत का घेराव कर जोरदार नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के तहत योजना पूरी होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन आज भी 50 प्रतिशत से अधिक घर पानी की एक बूंद को तरस रहे हैं। कहा कि जल संस्थान ने प्लास्टिक की घटिया पाइपलाइन बिछाकर ग्रामसभा को नर्क बना दिया है। नई लाइनें तो काम नहीं कर रहीं,


जल संस्थान के एई को ज्ञापन देते हुए जयपुर पलड़िया के ग्रामीण। ● अमृत विचार

> जयपुर पाडली में ग्रामीणों की शिकायत पर लाइनों की टेस्टिंग की जा रही है। 50 प्रतिशत से अधिक घरों में पानी नहीं पहुंचने के आरोपों का संज्ञान लिया जा रहा है।
> **-हरीश पंत,** नोडल, जेजेएम, हल्द्वानी

बल्कि पुरानी जलापूर्ति व्यवस्था भी ठप हो गई है। कहा कि घर-घर नल तो लगे हैं, पर नलों में जल नहीं है। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार और विभाग पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि योजना का उद्घाटन अब तक नहीं हुआ है और यदि शीघ्र ही पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई, तो वे बड़े आंदोलन की राह पर उतरेंगे। ग्रामीणों ने मांग की कि वादे नहीं, अब पानी चाहिए। रोहित सांगुड़ी, टीकम महरा, मनीष पड़लिया, रुचि नैनवाल, राम सिंह नेगी, पंकज पंत, नवीन चीलवाल, हिमांशु पड़लिया, वसीम अली, प्रद्युम्न तिवारी, उमेश नैनवाल, लाल सिंह नेगी, राम सिंह नेगी रहे।

## चार साल से कम के बच्चों के लिए नहीं देंगे सिरप

**रामनगरः** उत्तरांचल औषधि व्यवसाई महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में विगत दिनों राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में कफ सिरप के सेवन से हुई बच्चों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य सचिव एवं अपर आयुक्त, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशों के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के सभी दवा विक्रेता 4 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार का कफ सिरप नहीं देंगे। तथा 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को भी केवल चिकित्सक की सलाह पर ही दें। महासंघ ने कहा वह नशा मुक्ति अभियान में पूर्ण रूप से सहयोगी हैं। कुछ महीनों से प्रदेश भर में पुलिस की उपस्थिति में औषधि दुकानों पर निरीक्षण एवं व्यवसायियों की कार्यवाही से दवा विक्रेताओं में गहरा रोष व्याप्त है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बीएस बनकोटी एवं संचालन सचिव अमित गर्ग ने किया।

# इनरव्हील क्लब ने पशुओं की सेवा की


पशुओं के लिए चारा लेकर पहुंचीं क्लब की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** इनरव्हील क्लब के सदस्यों द्वारा गुरुवार को आश्रय केयर सेंटर पंचायत घर पर पशुओं के लिये चारा, भूसी, कुट्टी, चने की चूरी, गुड़ (सभी 1-1 क्विंटल) प्रदान किया ।

क्लब की सभी सदस्यों ने गायों को रोटी, कच्ची सब्जी और गुड़ खिलाया तथा घायल कुत्तों को दूध व ब्रेड खिलाया। सभी पशुओं की सेवा की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मधुर अग्रवाल, सचिव निवेदिता पांडे, शशि खंडेलवाल, रीता गुप्ता, रेनू शारदा, आशा दरम्वाल, प्रीति,रेखा, बेला, किरन भट्ट व सारिका रहीं।

## लाइन मेंटेनेंस के चलते आठ बिजलीघर रहे बंद

**हल्द्वानीः** दीवाली से पहले बिजली आपूर्ति को बेहतर और दुरुस्त बनाए रखने के लिए यूपीसीएल ने गुरुवार को शहर के आठ प्रमुख बिजलीघरों में लाइन मेंटेनेंस और जांच कार्य शुरू किया। इस कारण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जिन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप रही, उनमें कालाढूंगी चौराहा, तेहर बीघा, सुभाष नगर, काठगोदाम, शीश महल, रानीबाग, गौलापार और फूलचौड़ के इलाके शामिल हैं। शहरी विद्युत खंड के ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि दीपावली के दौरान लोड बढ़ता है, इसलिए समय से पहले लाइनें, ट्रांसफॉर्मर और बिजलीघरों की जांच जरूरी है।

# मांगों को लेकर प्रमुख को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** विकासखंड ओखलकांडा में विभिन्न मांगों को लेकर क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं के ग्रामीणों ने नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख के डी रूबाली को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम सभा कुकना, धैना, कैड़ा गांव के ग्रामीणों ने कैडा गांव रीठा साहिब पहुंच मोटर मार्ग, कुकना से देवली पहुंच मोटर मार्ग, जंगली जानवरों से बचाव के लिए घेरबाड़, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, कैडा गांव हाई स्कूल का उच्चीकरण, जूनियर विद्यालय कैड़ा गांव में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि कैड़ा गांव का जूनियर विद्यालय जो पांच वर्षों से शिक्षक विहीन है। क्षेत्र के बच्चे शिक्षक न होने के कारण 6 किलोमीटर दूर घने जंगल से चंपावत जिले के बिनवाल गांव के विद्यालय में जाते हैं। इस क्षेत्र के लोगों की बच्चों को लेकर गहरी पीड़ा से अवगत कराया । ब्लाक प्रमुख ने सभी क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रयास किए जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में पूर्व ग्राम प्रधान कूकना मदन सिंह नौलिया, गणेश सिंह नेगी, केसर सिंह धौनी, प्रकाश सिंह कैड़ा, गंगा सिंह कैड़ा, ध्यान सिंह कैड़ा भीम सिंह कुटोला व तारा सिंह नेगी आदि अन्य लोग उपस्थित रहे


ब्लॉक प्रमुख ओखलकांडा को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार




कार्यक्रम | सीआरसी नगर में दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण परीक्षण शिविर का आयोजन

# विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए 89 चिह्नित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** समग्र शिक्षा के तत्वावधान में अलीमको कानपुर के विशेषज्ञों के सहयोग से गुरुवार को जेल रोड स्थित सीआरसी नगर में दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जनपद के विद्यालयों में अध्ययनरत 18 वर्ष तक की आयु के विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए किया गया।

शिविर में बच्चों का परीक्षण कर उन्हें विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए चिह्नित किया गया, जिसमें कैलीपर, वॉकिंग कैन, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, मोटराइज्ड स्कूटर, हियरिंग एड, टीएलएम किट, ब्रेल किट, स्मार्टफोन, स्मार्ट केन, रोलेटर, एल्बो क्रच आदि शामिल हैं। यह सभी उपकरण नवंबर में एक वितरण शिविर के माध्यम से बच्चों को प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान कुल 156 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से 89 बच्चों को सहायता उपकरणों के लिए चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त, चिकित्सा विभाग की विशेषज्ञ टीम की ओर से 16 बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाए। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ हर्ष सिंह ऐरी, मनोचिकित्सक हिमांशु कांडपाल, ईएनटी सर्जन कविता लोहानी, नेत्र विशेषज्ञ स्नेही कन्याल एवं मनोचिकित्सक युवराज पंत की ओर से परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी किए गए। समाज कल्याण विभाग से राहुल आर्य व जिला पुनर्वास केंद्र से कविता भट्ट ने बच्चों को शासन की योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति, भरण-पोषण भत्ता, बस पास, सुरक्षा बीमा आदि के बारे में जानकारी दी। जिला समन्वयक मदन मोहन जोशी, अमित सनवाल, जिला अभियंता गोकुल नेगी, हरीश बिष्ट, मुकुल जोशी, गीता आर्या रहे।


जेल रोड चौराहे स्थित सीआरसी में आयोजित प्रपत्र जांच शिविर।

# नीरज साह सीनियर राष्ट्रीय ऑर्बिटर बने

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी के शतरंज कोच नीरज साह बने शतरंज के सीनियर राष्ट्रीय आर्बिटर बनाए गए हैं। अखिल भारतीय शतरंज संघ एवं जम्मू कश्मीर शतरंज एसोसिएशन की ओर से जम्मू में दो दिवसीय सीनियर राष्ट्रीय आर्बिटर सेमिनार कराया गया। इस सेमिनार और परीक्षा के बाद दीक्षांत स्कूल के शतरंज कोच नीरज साह को सीनियर राष्ट्रीय आर्बिटर को फीडे ने अधिकृत कर दिया है।


नीरज साह।

नीरज साह शतरंज में नैनीताल चैंपियन, राज्य चैंपियन, और कुमाऊं विश्वविद्यालय चैंपियन रह चुके हैं। ओपन राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। राष्ट्रीय प्रशिक्षक की उपाधि भी फिडे से प्राप्त कर चुके हैं। उनकी उपलब्धि पर प्रधानाचार्य रूपक पांडे, निदेशक समित टिक्कू, एकेडमिक निर्देशिका स्मृति टिक्कू, किशन तिवारी, दीपक पाल आर्य, उत्तराखंड शतरंज संघ के महासचिव संजीव चौधरी ने शुभकामनाएं दीं। ल जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष समित टिक्कू ने कहा नीरज के अनुभव का लाभ शतरंज के खिलाड़ियों को मिलेगा।



# एमएसपी समेत मांगों को लेकर किसानों ने मंडी गेट किया बंद

## किसानों ने किया धरना प्रदर्शन, कुछ मांगों पर सहमति के बाद धरना किया स्थगित

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** किसानों ने एमएसपी पर धान खरीद करने की मांग करते हुए मंडी गेट बंद कर धरना प्रदर्शन किया। मंडी अधिकारियों के किसानों की कुछ मांगे मान लेने, जबकि कुछ अन्य मांगों पर बैठक कर निस्तारित करने के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना स्थगित कर दिया।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू के नेतृत्व में सुबह 11.30 बजे सैकड़ों की संख्या में किसान मंडी समिति में एकत्र हुए। किसानों ने धरना देते हुए मंडी समिति के क्रय केंद्रों पर आरोप लगाया। बताया कि क्रय केंद्रों पर मिल मालिकों के आदेश पर धान की कटौती की जा रही है। धान की वैरायटी 126, 131 की खरीद भी मिल मालिकों के कहने पर नहीं हो रही है। अगर धान की वैरायटी 126, 131 को खरीदना नहीं था, तो धान बुवाई के समय किसानों को क्यों नहीं बताया गया। किसानों ने एमएसपी पर धान खरीदने की मांग की है। कहा कि जो धान की वैरायटी प्रतिबंधित है, उसे अधिकारी लिख कर दें। किसानों के धरने की सूचना पर धरना स्थल पर मंडी समिति के सचिव योगेश तिवारी, आरएफसी के डिप्टी आरएमओ दिनेश आर्य, एसएमओ अतुल चतुर्वेदी, मार्केटिंग इंस्पेक्टर सुधीर चौधरी, एडीओ संजय मयान पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान मानने को तैयार नहीं हुए। इस मौके पर अधिकारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई। अधिकारियों से पहले दौर की वार्ता विफल होने के बाद किसान आक्रोशित हो गए। किसानों ने मंडी समिति गेट बंद कर दिया और जमकर नारेबाजी की। किसानों ने मांग पूरी नहीं होने पर धरना अनिश्चितकाल तक चलाने का ऐलान कर दिया। इसके बाद अधिकारियों ने किसानों से दूसरे दौर की वार्ता की। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि धान की वैरायटी 131 की क्रय केंद्रों पर खरीद होगी, लेकिन 126 वैरायटी के लिए वार्ता की जाएगी। 131 वैरायटी की खरीद होने की सहमति पर किसानों ने धरना शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दिया। मंडी समिति के सचिव योगेश तिवारी ने बताया कि 131 वैरायटी के धान की खरीद होगी, 126 की खरीद को लेकर शुक्रवार को किसानों के साथ वार्ता की जाएगी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने बताया कि धरना स्थगित किया है। शुक्रवार को यदि धान की वैरायटी 126 की खरीद पर सहमति नहीं बनी तो धरना फिर शुरू करेंगे। शुक्रवार को मिल एसोसिएशन, आरएफसी और किसानों की बैठक होगी। इस मौके पर जितेंद्र सिंह जीतू, मनप्रीत, प्रताप विर्क, गगन विर्क, सोनू बाजवा, गुरसेवक, अमृतपाल, हरदीप सिंह, सरवन सिंह आदि किसान रहे।



काशीपुर के मंडी गेट के पास धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

## गदरपुर के युवक से शादी करने वाली बांग्लादेशी महिला हुई गिरफ्तार

**रुद्रपुर:** पुलिस ने गदरपुर के युवक से शादी करने वाली बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक रजिया बेगम निवासी ग्राम पन्जोरा, थाना कालीगंज, जिला गाजीपुर (बांग्लादेश), वर्ष 2019 में फेसबुक के माध्यम से नाजिम कुरेशी निवासी इस्लामनगर, गदरपुर से संपर्क में आई। दोनों के बीच मित्रता बढ़ी और रजिया वर्ष 2019 में वैध पासपोर्ट व वीजा पर भारत आ गई। 31 मई 2019 को रजिया ने नाजिम से विवाह कर लिया। इसके उपरांत वह वीजा समाप्त होने पर वापस बांग्लादेश गई और पुनः वीजा लेकर भारत लौटी। 30 दिसंबर 2020 को वीजा की अवधि समाप्त होने और मई 2024 में पासपोर्ट की वैधता खत्म होने के बाद भी रजिया भारत में अवैध रूप से रह रही थी। बताया कि वर्ष 2022 से अगस्त 2025 तक रजिया अपने पति नाजिम के साथ हरियाणा में निवासरत रही। जिसके बाद वह पुनः गदरपुर में आकर रहने लगी। जिसकी भनक लगते ही पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

# साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा हथियार है जागरूकता

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा हुए छात्रों से रूबरू
- छात्रों को नशे से दूर रहने एवं साइबर सुरक्षा का पढ़ाया पाठ

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने कहा कि साइबर ठगी से बचने का प्रमुख हथियार, सतर्कता एवं जागरूकता है। उन्होंने छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आने वाले फर्जी ज्ञान की पहचान करें। उसे अपने तक ही रखें, आगे फॉरवर्ड न करें।

राजकीय इंटर कॉलेज में पुलिस ने प्रेजेंटेशन, वीडियोज़ एवं लाइव उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को नशा, साइबर सुरक्षा, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों और सोशल मीडिया दुरुपयोग के प्रति जागरूक किया। इस दौरान एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि युवा नशे और गलत संगत से दूर रहकर अनुशासित रहें क्योंकि युवा देश के भविष्य हैं। अगर कोई नशे चंगुल में फंसता हुआ दिखे तो उसे सुधारने का प्रयास करें। पुलिस या नशा मुक्ति हेल्पलाइन से संपर्क करें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने छात्रों को डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग और फ़ेक लिंक या क्यूआर कोड स्कैम जैसी घटनाओं को समझाया। उन्होंने छात्रों को सतर्क किया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या लिंक पर भरोसा न करें और तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।

इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी बीएस धौनी, निरीक्षक नरेश चौहान, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, एएचटीयू प्रभारी बसंती आर्य, एसएसआई विक्रम धामी, एसआई सुरेंद्र बोरा प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी आदि मौजूद रहे।



राइंका में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा।

### छात्र मोबाइल व सोशल मीडिया पर न करें समय बर्बाद

**शक्तिफार्म** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने कहा कि छात्र मोबाइल एवं सोशल मीडिया पर समय बर्बाद न करें। इसका दुरुपयोग न केवल कानूनी परेशानी पैदा कर सकता है, बल्कि मानसिक तनाव का कारण भी बन सकता है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि सोशल मीडिया पर निजी जानकारी या फोटो शेयर न करें। उन्होंने छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, मोबाइल फोन के प्रयोग से होने वाले खतरों और ओवरस्पीडिंग के दुष्परिणामों से भी जागरुक किया। उन्होंने कहा कि एक छोटी सी गलती भी बड़ा हादसा बन सकती है।

# पंत विवि में किसान मेला आज से

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत विश्वविद्यालय में शुक्रवार से प्रारंभ होने वाले प्रसिद्ध किसान मेले का उद्घाटन गांधी मैदान में 2 बजे मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह करेंगे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी उपस्थित रहेंगे। मेले के उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि मेले में लगी उद्यान प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे।

कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ.जितेन्द्र क्वात्रा, निदेशक शोध डॉ.सुभाष चंद्र एवं निदेशक संचार डॉ.जेपी जायसवाल मेले में लगाये गये विभिन्न महाविद्यालयों एवं अन्य संस्थाओं के स्टॉलों का अतिथियों को भ्रमण कराएंगे। मेले का उद्घाटन समारोह गांधी हाल में आयोजित होगा। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ.जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि किसान मेले का विशेष आकर्षण स्मार्ट एवं डिजिटल कृषि और नवाचार पर आधारित मॉडल विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित किए जाएंगे। स्टार्टअप के माध्यम से उद्यमी बनने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही मेले में मशरूम की चाय भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा 'श्रीअन्न' से बने उत्पादों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। मेले में विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नई फसलों की प्रजातियां, कृषि यंत्र, पशु उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य सामग्री किसानों को प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक 400 से अधिक स्टाल लगाए जा रहे हैं। जिनमें देशभर से 200 से अधिक बड़े स्टॉल धारक एवं अनेक छोटे उद्यमी शामिल होंगे।

### राज्यपाल गुरमीत सिंह आज जीबी पंत विवि में

**रुद्रपुर :** राज्यपाल उत्तराखंड लेफ्टिनेंट जनरल( सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यक्रम पर गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर में पहुंचेंगे। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल 10 अक्टूबर को 12.15 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट से हवाई जहाज से प्रस्थान कर 1 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से कार द्वारा प्रस्थान कर 1.10 बजे तराई भवन गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। राज्यपाल 2.10 बजे तराई भवन गेस्ट हाउस कार द्वारा प्रस्थान कर गांधी ऑडिटोरियम पंतनगर पहुंचेंगे। 3.55 बजे गांधी हॉल पंतनगर विश्वविद्यालय से प्रस्थान कर पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां से 4.10 बजे हवाई मार्ग से देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

### कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी भी आएंगे

**रुद्रपुर :** कैबिनेट मंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री शुक्रवार को 10.55 बजे एनेक्सी अतिथि गृह पंतनगर से कार द्वारा प्रस्थान कर कृषि कुंभ मेले के उद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करेंगे। 12.30 बजे पंतनगर से कार द्वारा देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

# शहर की समस्याओं के लिए की विस्तार से चर्चा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** शहर की समस्याओं के हल के लिये विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान समस्याओं के समाधान के लिये सुझाव दिये गये।

गुरुवार को जिला विकास प्राधिकरण के जिला उपाध्यक्ष जय किशन की अध्यक्षता में बाजपुर रोड स्थित एक होटल में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्तमान में लागू काशीपुर महायोजना 2011 जिसमें सुधार के लिये प्रस्तावित महायोजना 2041 के प्रारूप, प्रस्तावित 07 मुख्य चौराहों का चौड़ीकरण एवं सौंदर्गीकरण की परियोजनाओं, काशीपुर से संबंधित सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक परिदृश्य से संबंधित स्थल जैसे गिरिताल, द्रोणा सागर, बाल सुंदरी देवी मंदिर व मोटेश्वर महादेव मंदिर के हेरिटेज डेवलपमेंट की आगामी परियोजनाओं, ट्रांसपोर्ट से संबंधित समस्या जैसे सरकारी बस स्टैंड से बसों के आवागमन से होने वाली समस्या के समाधान के लिये नये प्रस्तावित स्थल पर बस स्टैंड स्थानांतरण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। इस मौके पर महापौर दीपक बाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, सिंचाई विभाग व नगर निगम समेत स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर नई दिल्ली के छात्र व छात्राएं मौजूद रहे।

# पुलिस चौकी के सामने जलभराव

- चौकी से सटे सरकारी तालाब पर हुए अतिक्रमण से परेशानी

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** सकैनिया पुलिस चौकी से सटे सरकारी तालाब में बरसात का जमा पानी निकासी न होने के कारण सड़क पर जमा हो रहा है। इसका मुख्य कारण सरकारी तालाब पर हुए अभिक्रमण को बताया जा रहा है। सड़क पर जल भराव के कारण बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं तो स्कूली बच्चों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कार्रवाई करने के बजाय प्रशासनिक अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है।

हल्की सी बारिश के बाद सकैनिया पुलिस चौकी के सामने सड़क पर भारी पानी जमा हो गया। वर्षा के पानी की निकासी न होने के कारण पुलिस चौकी के सामने अक्सर जलभराव हो जाता है। जल भराव के कारण सड़क में गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। गड्ढों की वजह से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जबकि आरोप है कि चौकी से सटे सरकारी तालाब पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिसके कारण तालाब का दूषित पानी सड़क पर जमा हो रहा है जिससे गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। ऐसे में प्रशासन को मामले का संज्ञान लेते हुए तालाब को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराना चाहिए।



जलभराव के बीच गुजरते वाहन चालक। ● अमृत विचार


## कार्यालय सहायक अभियन्ता तृतीय नलकूप खण्ड टनकपुर

पत्रांक : 100/सहा० अभि० तृ०/निविदा/ दिनांक : 04-10-2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-02/सहा० अभि० तृ०/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों की मुहरबन्द निविदाये दिनांक तक वर्णित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आंमत्रित की जाती है, जो दिनांक 25.10.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक निविदा टेण्डर बॉक्स में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सहायक अभियन्ता तृतीय, उपखण्ड खटीमा के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक निर्धारित मूल्य (18 प्रतिशत जी०एस०टी० सहित) जमाकर, इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दो विड प्रणाली में होगी। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ०डी०आर०, टी०डी०आर० एवं सी०डी०आर० के रूप में, जो कि अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड टनकपुर के नाम बन्धक होगी। धरोहर अथवा जमानत राशि के रूप में बैंक गारण्टी स्वीकार नही की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि जमा किये तथा सशर्त निविदायें अमान्य होंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास सम्बन्धित निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। बिड के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प जिस पर रू0 1.00 का रेवेन्यू स्टाम्प लगा हो, पर दरों की वैधता 3 माह तक अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो जाने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी।

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित मात्रा | धरोहर राशि (रू०) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० अतिरिक्त (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि/ दिवस | कार्य हेतु ठेकेदार की आवश्यक श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जिला योजना मद के अन्तर्गत जनपद उधम सिंह नगर के विकासखण्ड खटीमा के नलकूप सं० 190 टी०जी० (छिनकी) में पी०वी०सी० जल वितरण प्रणाली 200 mm बिछाये जाने का कार्य। | 01 जॉब | 24500.00 | 1000.00+ जी०एस०टी० 18% अतिरिक्त | 02 माह | उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग में सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म |

नोट-अन्य शर्त कार्यालय सहायक अभियन्ता तृतीय, उपखण्ड खटीमा में देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता तृतीय**
**नलकूप खण्ड टनकपुर**


## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष पद पर सीधी टक्कर

**खटीमा :** खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव और कोषाध्यक्ष पर मुकाबला आमने-सामने का है। वहीं महिला उपाध्यक्ष, लेखा परीक्षक और पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर प्रत्याशियों का निर्विरोध चुना जाना तय है। मतदान 17 अक्टूबर को होगा। बृहस्पतिवार को नाम वापसी के दिन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हरजीत सिंह ने नाम वापस ले लिया। जिससे मुकाबला राम बचन और सूरज प्रकाश राणा के बीच रह गया है। वहीं महिला उपाध्यक्ष पद की प्रत्याशी स्नेहप्रभा के नाम वापस लेने के बाद शहाना बेगम का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर केके सिंह और मलकीत सिंह, सचिव पद पर अवधेश कुमार और भरत पांडे मैदान में हैं।

# 10 नवंबर से प्रारंभ होगा सदस्यता अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक विनय प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने चुनाव प्रक्रिया का डिजिटल प्रक्रिया कर दी है। 10 नवंबर से डिजिटल प्लेटफॉर्म आईवाईसी मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सदस्यता अभियान चलाएगी। जिसमें महज 50 रुपये निर्धारित शुल्क होगा और सदस्य बनने की आयु सीमा 26 अक्टूबर 1989 से 24 अक्टूबर 2007 तक रखी गई है।

गुरुवार को राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक विनय प्रताप सिंह ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि सदस्यता के लिए मतदाता पहचान पत्र की मूल प्रति और लाइव फोटो और वीडियो अनिवार्य होंगे। नामांकन प्रक्रिया में भी पारदर्शिता बरती जाएगी। इसके बाद छठे स्तर की कमेटी बनाई जाएगी। प्रत्येक सदस्य छह कमेटी यानी प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, विधान सभा अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष के लिए मतदान करेगी। नामांकन सिर्फ एक पद पर ही होगा।



पत्रकारों से वार्ता करते जिला पर्यवेक्षक विनय प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

### युवा कांग्रेस चुनाव को लेकर दी जानकारी

**खटीमा :** भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक विनय प्रताप सिंह के खटीमा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। युवा कांग्रेस चुनाव को लेकर पहुंचे सिंह ने चुनाव की प्रक्रिया से अवगत कराया। कांग्रेस जिला पर्यवेक्षक के पीलीभीत रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पहुंचने पर विधायक भुवन कापड़ी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र आर्य सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। पर्यवेक्षक सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ युवा कांग्रेस के चुनाव को लेकर गहन मंत्रणा की। इस अवसर पर पूर्व छात्र अध्यक्ष नीरज कन्याल, मनविंदर राना, हिमांशु तिवारी, उमेश चंद, विजय चंद, दीपक मंडेला, ललित सामंत, अंगद कुमार, पवन कुमार, हैप्पी सिंह आदि मौजूद रहे।

### यूथ कांग्रेस को किया जाएगा मजबूत: विनय

**शक्तिफार्म :** यूथ कांग्रेस के इलेक्शन कमिश्नर विनय प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए यूथ कांग्रेस को मजबूत करना आवश्यक है। इसके लिए प्रदेश भर में "नेता बनो नेता चुनो" अभियान चलाया जाएगा। यूथ कांग्रेस के इलेक्शन कमिश्नर विनय प्रताप सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए राहुल गांधी द्वारा अभियान चलाया गया। जिसके तहत उत्तराखंड में "नेता बनो नेता चुनो" अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए 24 से 30 अक्टूबर तक मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से नॉमिनेशन किया जाएगा। 6 लेवल पर कमेटी का गठन होगा।

**मंथन** ब्लॉक में आयोजित बैठक में 79 प्रस्ताव लिखित के अलावा कई समस्याएं आईं मौखिक

# बीडीसी की बैठक में छाए बिजली-पानी के मुद्दे

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से बिजली पानी सफाई सहित तमाम मुद्दे छाए रहे।

विकासखंड कार्यालय में बृहस्पतिवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक प्रमुख ज्योति ग्रोवर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में ब्लॉक क्षेत्र के विकास को लेकर कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अधिकारी हिमांशु जोशी एवं खंड विकास अधिकारी (सचिव क्षेत्र पंचायत) अतिया परवेज के दिशा निर्देशन में बैठक की कार्रवाई आरंभ की गई। बैठक में सिंचाई, नहरों की सफाई, जर्जर विद्युत पोल और क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को बदलने ग्रामीणों के आय प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओं के सरलीकरण क्षेत्र में जलभराव का समाधान आदि विषयों को प्रमुखता से रखा है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विद्यालयों में जल भराव से निजात हेतु मिट्टी भरने की मांग की गई। जिस पर परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सूची सहित विद्यालयों के प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। सभी समस्याओं के निस्तारण एवं नवीन आवश्यकता अनुसार प्रस्ताव पर शीघ्र अमल हेतु बैठक की अध्यक्षता कर रही ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर द्वारा सभी को आश्वास्त किया गया। बैठक में 79 प्रस्ताव एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुरोध पत्र प्राप्त हुए। बैठक में ज्येष्ठ प्रमुख कमलजीत कौर, कनिष्ठ उप प्रमुख रीना पाइक, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, जिला पंचायत राज अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, सहायक खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता सहायक, अभियंता पेयजल निगम,सहायक अभियंता लघु सिंचाई, मत्स्य निरीक्षक, उद्यान निरीक्षक, गन्ना विकास निरीक्षक, लेखाकार मदन सिंह सैनी, कनिष्ठ सहायक सुमित उपाध्याय, रवि आर्या, दीपक असगोला, पार्वती चंद्र, पूनम पनेरु, विश्वजीत, शिखर ओझा मौजूद रहे।



गदरपुर ब्लॉक में बैठक करते बीडीसी सदस्य। ● अमृत विचार

## कांशीराम परिनिर्वाण दिवस मनाया गया

**काशीपुर:** बहुजन समाज पार्टी ने कांशीराम परिनिर्वाण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया।

गुरुवार को मानपुर रोड स्थित एक हाल में कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने पूरे जीवन भर बहुजन समाज को एक करने के लिए दिन-रात काम किया और उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में बहुजन समाज पार्टी की चार-चार बार सरकार बनवाई। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान हरिप्रसाद, पंकज गौतम, पूर्व नायब तहसीलदार राम सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रिशिपाल रवि, अशोक कुमार, अनिल कुमार, परशुराम, करण सिंह, आशीष गौतम, बीना आर्य, सुमन गौतम, ओमवती आदि मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### बेटा नहीं होने पर विवाहिता को किया प्रताड़ित

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक विवाहिता को महज इसलिए प्रताड़ित किया जाने लगा कि उसने बेटे को नहीं, बल्कि बेटी को जन्म दिया है। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फतेहपुर बाराबंकी निवासी रिया मिश्रा ने बताया कि उसकी शादी 16 अप्रैल 2016 को गंगापुर रोड रुद्रपुर निवासी राजीव के साथ हुई थी। शादी के बाद उसकी एक बेटी हुई। बेटी के पैदा होते ही सास व पति बेटा नहीं होने का ताना मारने लगे और दहेज लाने का दबाव बनाने लगे। इसके बाद अभियुक्तों ने लखनऊ में वर्ष 2024 में दीपावली के वक्त भी शारीरिक व मानसिक यातनाएं दीं। प्रताड़ना के बाद वह अपनी बेटी को लेकर मायके चली गई। बाद में पता चला कि पति ने उसके नाम से बैंकों से लाखों का लोन लिया है और रिकवरी वाले फोन कर उसे परेशान भी करते हैं। कई बार पति से साथ ले जाने की गुहार भी लगाई, लेकिन ससुराल पक्ष ने इंकार कर दिया।

### तीन लाख और आभूषण लेकर युवती लापता

**काशीपुर :** घर से बिना बताए एक युवती तीन लाख रुपये की नगदी व 8 तोले सोने के आभूषण लेकर लापता हो गई। युवती के भाई ने एक युवक पर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का शक जाहिर करते हुए पुलिस से तलाश करने की गुहार लगाई है। कटोराताल पुलिस चौकी को सौंपी तहरीर में एक युवक ने बताया कि उसकी छोटी बहन बीती 8 अक्टूबर की दोपहर एक बजे घर से किसी को कुछ बताएं कहीं चली गई। उसकी तमाम संभावित स्थानों पर खोजबीन की परंतु उसका कही कुछ पता नहीं चला। बताया कि उसकी बहन तीन लाख रुपये की नगदी व 8 तोले सोने के आभूषण लेकर गई है। उसे शक है उसकी बहन को ग्राम बेलजुड़ी निवासी युवक अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। बताया कि वह युवक भी घर पर नहीं मिला और उसका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है।

### 25.34 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**सितारगंज :** पुलिस ने 25 .34 ग्राम स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। एसएसआई विक्रम सिंह धामी ने बताया कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में बुधवार रात को एसआई पंकज कुमार अपनी के टीम के साथ जीआईसी के पास चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें उन्होंने बाईपास कॉलोनी वार्ड 12 निवासी तैसीम खान को 25 .34 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।

# बिना अनुमति लग रहे मेले को कराया बंद

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** बिना अनुमति उर्स का आयोजन और मेले की तैयारी करने की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने मेले को बंद करवा दिया। साथ ही एक मौलाना को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

जैतपुर घोसी स्थित सैयद शाह मजार पर 8 और 9 अक्तूबर को उर्स का आयोजन किया गया था। यहां बिना पुलिस-प्रशासन की अनुमति के मेला लगाया गया। बृहस्पतिवार सुबह डायल 112 पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को मेले की सूचना दी। इस पर आईटीआई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने जब आयोजक से मेले के लिए अनुमति पत्र मांगा, तो एसडीएम के नाम तैयार किए गए अनुमति पत्र को आयोजकों ने दिखाया। लेकिन उसपर एसडीएम के बजाय एक ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर थे। इस पर आईटीआई थाना प्रभारी प्रकाश बिष्ट ने आयोजक मौलाना को हिरासत में लेकर थाने में पूछताछ की। उन्हें आगे से बिना अनुमति के ऐसे आयोजन नहीं करने की हिदायत देकर छोड़ दिया। वहीं, मौके पर मेले को बंद करवा दिया गया। मामले में ग्राम प्रधान ने बताया कि मजार पर हर वर्ष उर्स का आयोजन किया जाता है। लेकिन मेला नहीं लगाया जाता है। इस बार बड़ा कार्यक्रम कर रहे हैं इसकी जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि उर्स के लिए एसडीएम से अनुमति लेने की बात आयोजकों ने कही थी। इसी के चलते अनुमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। मालूम नहीं था कि पुलिस और प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई है।

## सरिया बेचने की आड़ में 50 हजार हड़पे

**रुद्रपुरः** निर्माणाधीन मकान में सरिया देने के बाद भी गुंडई के बल पर सरिया उठाने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप था कि सरिया का भुगतान भी कर दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शास्त्रीनगर निवासी गुड्डू ने बताया कि वह अपने मकान का निर्माण कार्य करवा रहा है। 6 अप्रैल को उसके पास तारापुरी लिसरी मेरठ निवासी मोहम्मद महमूद आया और सस्ते दामों पर सरिया देने का प्रस्ताव रखा। बातचीत के बाद उसने 15 कुंतल सरिया का ऑर्डर दिया और निर्माण स्थल पर सरिया पड़ने के बाद 50 हजार का भुगतान भी कर दिया और शेष 25 हजार रुपये जल्द देने की बात कही। जब वह निर्माण स्थल पहुंचा ही था कि डेढ़ बजे मोहम्मद इसराद अपने साथ जयवीर सिंह और मुकेश मौर्या के साथ आया। सरिया गलत आने की बात कहते हुए इसे उठा ले गए।

## खाद्य संरक्षा की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान, दस से अधिक सैंपल जांच को भेजे

# खाद्य सामग्री ला रहे वाहनों से लिए नमूने

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** दीपावली पर्व को देखते हुए आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर खाद्य संरक्षा की टीम ने सघन चेकिंग अभियान लगाया। इस दौरान टीम ने तीन दर्जन से अधिक खाद्य सामग्री ला रहे वाहनों का आकस्मिक निरीक्षण किया और 10 से अधिक नमूने लेकर जांच को भेजे।

गुरुवार को खाद्य संरक्षा उपायुक्त कुमाऊं मंडल डॉ. राजेंद्र सिंह कठायत के नेतृत्व में टीम ने जनपद ऊधम सिंह नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की सीमा व प्रवेश द्वार टांडा दढ़ियाल रोड काशीपुर चलाया गया। टीम ने पुलिस व प्रशासन के सहयोग से लगभग तीन दर्जन से अधिक खाद्य सामग्री ला रहे वाहनों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यूपी के मुरादाबाद व रामपुर जनपद के स्वार, टांडा व दडियाल आदि क्षेत्रों से लाये जा रहे दुग्ध व दुग्ध पदार्थ व अन्य वाहनों को रोककर उनका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विभिन्न वाहनों से किसी प्रकार की संदिग्ध खाद्य सामग्री लाते हुए नहीं पायी गयी, लेकिन बाहरी क्षेत्र एवं प्रदेशों से जनपद में लाये जा रहे विभिन्न खाद्य पदार्थों का निरीक्षण कर अलग-अलग प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के 10 से अधिक नमूने जांच को लिये गये। जिसमें दूध एवं दुग्ध पदार्थ, मावा, पनीर, घी, मक्खन, सूजी, मसाले आदि खाद्य पदार्थों के नमूने शामिल हैं। नमूनों को परीक्षण के लिये राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजा गया। इसके अलावा सभी प्रतिष्ठानों के स्वामी/विक्रेताओं को संदिग्ध खाद्य पदार्थों को विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए गए। कहा गया कि बिना पंजीकरण/लाइसेंस के खाद्य कारोबार किया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा खाद्य पदार्थों के क्रय-विक्रय करने का दैनिक रिकॉर्ड रखने के लिए कहा गया। टीम में सहायक आयुक्त डॉ. प्रकाश फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह, आशा आर्या खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुद्रपुर आदि शामिल रहे।



काशीपुर में एक वाहन से दूध का सैंपल लेती टीम। ● अमृत विचार

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता

## समस्याओं के निस्तारण के लिए तहसील दिवस पर आयोजित होगी बैठक, शहीदों के नाम पर बने स्मृति द्वारों के रखरखाव की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिला सैनिक कल्याण परिषद की त्रैमासिक बैठक में कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान करना सरकार व जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही कहा कि पूर्व सैनिक व सैन्य परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। ताकि पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों की समस्याओं को पंजीकरण कर प्राथमिकता से समाधान किया जा सके।

गुरुवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित बैठक के दौरान पूर्व सैनिक संगठनों ने कहा कि शहीदों के नाम पर जनपद में स्मृति द्वारों के निर्माण किये गये हैं। जिनके रख-रखाव की जिम्मेदारी नगर निकाय और पंचायतों को दिये जाने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकायों में स्थित स्मृति द्वारों की मरम्मत शीघ्र करायी जाएगी। सैनिक संगठनों ने कहा कि संगठनों की मीटिंग या अन्य कार्यक्रम करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में सैनिक मिलन केंद्र निर्माण के लिए निःशुल्क भूमि उपलब्ध करायी जाए।

जिस पर जिलाधिकारी ने पत्र बनाकर शासन को भेजने के निर्देश जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को दिए। सैनिक संगठनों ने शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण व अन्य प्रदेशों में बने लाइसेंस को ट्रांसफर कराने में आ रही कठिनाई के बारे में बताया। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण व ट्रांसफर के लिए पत्र संबंधित प्रदेशों के जिलाधिकारियों को भेजे गये हैं, जिनकी एनओसी अभी लंबित है। सैनिक संगठनों ने कहा कि अज्ञानता के करण बिना रजिस्ट्री वाली खरीदी गयी भूमि पर बैंकों द्वारा भूमि कब्जा सत्यापन के ऋण दिया जाता है, जिसे रोकने की मांग की।

जिस पर जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी बैंकों को निर्देशित करें कि ऋण देने से पूर्व भूमि का सत्यापन अवश्य किया जाय। सैनिक संगठनों ने किच्छा में निर्माणाधीन एम्स के पास सैनिक विश्राम गृह के निर्माण के लिए भूमि आवंटन करने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को पूर्व सैनिकों के निजी शिकायतों को नियमित निस्तारण करने के निर्देश दिए।



पूर्व सैनिकों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया। ● अमृत विचार

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी शस्त्र गौरव पांडेय, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी कोठारी, अधिशासी अभियंता विद्युत राजीव चक्रवर्ती, लीड बैंक अधिकारी चिराग पटेल, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, सहायक अभियंता जल संस्थान एलएम पांडे, सिंचाई पंकज ढोडियाल, लोनिवि विनोद सनवाल, पूर्व सैनिक संगठन पदाधिकारी गंभीर सिंह धामी, नवल जोशी, खड़क सिंह कार्की, प्रेम सिंह, प्रकाश सिंह बिष्ट, हेम चंद, नारायण सिंह, सुंदर सिंह, दिगम्बर प्रसाद, धन सिंह, चंद्र सिंह खड़ायत, आरडी भट्ट, आत्मा सिंह, एनडी जोशी, दर्पन सिंह, पूरन चंद्र, हरीश चंद्र, कुंदन सिंह, जगमोहन सिंह, जगदीश चंद्र पांडे, मोहन सिंह, हीरा सिंह, धन सिंह सामंत, आनंद सिंह, सुनील कुमार आनंद बल्लभ आदि मौजूद थे।

### डीएम ने किया मोबाइल स्वास्थ्य सेवा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना

**रुद्रपुर :** हिन्दुस्तान जिंक व ममता संगठन की ओर से मोबाइल स्वास्थ्य सेवा वाहन को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक कंपनी व ममता संगठन ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहल की गई है जो सराहनीय है। गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में काफी लाभदायक होगी। उन्होंने सभी जनता से कहा कि स्वास्थ्य सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। हिन्दुस्तान जिंक कंपनी के निदेशक अनामिका झा ने बताया कि राजस्थान के 4 जनपद व उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के गदरपुर एवं किच्छा क्षेत्र के 25 ग्रामों में संचालित सचल चिकित्सा वाहन में डॉक्टर, स्टाफ नर्स, काउंसलर के माध्यम से परामर्श उपचार करने का कार्य पद्धति संचालित करने की योजना आज प्रारंभ की गई है।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ .केके अग्रवाल, उप जिलाधिकारी गौरव पांडेय, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ .आरके सिन्हा, प्लांट डायरेक्टर हिन्दुस्तान जिंक अनामिका झा, उप निदेशक मुरूगन मानी, सीएसआर हेड नमरायशा, उप निदेशक ममता एचआईएमसी मुरारी चंद्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक ममता संगठन हेमेंद्र शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी तान्या सिंह, जिला प्रोजेक्ट क्वाडीनेटर नरीज सक्सेना, डॉ .राकेश आदि मौजूद थे।

## चुनावी रंजिश में मारपीट करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुरः** चुनावी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट कर उसका हाथ और उंगली तोड़कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में ग्राम रामजीवनपुर, ग्राम पंचायत गोपीपुरा निवासी अब्दुल करीम ने दी तहरीर में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले रामऔतार व उसके परिवार वाले ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर उससे रंजिश रखते हैं। 27 सितंबर को उसका बड़ा बेटा मौ. नासिर गांव में भृगुनाथ की किराने की दुकान पर रात करीब 9 बजे बीड़ी का बंडल लेने गया था, तो भृगुनाथ चुनाव को लेकर अनावश्यक बहस बाजी करते हुए गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि जब उसके पुत्र ने इसका विरोध किया, तो भृगुनाथ, संजय, हेमंत, रामऔतार, उसकी पत्नी मालती उसे गालियां देने लगे और उसके बाद लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। शोर मचाने पर उसने व अन्य लोगों ने बीच बचाव कर उसके पुत्र को बचाया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

# जर्जर सड़क को लेकर भड़के लोग

- लोनिवि कार्यालय पर किया प्रदर्शन, लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** शांति विहार की जर्जर सड़क के खिलाफ स्थानीय लोग भड़क गये। विरोध में लोगों ने लोक निर्माण कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और एई को ज्ञापन देकर हॉट मिक्स सड़क बनाने का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि यदि सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

गुरुवार को शांति विहार के कई लोग लोक निर्माण कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन देते हुए बताया कि शांति विहार कॉलोनी से छतरपुर रेलवे क्रॉसिंग तक मुख्य सड़क का बुरा हाल है। लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 से यह मार्ग प्रस्तावित है और स्वीकृति भी प्रदान हो चुकी है। बावजूद लोक निर्माण विभाग वर्ष 2025 की समाप्ति करीब होने के बाद भी हॉट मिक्स सड़क का निर्माण नहीं करा पाया है, जबकि कई बार विभाग को अवगत भी कराया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो जन आंदोलन होगा। इस मौके पर बीडी भट्ट, रणजीत सिंह, आनंद सिंह, भुवन सिंह मेहता, परमजीत सिंह, विजय कुमार, लक्ष्मण सिंह, महेंद्र रौतेला आदि मौजूद रहे।



लोनिवि कार्यालय पर प्रदर्शन करते शांति विहार के लोग। ● अमृत विचार

## मजदूर ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

**रुद्रपुरः** मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।रंपुरा बस्ती निवासी 40 वर्षीय राजेंद्र कोली अपने परिवार के साथ रहता था और मेहनत मजदूरी कर जीविका चलाता था। गुरुवार की शाम को पुलिस को सूचना मिलती है कि राजेंद्र ने आत्महत्या कर ली है। जिसके आधार पर रंपुरा चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार घटनास्थल पहुंचे तो देखा कि शव जमीन पर पड़ा हुआ था और शव के पास पत्नी विलाप कर रही थी। पूछताछ में पता चला कि व्यक्ति ने फंदा लगाकर सुसाइड किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बिजली कटौती से भड़के कांग्रेसी, प्रदर्शन

- जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी, अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पिछले कई दिनों से हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गये हैं। विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता दफ्तर पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। साथ ही अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देकर विद्युत आपूर्ति नियमित करने का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

गुरुवार को कांग्रेस नेता संजय जुनेजा व मोहन खेड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि त्योहार का सीजन प्रारंभ हो चुका है और यूपीसीएल व्यवस्था दुरुस्त करने की आड़ में विद्युत कटौती कर रहा है। कटौती की पूर्व में कोई सूचना भी प्रकाशित नहीं की जा रही है। हल्की हवा चलने और बारिश होने पर कई घंटों तक बिजली की कटौती की जा रही है। जिस कारण व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। वहीं आम जनमानस को भी काफी दिक्कत हो रही है।

आरोप था कि कई बार अधिकारियों से विद्युत कटौती नहीं करने का आग्रह किया गया। बावजूद त्योहार के सीजन में बिजली की कटौती की जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद गौरव खुराना, पार्षद सौरभ राज बेहड़, हरीश बावरा, राकेश अधिकारी, विजय बाला, मोनिका ढाली, इंद्रजीत सिंह, सूर्य नाथ, परवेज कुरैशी, जितेश शर्मा, उमर अली, रिंकी गुप्ता, परिमल राय आदि मौजूद रहे।



अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## मंथन

### केजीसीसीआई की बैठक में उद्योगपतियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

# निर्यातकों के सशक्तिकरण के लिए हो रहे प्रयासों पर चर्चा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** केजीसीसीआई की बैठक में उद्योगपतियों को एफआईईओ की भूमिका और निर्यातकों के सशक्तिकरण के लिये किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कुमायूं गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केजीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष अशोक बंसल के नेतृत्व में फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा ईसीजीसी लिमिटेड एवं केजीसीसीआई के सहयोग से बुधवार को देर रात होटल रुद्रा कॉन्टिनेंटल रुद्रपुर में एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। बंसल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के निर्यातकों को वैश्विक व्यापार के अवसरों, वित्तीय जोखिम कवरेज, सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं एवं निर्यात संवर्धन के उपायों की जानकारी प्रदान कर क्षेत्र से निर्यात को बढावा देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ एफआईईओ के उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख आशीष जैन ने किया। उन्होंने एफआईईओ की भूमिका और निर्यातकों के सशक्तिकरण के लिये किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाईजेशन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के तहत स्थापित एक शीर्ष व्यापार संवर्धन संस्था है, जो भारत के निर्यातकों के हितों का प्रतिनिधित्व करती है। यह संस्था सरकार और निर्यातक समुदाय के बीच सेतु के रूप में कार्य करते हुए नीतिगत सुझाव, बाजार संपर्क और निर्यात संवर्धन गतिविधियों को आगे बढ़ाती है। जोनल चेयरमैन, सिडकुल पंतनगर अनूप कुमार सिंह एवं केजीसीसीआई ने कहा कि उत्तराखंड एक मैन्युफैक्चरिंग हब है और यहां से निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक्स, वित्तीय सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में संपर्क को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। ईसीजीसी लिमिटेड के शाखा प्रबंधक संदीप व्यास ने ईसीजीसी की सेवाओं और निर्यात ऋण बीमा एवं जोखिम प्रबंधन योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। जिला उद्योग केंद्र, ऊधम सिंह नगर के महाप्रबंधक विपिन कुमार ने निर्यात संवर्धन के लिये सरकारी योजनाओं एवं स्थानीय उद्योगों के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। वहां पर निशांत कात्यायन, नरेश घई, संजय कुमार अदलखा, संजय कुमार सिंह, मान सिह, अंशु मित्तल, प्रवीण कुमार पंवार, पवन कुमार, सचिन टिबरेवाल, विदुषी सैनी, फरहान सिद्दीकी, राधिका माहेश्वरी, पूजा सिंह आदि मौजूद रहे।



केजीसीसीआई की बैठक का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

# लावारिस पशुओं को गौशाला भेजने की मांग को लेकर धरना

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने लावारिस पशुओं को गौशाला भेजने की मांग को लेकर धरना दिया।

बृहस्पतिवार को वह अपने समर्थकों के साथ नगरपालिका गेट में धरने में बैठे हैं। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से हाथों में बैनर लेकर धरना शुरू कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक मवेशी दूध देते हैं। तब तक घरों में रखते हैं। बाद में सड़कों में लावारिस छोड़ देते हैं। जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। जहां हादसों में मवेशियों की जान जा रही है। वहीं आए दिन लावारिस मवेशियों से टकराकर लोगों की जान जा रही है। सतेंद्र कुमार ने कहा कि यह समस्या नगर व ग्रामीण क्षेत्र दोनों में है। नगरपालिका को पहले भी ज्ञापन देकर लावारिस पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने की मांग की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण वह मजबूरन धरने पर बैठे हैं। वहीं, आक्रोशित आंदोलनकारियों ने नगरपालिका कर्मचारियों का बाहर निकलने का आवागमन भी रोक दिया। उन्होंने कहा कि वह सड़क पर बैठे हैं। अधिकारी उनकी मांग पूरी करेंगे तभी धरने से उठेंगे। वहां राम प्यारे, प्रेमनाथ, देवशरण, विशाल राजपूत, राजेन्द्र, विनेश, अमित कुमार, पप्पू, बंटी सिंह आदि उपस्थित रहे।




लावारिस पशुओं को गौशाला भेजने की मांग को लेकर धरना देते भीम आर्मी कार्यकर्ता।

## सिटी ब्रीफ

### 12 अक्टूबर को होगा फिनस्विमिंग का राज्य स्तरीय ट्रायल

**सितारगंज :** अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया 12 अक्टूबर को हल्द्वानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में राष्ट्रीय फिनस्विमिंग चैंपियनशिप के लिए उत्तराखंड की टीम का चयन करेगी। संगठन के अध्यक्ष अनिल दीप महल ने बताया कि राष्ट्रीय फिनस्विमिंग चैंपियनशिप के लिए राज्य स्तरीय टीम के चयन की तैयारी जोरों पर है। इस ट्रायल में प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों से खिलाड़ियों के आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पिछले साल नई दिल्ली में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तराखंड को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था। वहीं, इस साल भी एक मजबूत टीम के चयन के लिए हल्द्वानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के तरण ताल में ट्रायल लिए जाएंगे।

### शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार पर दिया जोर

**सितारगंज :** न्याय पंचायत बिरिया के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय भरौनी में शैक्षणिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 20 विद्यालयों के अध्यापकों ने भाग लिया। बृहस्पतिवार को प्रधानाध्यापक अजय सिंह क्वीरा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नवीन शैक्षणिक तकनीकों, कक्षा-कक्ष प्रबंधन, बच्चों की अधिगम उपलब्धि में सुधार एवं समावेशी शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने विद्यालयों में नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों के प्रयोग, बच्चों की रचनात्मकता के विकास, तथा खेल एवं गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई सुझाव प्रस्तुत किए।

### फुटबॉल टूर्नामेंट में खटीमा ने बनबसा को हराया

**खटीमा :** स्व. देवसिंह मेमोरियल तृतीय फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर्गत बृहस्पतिवार को खेले गए मैच में खटीमा फुटबॉल क्लब ने बनबसा मिनी स्टेडियम फुटबॉल क्लब को 1-0 से हराकर जीत दर्ज की। एकमात्र गोल खटीमा की ओर से अमित रावत ने किया। मैच का आंखों देखा हाल रंजीत मेहरा ने सुनाया। इस अवसर पर अमन घोटा डीके भट्ट, प्रवीण भंडारी, कमल सामंत, आशु बिष्ट, पीयूष बोरा, डीके भट्ट, प्रेम सिंह पोखरिया, गणेश धामी, रमेश खनका, राहुल भंडारी, चंद्रशेखर भट्ट, सुरेश चंद आदि मौजूद रहे। टूर्नामेंट का अगला मुकाबला शुक्रवार को हिंदुस्तान हीरोज (कोलकाता) और कॉर्पोरेट टीम के बीच खेला जाएगा।

### किच्छा पालिका चुनाव नहीं कराने पर जवाब-तलब

**नैनीताल :** किच्छा नगर पालिका के चुनाव नहीं कराये जाने के मामले में प्रदेश सरकार बुरी तरह घिर गई है। हाईकोर्ट ने गुरुवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि अभी तक नगर पालिका चुनाव क्यों नहीं कराये गये हैं। इस मामले को किच्छा निवासी नैमुलशान खान, मोहम्मद यासीन और मोहम्मद रफीक की ओर पृथक-पृथक रूप से दायर याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई है। साथ ही न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने इन पर सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि सरकार किच्छा नगर पालिका का चुनाव नहीं करवा रही है। पालिका चुनाव वर्ष 2023 से नहीं हुए हैं। तब से पालिका में प्रशासक तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने वर्ष 2018 में किच्छा पालिका का विस्तार करते हुए पहले मुस्लिम बाहुल्य वाले सिरौलीकलां को किच्छा नगर पालिका में शामिल किया और कुछ समय बाद एक अधिसूचना जारी कर सिरौलीकलां के चार वार्डों को नगर पालिका से बाहर करने का निर्णय ले लिया। हाईकोर्ट ने सरकार के इस कदम पर रोक लगा दी।

# करवाचौथ पर मुख्य बाजार में रही रौनक

## सुहागिन महिलाओं ने हाथों पर रचाई मेहंदी, महिलाएं पति की लम्बी आयु के लिए आज रखेंगी व्रत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** करवाचौथ आज मनाया जाएगा। इसको लेकर शहर के मुख्य बाजार में लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। वहीं महिलाओं ने बाजार में खरीदारी की। इसके अलावा श्रृंगार की दुकानों और मेहंदी लगाने वाले दुकानदारों के यहां दिनभर महिलाओं की भीड़ लगी रही है। यह सिलसिला देर सायं तक चलता रहा। वहीं लोगों की भीड़ देखकर व्यापारियों के भी चेहरे खिल उठे।

गुरुवार को शहर के मुख्य बाजार में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी थी। इस दौरान शहर की मनिहारी गली में श्रृंगार का समान खरीदने के साथ ही हाथों में मेहंदी लगाने के लिए महिलाओं की लाइन लगी रही। ठेला कारोबारी राजकुमार ने बताया कि काफी दिनों से बाजार में मंदी छाई हुई थी। पिछले दो दिनों से बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ने से कारोबार बढ़ने की उम्मीद है।


मनिहारी गली में मेहंदी लगातीं महिलाएं। ● अमृत विचार


बाजपुर के पीजी कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता में हिस्सा लेतीं प्राध्यापिकाएं।

### दिनेशपुर में भी रौनक

**दिनेशपुर :** करवाचौथ की पूर्व संध्या पर बाजार में खूब रौनक देखी गई। गुरुवार की सायं महिलाओं ने करवा, पूजा के लिए थाल, लोटा, दिया व श्रृंगार सामग्री की खरीद की। पिछले 20 सालों से कॉस्मेटिक की दुकानदार व्यवसायी इंद्रा कोरंगा व रेनू यादव ने बताया कि बाजार में इस बार उछाल देखने को मिल रहा है। महिलाओं ने दुकानों के बाहर लगे मेहंदी के स्टॉल से अलग-अलग डिज़ाइन की मेहंदी लगवाई।

### करवाचौथ को लेकर महिलाओं में उत्साह

**बाजपुर :** करवाचौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस बार महिलाओं में सुंदर दिखने के लिए ब्रांडेड उत्पाद की मांग अधिक की जा रही है। त्योहार पर ब्रांडिंग करने के लिए कंपनियों द्वारा भी पैकेज निकाले गए हैं। इतना ही नहीं कुछ कंपनी तो महिलाओं को रिझाने के लिए मेहंदी फ्री लगा रही हैं, तो वहीं कुछ ब्रांड बंपर छूट दे रहे हैं। वहीं यूके इंटरनेशनल स्कूल में भी करवाचौथ में तैयार हो रही महिलाओं पर डेमो किया जा रहा है। पंकज गिफ्ट के मालिक पंकज चानना ने बताया कि इस बार कुछ नामी-गिरामी बड़े ब्रांड भी करवाचौथ पर आफर दे रहे हैं, जिनकी करवाचौथ पूजन थाली भी बाजार में आई है। वहीं गुरुवार को सौंदर्यप्रसाधन के साथ ही अन्य दुकानों पर खरीदारी के लिए भारी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी जिससे दुकानदारों के चेहरे खिल उठे हैं।

### कॉलेज में हुई मेहंदी प्रतियोगिता

**बाजपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला विकास प्रकोष्ठ के तत्वाधान में करवा चौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य एवं संयोजक डॉ.मनुहार आर्य ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोमिल कुमारी व समन सैफी, द्वितीय स्थान श्रद्धा कुमारी तथा तृतीय स्थान जैस्मिन ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डा.जया कांडपाल, डा.संगीता और दीपा आर्य शामिल रही। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की सदस्याएं एवं छात्राएं मौजूद रहीं।


सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देतीं बालिकाएं। ● अमृत विचार

## धूमधाम से मनाया गया करवाचौथ उत्सव

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** हर वर्ष की भांति इस साल भी अग्रवाल महिला समिति ने सुहाग का प्रतीक करवाचौथ उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। जहां नवविवाहिताओं को सम्मानित किया गया। वहीं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही।

उत्सव का शुभारंभ बतासो देवी, राजकुमारी तुलस्यान, मीरा बंसल, डॉ.सारिका गर्ग, डॉ. मंजुला सिंगला, डॉ. रूबी गुप्ता के अलावा महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग, कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई और फिर शुरू हुआ गरबा और डांडिया नृत्य। जिसमें 50 एवं 60 साल की महिलाओं ने हिस्सा लिया और बेहद ही आकर्षण का केंद्र बना।

नवविवाहित बहुओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धमाल मचाया। इस मौके पर सरपरस्त ताराचंद अग्रवाल, अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, महामंत्री अमित जैन, कोषाध्यक्ष रणवीर गुप्ता, युवा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल, महामंत्री अनुज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# योग में हल्द्वानी बनी विजेता

● स्व. नंदन सिंह भंडारी स्मृति अंतर महाविद्यालयी योग प्रतियोगिता

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित नंदन सिंह भंडारी स्मृति पुरुष/महिला कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालयी योग प्रतियोगिताएं हल्द्वानी की टीमों ने जीती जबकि उप विजेता रामनगर रहा।

महाविद्यालय में आयोजित योग प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. बृजेश कुमार, विश्वविद्यालय क्रीड़ा प्रभारी डॉ. संतोष कुमार और गुरुकुल कांगड़ी के योग विशेषज्ञ डॉ. हुकुम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

पुरुष वर्ग की योग प्रतियोगिता राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी की टीम ने जीती जबकि उपविजेता पीएनजी रामनगर रहा।

वहीं बालिका वर्ग में इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी ने जीती और उपविजेता पीएनजी रामनगर की टीम रही। प्रतियोगिता में मेजबान के अलावा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर, राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर, डीएसपी परिसर नैनीताल की टीमें भी शामिल रहीं। अंत में छात्रसंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अतुल चंद्र, ज्योति चुफाल, मुरलीधर भंडारी, सुदर्शन कुमार, दीपिका अधिकारी, शुभम विश्वकर्मा, एसबी परिहार, राजेंद्र मालिक आदि मौजूद रहे।


खटीमा में आयोजित अंतर महाविद्यालयी योग प्रतियोगिता के प्रतिभागी और आयोजक।

## नींबू दौड़ में सिमरन ने पाया प्रथम स्थान

**सुल्तानपुर पट्टी :** राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर द्वितीय में "सपनों की उड़ान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक के 31 विद्यालयों के लगभग 240 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पंचायत चेयरमैन राजीव सैनी तथा संकुल समन्वयक राजेन्द्र सक्सेना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। नींबू दौड़ में सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में सानिब और हसनवी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। लोकनृत्य (प्राथमिक वर्ग) में रानी नांगल और हरलासपुर की टीमों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उच्च प्राथमिक लोकनृत्य में रम्पुरा शाकर की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीता। रैम्प वॉक (प्राथमिक वर्ग) में पटौटी की टीम ने बाजी मारी।

# उदयराज के आदर्श व किसान इंका के प्रिंस सबसे तेज दौड़े

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स शैक्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में उदयराज इंटर कॉलेज और किसान इंका कुंडेश्वरी के बालक-बालिकाओं का दबदबा रहा। गुरुवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी धीरेन्द्र कुमार साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

बीईओ साहू और प्रतियोगिता आयोजक उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता ने अंडर 17 बालक तथा बालिका वर्ग 800 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाते हुए प्रतियोगिताओं की शुरुआत की। पहले दिन आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में अंडर 14 बालक वर्ग 100 मी. व 200 मी. दौड़ में अयान कादिर उदयराज प्रथम, 400 मी. में कासिम शिवलालपुर प्रथम, 600 मी. में शिवा किसान इंका कुंडेश्वरी प्रथम, अंडर 17 बालक वर्ग 100 मी. दौड़ में रिहान बिलाल उदयराज, 200 मी, 400 मी, 800 मी और 1500 मीटर में आदर्श चौहान उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज प्रथम स्थान पर रहे। अंडर 19 बालक वर्ग में 100 मी. शिवम सागर किसान इंका प्रथम, 200 मी, 400 मी और 800 मी. दौड़ में प्रिंस किसान इंका कुंडेश्वरी प्रथम रहे। वहीं अंडर14 बालिका वर्ग में 100 मी. दौड़ में नेहा शिवलालपुर, 200 मी. में वैष्णवी राकइंका काशीपुर, 400 मी. व 600 मी. में सुहानी प्रतापपुर प्रथम, अंडर 17 बालिका वर्ग में 100 मी. व 200 मी. दौड़ में प्रियांशी जीबी पंत प्रथम रहे।


काशीपुर के स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।


खटीमा के केआईटीएम में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## बॉलीवुड गायक कपिल थापा ने समां बांधा

**खटीमा :** केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में फ्रेशर्स इवेंट-''आरंभ 5.0'' का शुभारंभ प्रबंध निदेशक कमल सिंह बिष्ट, निदेशक ज्योति बिष्ट, हिमांशु भट्ट ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसमें नए छात्र-छात्राओं के बैच का स्वागत किया। इस दौरान ''इंडियन आइडल'' फेम और बॉलीवुड प्ले-बैक गायक कपिल थापा का मनमोहक प्रदर्शन रहा। जिन्होंने अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं प्रसिद्ध कलाकार असीम रोका के सनसनीखेज सैक्सोफोन वादन ने रंग जमाया। संस्थान के विभिन्न कोर्सों में 170 फ्रेशर्स शामिल हुए। फ्रेशर्स रैंप वॉक और टैलेंट शो में शामिल हुए। जिसमें रोहनप्रीत सिंह मिस्टर फ्रेशर, वंशिका कापड़ी मिस फ्रेशर, कवींद्र देऊपा मिस्टर शो स्टॉपर, अंजलि नेगी मिस शो स्टॉपर, गुरजोत सिंह मिस्टर हैंडसम, और जिया को मिस एलिगेंस जैसे खिताब दिए गए। इस अवसर पर रविंदर सिंह महर, हेम चंद्र जोशी, केशव भट्ट, इंदर नाथ गोस्वामी, विवेक कुमार, एचआर किरण शर्मा, सुनील बुंगला, योगेंद्र सिंह, मनीषा मेहता, ललिता जोशी, कमल किशोर बिष्ट, आस्था मिश्रा, तनुजा जोशी, जतिन तिवारी, कृतिका, प्रभात सिंह राणा, बिट्टू सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

## विभागीय परिषद के अध्यक्ष बने मो. समीर

**काशीपुर :** राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग में विभागीय परिषद का गठन किया गया। गुरुवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ. (प्रो.) अनुराग अग्रवाल की अध्यक्षता में सत्र 2025-26 के लिए विभागीय परिषद के गठन में एमएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र मोहम्मद समीर को अध्यक्ष, एमएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र आर्जव रतूड़ी को उपाध्यक्ष, बीएससी पंचम सेमेस्टर के छात्र जगरूप को सचिव, बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कुमारी कशिश शर्मा को संयुक्त सचिव और बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा क्रांति कुमारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्राचार्य ने पाठ्येतर विभिन्न गतिविधियों के महत्व पर चर्चा करते हुए नियमित रूप से अध्ययन करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विवेक कुमार केडिया ने किया।

# कुंभकरण, रावण का वध हुआ

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** श्री विश्वेश्वर महादेव रामलीला समिति के सौजन्य से कुटरा में आयोजित दस दिवसीय रामलीला का रावण-वध, सीता-राम की अयोध्या वापसी और श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ समापन हुआ।

लीला मंचन के अंतिम दिन श्रीराम की वानर सेना और राक्षसों के बीच भयंकर युद्ध, कुंभकरण, मेघनाथ और रावण वध के साथ ही बुराई पर अच्छाई की विजय का मंचन किया गया। वहीं सरस्वती पब्लिक स्कूल छिनकी फार्म के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक नृत्य-नाटिका भी प्रस्तुत की गई। कमेटी के अध्यक्ष जोगा सिंह भंडारी और संयोजक गिरीश जोशी ने क्षेत्रवासियों और कार्यकारिणी के सदस्यों का सफल संचालन में किए गए कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक भुवन चंद्र कापड़ी, भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री राजू भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, जिला पंचायत सदस्य रीता कफलिया, डॉ विवेक अग्रवाल, डॉ आरिफ खान, कुंदन मनोला आदि मौजूद रहे।


कुटरा में श्रीराम के राज्याभिषेक पर मंचासीन लक्ष्मण, सीता, हनुमान।

### रामलीला के पहले दिन नारद मोह और रामजन्म का मंचन

**खटीमा :** आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में सीमावर्ती झनकईया में बुधवार रात्रि विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा और रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया। लीला के प्रथम दिवस नारद मोह और रामजन्म का मंचन किया गया। कमेटी के प्रबंधक पूरन सिंह धामी ने कहा कि विगत 30 वर्षों से यहां रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नेहा देवी, लेती अध्यक्ष सतीश पाठक, महेश चंद्र मुरारी, महेश जोशी, हृदयानंद, सोमनाथ मौर्य, बीडीसी सतीश राणा, भूपेंद्र राणा, सुनीता मुरारी, शंकर दत्त जोशी मौजूद रहे।

## बास्केटबॉल टूर्नामेंट में टैगोर हाउस जीता

**बाजपुर :** ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल बाजपुर में इंटर हाउस बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस भगत हाउस, कलाम हाउस, सुभाष हाउस और टैगोर हाउस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह काहलो एवं प्रधानाचार्य भुवन कांडपाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मुकाबला टैगोर हाउस और सुभाष हाउस के बीच खेला गया, जिसमें टैगोर हाउस ने 16-8 से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में भगत हाउस ने कलाम हाउस को 19-16 से हराया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में भगत हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टैगोर हाउस को 26-16 से मात दी और प्रतियोगिता का विजेता बना। कलाम हाउस तीसरे, जबकि सुभाष हाउस चौथे स्थान पर रहा।

**आयोजन** आदर्श पर्वतीय रामलीला कमेटी कूल्हा के तत्वावधान में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा पर्वतीय शैली में हो रहे रामलीला मंचन का समापन

# भारतीय संस्कृति का संवाहक है रामलीला मंचन : पांडेय

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** आदर्श पर्वतीय रामलीला कमेटी कूल्हा के तत्वावधान में निर्देशक हरीश पाठक, केवल द्विवेदी व त्रिलोक पाठक के निर्देशन में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा पर्वतीय शैली में लीला मंचन का प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक के साथ समापन हुआ। इस दौरान क्षेत्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा कुमाऊनी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुत दी गई। रामलीला कमेटी ने अतिथियों व कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बुधवार की रात आदर्श पर्वतीय रामलीला कमेटी कूल्हा में मुख्य अतिथि श्रमजीवी पत्रकार यूनियन संरक्षक जीवन नयाल, केवल चंद्र पाठक व अध्यक्ष गौतम सरकार, महामंत्री सुधीर साहू, एवं बालाजी मंडल महंत तारा सिंह बिष्ट ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। तत्पश्चात प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक के साथ नन्हे- मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति की संवाहक है। आने वाली पीढ़ियों को संस्कारवान बनाने के लिए प्रभु श्री राम के आदर्श से प्रेरणा हासिल करना जरूरी है।

विधायक पांडेय व कमेटी अध्यक्ष धीरज सिंह कार्की ने अतिथियों को श्रीराम नाम का पटका व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष धीरज सिंह कार्की, संचालन मोहन सिंह कोरंगा व महेश बुधोरी ने किया।

इस मौके पर अति विशिष्ट अतिथि पत्रकार अरुण दुबे, मनोज अधिकारी, विकास राय, सचिन राणा, कमेटी महासचिव कैलाश पाठक, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहित चौहान उर्फ कमांडो, शेर सिंह नयाल, शेखर द्विवेदी, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू, उर्फ दीपू, दुर्गा सिंह राणा, गंगा सिंह मार्तोलिया, उमेश सिंह, जगदीश द्विवेदी, कुंदन सिंह कोश्यारी, प्रेम सिंह दानू, मदन डोगरा, गोविंद सिंह मेहता, अंकित पांडे, चंचल सिंह देऊपा आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर के कूल्हा में प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का दृश्य।


बरहैनी में भगवान श्रीराम-लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की आरती उतारते मुख्य अतिथि।

### बरहैनी के मंचन में हुआ श्रीराम विवाह

**बाजपुर :** बरहैनी में जारी श्रीरामलीला मंचन के चौथे दिन बुधवार की देर रात शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं भगवान श्रीराम-लक्ष्मण के तिलक व आरती करके किया। मंडली कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम विवाह से लेकर कैकई-मंथरा संवाद एवं महाराजा दशरथ-कैकई संवाद तक की लीला का मंचन किया गया। बुधवार की देर सायं बैंड-बाजे के साथ नई सड़क चौराहा से श्रीराम बरात की झांकी निकली। लोगों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष गुलशन कुमार गुल्लू, उपाध्यक्ष बबलू पाल, सचिव प्रवीण देउपा, कोषाध्यक्ष डा.मोहन चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।



शोभा यात्रा के स्वागत के दौरान महापौर, पूर्व महापौर और अन्य।

## नगर निगम ने किया शोभायात्रा का स्वागत

**रुद्रपुर :** महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा का नगर निगम गेट पर महापौर विकास शर्मा की अगुवाई में निगम अधिकारियों, कर्मचारियों और पार्षदों ने जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान निगम की ओर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शोभा यात्रा में भगवान वाल्मीकि, लव-कुश और महर्षि वाल्मीकि के जीवन प्रसंगों पर आधारित सजीव झांकियों ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। ढोल-नगाड़ों, शंखध्वनि और भजन कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। अनेक स्थानों पर लोगों ने अपने घरों, प्रतिष्ठानों और गलियों को सजाकर शोभायात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, सोनू मुल्तानी, पारस चुघ, पार्षद राजेश जग्गा, अशोक चौधरी, लक्ष्मण चौहान, रणजीत चरण, मुकेश राजोरिया, सुनील रोहतगी, राजपाल चौधरी, राजू, संजय कुमार, विजा लाल, रघुवीर, संदीप आजाद, मनोज कुमार, नरेश, सुरेंद्र, श्यामा चरण, अनिल आदि मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

## हिमालयी राज्य में विज्ञान-टेक्नोलॉजी अहम : सीएस बर्द्धन

**देहरादून :** मुख्य सचिव (सीएस) आनंद बर्द्धन ने कहा कि उत्तराखंड में स्थित राष्ट्रीय महत्व के वैज्ञानिक संस्थानों का राज्य के हित में अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए लगातार संवाद, बेहतर समन्वय व सतत सहयोग की व्यवस्था हेतु सुव्यवस्थित व सुसंगठित प्लेटफॉर्म तैयार होगा। सीएस बर्द्धन ने गुरुवार को दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में हिमालयी राज्य होने के नाते उत्तराखंड के लिए विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी अत्यधिक आवश्यक व महत्वपूर्ण है। देहरादून एवं उत्तराखंड में राष्ट्रीय स्तर के कई वैज्ञानिक एवं शैक्षिक संस्थान मौजूद हैं, जिनका राज्य के हित में समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग लिया जाता है।

## धोखाधड़ी के मामले में छह माह की सजा

**अल्मोड़ा :** धोखाधड़ी के मामले न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोड़ा की अदालत ने फैसला सुनाया है। मामले में न्यायालय ने आरोपी को छह माह की सजा और सवा लाख रुपये के अंर्थदंड की सजा से दंडित किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता बीपी पंत ने बताया कि खत्याड़ी निवासी सुनीता कूपर ने वर्ष 2021 में न्यायालय में एक वाद दायर किया। जिसमें यूके इंडिया स्काफोल्डिंग के उपेंद्र गिरी निवासी बगवारा मंडी किच्छा रोड ऊधमसिंह नगर पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया। उक्त व्यक्ति से उनके व्यवसायिक संबंध थे और उसे शटरिंग का सामान किराए पर दे दिया। लेकिन आरोपी ने लंबे समय से उन्हें सामग्री नहीं लौटाई और सामग्री के बदले एक लाख रुपये का चैक दिया।

## आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों को सेना भर्ती के लिए दिए टिप्स

**टनकपुर :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित पूर्णानंद जोशी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान टनकपुर में सेना भर्ती कार्यालय पिथौरागढ़ से आए सूबेदार मेजर सुरेन्द्र सिंह द्वारा प्रशिक्षार्थियों को भारतीय सेना में भर्ती के लिए की जाने वाली तैयारी, चयन प्रक्रिया, शारीरिक एवं मानसिक योग्यता के मापदंड आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अनेक प्रश्न पूछे जिनका उत्तर सूबेदार मेजर सुरेन्द्र सिंह ने दिया। इस अवसर पर गिरीश चंद्र जोशी, दीपक कलोनी, पुष्पा कुलेठा, नवल किशोर ओली, उमेश आदि मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा में एसएसजे महासंघ अध्यक्ष पर एबीवीपी का कब्जा

### अध्यक्ष पद पर गंगोलीहाट के तिलक राज पाठक ने दर्ज की शानदार जीत

- अल्मोड़ा में संपन्न हुए छात्र महासंघ चुनाव
- निर्दलीय प्रत्याशी नेहा रावत को 11 मतों से किया पराजित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा में छात्र महासंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के तिलक राज पाठक ने शानदार जीत दर्ज की। कड़े मुकाबले में उन्होंने अपने एकमात्र प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी नेहा रावत को 11 मतों से पराजीत किया। अन्य पदों पर निर्विरोध हुआ महासंघ का निर्वाचन।

एसएसजे विवि में इस बार छात्र महासंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी और निर्दलीय में सीधी टक्कर थी। एबीवीपी ने गंगोलीहाट के तिलक राज पाठक को चुनावी मैदान में उतारा था। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चौखुटिया की नेहा रावत मैदान में थी। वहीं, इस बार एनएसयूआई ने कोई भी प्रत्याशी नहीं लड़ाया। गुरुवार को हुए मतदान प्रक्रिया के बाद मतगणना की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें छात्र महासंघ अध्यक्ष पद पर तिलक राज पाठक ने शानदार जीत दर्ज की। तिलक को 22 और निर्दलीय प्रत्याशी नेहा को 11 मत प्राप्त हुए। परिणामों की घोषणा के बाद एसएसजे परिसर प्रागंण में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी प्रो. शेखर जोशी और परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट ने पद और गोपनीयिता की शपथ दिलाई। विजयी प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ जीत के बाद जमकर जश्न मनाया।



अल्मोड़ा में छात्र महासंघ चुनाव में जीत दर्ज करने वाले प्रत्याशियों को शपथ दिलाई गई। ● अमृत विचार

### अन्य पदों पर निर्विरोध हुआ महासंघ का निर्वाचन

एसएसजे विवि के छात्र महासंघ चुनाव में अध्यक्ष के अलावा अन्य पांचों पदों पर एक-एक नामांकन होने से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। उपाध्यक्ष पद पर निशा साह, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर हीना आर्या, सचिव पद पर निखिल कपकोटी, संयुक्त सचिव पद पर प्रियंका और कोषाध्यक्ष पद पर पूजा कपकोटी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

# उत्तराखंड में बना निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल : धामी

- सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किया नई दिल्ली में पीएचडीसीसीआई के वार्षिक सत्र को संबोधित

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में निवेशकों के अनुकूल माहौल बनाया गया है और इसी का परिणाम है कि वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में दुनिया भर से निवेशक उत्तराखंड पहुंचे हैं।

गुरुवार को नई दिल्ली में पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 120वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023 में वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन आयोजित किया था और अकेले उस सम्मेलन से ही राज्य को 3.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौते प्राप्त हुए हैं जिनमें से अब करीब एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में सफलता मिली है। कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में निवेशक केंद्रित नीतियों, बुनियादी ढांचे, कुशल जनशक्ति और सुशासन द्वारा स्वस्थ निवेश वातावरण की उपलब्धता सुनिश्चित की है। पहले राज्य में विनिर्माण इकाई लगाने के लिए अलग-अलग विभागों से विभिन्न प्रकार की स्वीकृतियां लेनी पड़ती थी और इसकी वजह से बहुत समय लगता था।

इस समस्या के समाधान के लिए उद्योगों की लाइसेंसिंग प्रोसेस को आसान बनाते हुए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था में सुधार किया है और औद्योगिक, लॉजिस्टिक, स्टार्टअप और एमएसएमई नीति सहित 30 से अधिक नीतियां लाकर राज्य में उद्योगों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराने का प्रयास भी किया। कहा कि, विनिर्माण क्षेत्र में बड़े उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए मेगा इंडस्ट्रियल पॉलिसी भी लागू की गयी है। स्टार्टअप को इनक्यूबेशन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 60 करोड़ रुपये से विश्वस्तरीय यू-हब की स्थापना करने के साथ ही उन्हें आसानी से फंड उपलब्ध कराने के वास्ते 200 करोड़ रुपये के वेंचर फंड की स्थापना भी की गयी है। राज्य में निवेश प्रोत्साहन के लिये यूके-स्पाइस नाम से निवेश प्रोत्साहन एजेंसी स्थापित कर निवेशकों को समर्पित 'निवेश मित्र' की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सीएम ने कहा कि, हमने जहां काशीपुर में अरोमा पार्क, सितारगंज में प्लास्टिक पार्क, काशीपुर में इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, पंतनगर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की है, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों को प्लग एंड प्ले मॉडल पर उद्यम स्थापना के लिए सिडकुल द्वारा रुद्रपुर, सेलाकुई और हरिद्वार में कम लागत वाली फ्लैटेड फैक्ट्रियां भी तैयार की जा रही हैं। वहीं, किच्छा फार्म में हजार एकड़ से अधिक भूमि पर एक स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं।

## योगासन प्रतियोगिता का आयोजन

**रानीखेत:** स्व जयदत्त वैला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के तत्वावधान में एक-दिवसीय अंतर-महाविद्यालयीय योगासन) प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के चार महाविद्यालयों-राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत, एसएसजे परिसर अल्मोड़ा, राजकीय महाविद्यालय मासी तथा राजकीय महाविद्यालय चौखुटिया की टीमों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. पी.एन. तिवारी, क्रीड़ा प्रभारी, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा तथा महाविद्यालय के अन्य सम्मानित प्राध्यापक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण, स्मृति चिन्ह, शॉल प्रदान कर किया गया।



चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनते डीएम साथ में सीडीओ व एडीएम।

## शिविर में डीएम ने किया समस्याओं का निस्तारण

**चम्पावत :** सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुँचाने के उद्देश्य से वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम-II के तहत बहुउद्देशीय सेवा शिविर का आयोजन जनपद चम्पावत के प्राथमिक विद्यालय तरकुली में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने ग्रामीणों, विशेषकर माताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया। शिविर में शिकायतों में विद्यालय तरकुली में अतिरिक्त कक्ष की मरम्मत, सिद्ध बाबा मंदिर का सौंदर्यकरण, स्कूल की चारदीवारी, कंप्यूटर की मांग, पेयजल योजना, सड़क संपर्क, राशन कार्ड सुधार, कृषि एवं मोटर मार्गों के डामरीकरण शामिल रहे। डीएम ने भूमि संबंधित और सुरक्षा बल से जुड़े मुद्दों पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के बाद उन्होंने छात्रों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। शिविर में विद्युत, दुग्ध, उद्योग, उरेडा, सहकारिता, होम्योपैथी, आयुर्वेद, बैंकिंग, स्वास्थ्य, पशुपालन, समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण, कृषि एवं खाद्य विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए।

## शिक्षण संस्थानों के पास पीली मार्किंग से सावधान

**चम्पावत :** डीएम मनीष कुमार के निर्देशानुसार, जनपद चम्पावत में नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शिक्षण संस्थानों के आसपास 100 गज की परिधि में पीली मार्किंग की कार्यवाही जारी है। इस मार्किंग का उद्देश्य स्पष्ट करना है कि इस परिधि के भीतर किसी भी प्रकार के तंबाकू और धूम्रपान उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। यदि कहीं भी इस प्रतिबंध का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस कदम से न केवल बच्चों और युवाओं को नशे के हानिकारक प्रभावों से सुरक्षित रखा जाएगा, बल्कि समाज में नशा मुक्त वातावरण के निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# वर्चुअल क्लास नेटवर्क से जुड़ेंगे 840 विद्यालय

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** सूबे के 840 राजकीय विद्यालय वर्चुअल क्लास नेटवर्क से जुड़ेंगे, जिससे इन विद्यालयों में हाईब्रिड मोड़ के तहत वर्चुअल और स्मार्ट क्लास दोनों का संचालन होगा। इस अभिनव पहल का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 11 अक्टूबर को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा स्थित आईसीटी लैब से करेंगे।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को बताया कि विद्यालयों में डिजिटल प्रसारण हेतु भारत सरकार की आईसीटी योजना के तहत राजीव गांधी नवोदय विद्यालय रायपुर में दो केन्द्रीय स्टूडियो का निर्माण किया गया है जिनके माध्यम से कक्षाओं का सजीव प्रसारण होगा। विद्यालयों के वर्चुअल क्लास नेटवर्क से जुड़ने से सीमांत एवं अन्य क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक भी आधुनिक शिक्षण सुविधाएं पहुंच सकेंगी और उनकी सीखने की क्षमता में सुधार होगा।

### कहां कितने विद्यालय

प्रत्येक जिले में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों को वर्चुअल क्लास नेटवर्क से जोड़ा गया है जिनमें अल्मोड़ा के 71, बागेश्वर 29, चमोली 68, चम्पावत 54, देहरादून, 55, हरिद्वार 53, नैनीताल 64, पौड़ी 103, पिथौरागढ़ 80, रुद्रप्रयाग 53, टिहरी 120, ऊधमसिंह नगर 51 तथा उत्तरकाशी में 39 विद्यालयों को वर्चुअल क्लास नेटवर्क से जोड़ा गया है।

## हरिद्वार में ब्लॉक प्रमुख निलंबित

**हरिद्वार, अमृत विचार:** भगवानपुर ब्लॉक प्रमुख करुणा कर्णवाल को गुरुवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। आरोप है कि करुणा के ताऊ और दर्जाधारी राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल ही उनके स्थान पर ब्लॉक प्रमुख के कार्यों का संचालन कर रहे थे। मामले की शिकायत मिलने पर प्रशासन ने जांच शुरू की थी।

जांच में पाया गया कि करुणा अपने अधिकारों और दायित्वों का निर्वहन स्वयं नहीं कर रही थीं। जांच रिपोर्ट के आधार पर पंचायती राज निदेशक निधि यादव ने उसके निलंबन के आदेश जारी किए हैं। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। सत्ताधारी पार्टी के स्थानीय नेताओं में भी इस कदम को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।



## गतका चैंपियनशिप में 16 सदस्यीय दल रवाना

**देहरादून, अमृत विचार:** गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नई दिल्ली के खालसा कॉलेज नार्थ कैंपस में आयोजित होने जा रही "9वीं राष्ट्रीय सब जूनियर एवं जूनियर गतका चैंपियनशिप-2025" में प्रतिभाग हेतु उत्तराखंड राज्य की 16 सदस्यीय टीम रवाना हो गई।

एसोसिएशन के महासचिव सतीश जोशी ने बताया कि 12 अक्टूबर तक होने जा रही चैंपियनशिप में चयनित खिलाड़ियों में ऋषभदीप सिंह, गुरकीरत सिंह, गुरजोत सिंह, अगमवीर सिंह, मनकीरत सिंह, जसराज सिंह, गुरकरन सिंह, गुरजोत सिंह, गुरज्योत सिंह, मानकरण सिंह, बलकार सिंह खिलाड़ी जबकि अतुल रावत टीम मैनेजर, सतविंदर सिंह टीम कोच एवं भवजोत सिंह सहायक कोच होंगे।

# अंतराग्नि में रहा फैशन का जलवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** आईआईटी कानपुर के वार्षिक सांस्कृतिक युवा महोत्सव अंतराग्नि की शुरुआत गुरुवार को हो गई। महोत्सव में देशभर से आए युवाओं के हौसलों और हुनर को नई उड़ान मिली। समारोह में इस बार 400 से अधिक संस्थान व कॉलेज शामिल हुए हैं। पहले दिन साहित्य कार्यक्रम 'अक्षर' में विद्वानों ने युवाओं के बीच साहित्य के छुए अनछुए पहलुओं को परोसा। विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हुईं।

अंतराग्नि के पहले दिन 'अक्षर' इवेंट ने युवाओं को आकर्षित किया। इस आयोजन में युवाओं ने सांस्कृतिक संगीत के साथ ही साहित्यकार 'मुंशी प्रेमचंद के माध्यम से बनारस' को भी समझा। इसके अलावा युवाओं के बीच हुए इवेंट में ऋंभरा का पहला राउंड हुआ। देर रात तक चले कार्यक्रमों में वाहवाही और तालियां गूंजती रहीं। अंतराग्नि के पहले दिन प्रसिद्ध फ़ैशन कार्निवल, ऋंभरा प्रीलिम्स आकर्षण का केंद्र रहा।

इस इवेंट के पहले दौर में 9 टीमें आमने-सामने हुई। इनमें एसएस जैन सुबोध कॉलेज, बीबीडी विश्वविद्यालय, मणिपाल विश्वविद्यालय, महारानी कॉलेज, एलआईसी कॉलेज, शारदा विश्वविद्यालय, सीवीएस शामिल रहा।

इसी तरह अन्य कॉलेजों में केशव महाविद्यालय और मेजबान आईआईटी कानपुर जैसे संस्थान शामिल रहे। इस आयोजन में प्रतिभागियों ने अभिनव फ़ैशन और डिज़ाइन प्रदर्शित किया।




दास्तान-ए-कैफी आजमी सुनाते हिमांशु वाजपेयी और प्रज्ञा शर्मा।




### रागा ने बांधा समां

समारोह में 'रॉक नाइट' में 'रागा मैजिक बैंड' ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। बॉलीवुड, रेट्रो और रॉक म्यूजिक की प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। 'हम तेरे प्यार में', 'छोड़ दो आंचल', 'ओ हसीना ज़ुल्फ़ोंवाले', 'मेरी यू', और 'ओम शांति ओम' जैसे गीत गाकर बैंड ने पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बनाया। रॉक नाइट का समापन अनुराग हलदर के रोमांचक प्रदर्शन से हुआ। इसी तरह टैलेंट फिएस्टा के साथ रात और रंगीन हो उठी, जिसमें फ्लूट बॉक्सर्स ने बांसुरी और बीटबॉक्सिंग का अनोखा संगम पेश किया, जबकि गायक रजत ने श्रोताओं के दिलों को छू लिया।

# रवाईखाल में हुआ पांच हेल्थ एटीएम का शुभारंभ

संवाददाता, बागेश्वर

- बीएमएस प्रोजेक्ट द्वारा 40 लाख के पांच हेल्थ एटीएम जनता को समर्पित

**अमृत विचार :** गुजरात के प्रमुख व्यवसायी व बमराड़ी निवासी बीएमएस प्रोजेक्ट के स्वामी भुवन गिरी गोस्वामी द्वारा दी गई दान राशि से प्रशासन द्वारा स्थापित पांच हेल्थ एटीएम जनता को समर्पित कर दिए गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रवाईखाल में पांच हेल्थ एटीएम का शुभारंभ करते हुए विधायक पार्वती दास ने कहा कि गोस्वामी परिवार द्वारा जनपद के स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता रहा है।

प्रास्वाकें रवाईखाल में फरसाली, दोफाड़ देवनाई, घिंघारतोला व दोफाड़ स्वास्थ्य केंद्र व रवाईखाल के हेल्थ एटीएम का प्रास्वाकेंद्र रवाईखाल में शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि गोस्वामी परिवार द्वारा अपने माता-पिता जमनु- किशन गिरी गोस्वामी की प्रेरणा से जनपद में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने में योगदान दिया है। बताया कि कोविड काल में राज्य का पहला निजी आक्सीजन प्लांट व आक्सीजन कंस्टेनेटर प्रदान किए। दानदाता भुवन गोस्वामी व गोपाल गोस्वामी की बहन सामाजिक कार्यकर्ता रेखा गोस्वामी ने कहा कि उनके भाईयों द्वारा माता-पिता की प्रेरणा से कई जनहित कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान अशोक लोहनी, डॉ. दीपक कुमार, मनीश कुमार, भगवत नेगी, गोकुल कठायत, अंकित नगरकोटी आदि मौजूद रहे।

अभियान | उत्तरी राज्यों ने बनाई सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की साझा रणनीति

# बेहतर समन्वय से सशक्त होगा सुरक्षा ढांचा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तरी क्षेत्र के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच बेहतर सहयोग बढ़ाने, नई चुनौतियों का मिलकर हल खोजने और पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर समन्वय मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुवार को उत्तरी क्षेत्र पुलिस समन्वय समिति (एनआरपीसीसी) की 12वीं बैठक का आयोजन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्तराखंड दीपम सेठ की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय, देहरादून में हुआ।

बैठक में प्रमुख रूप से मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध और डिजिटल माध्यमों से फैल रही कट्टरपंथी विचारधाराओं के अलावा, हाल ही में उत्तरी भारत के कई राज्यों में भारी वर्षा, बादल फटने और बाढ़ जैसी आपदाओं के मद्देनजर पुलिस बलों की आपदा प्रबंधन क्षमता और तैयारियों को और मजबूत बनाने पर विशेष चर्चा की गयी।



बैठक में रेलवे सुरक्षा, खासकर उत्तराखंड में आगामी महाकुंभ-2027 को ध्यान में रखते हुए रेलवे अवसंरचना की सुरक्षा पर चर्चा की गई। साथ ही, भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था और पर्यटन पुलिस की भूमिका को और प्रभावी बनाने के उपायों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

डीजीपी ने कहा कि बैठक से प्राप्त सुझाव अत्यन्त व्यावहारिक और उपयोगी सिद्ध होंगे, जो उत्तरी क्षेत्र में बेहतर समन्वय और मजबूत सुरक्षा ढांचे की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से डीजीपी हरियाणा शत्रुजीत कपूर, डीजी रेलवे उत्तर प्रदेश प्रकाश डी, विशेष आयुक्त, दिल्ली देवेश श्रीवास्तव, डीजीपी लद्दाख एसडी सिंह जम्वाल, डीजीपी चंडीगढ़ सागर प्रीत, एडीजी पंजाब नीलाभ किशोर, एसएसपी जम्मू-कश्मीर (स्पेशल ब्रान्च) नावेद, एसपी, एसडीआरएफ हिमाचल प्रदेश अर्जित सेन ठाकुर और एसपी सुरक्षा उत्तराखंड मंजूनाथ टीसी ने महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिया।

### सहयोग को बढ़ाने का लिया सामूहिक संकल्प

एडीजी अभिसूचना एवं सुरक्षा एपी अंशुमान ने कहा कि इस प्रकार के समन्वय मंच न केवल अंतरराज्यीय पुलिस सहयोग को सशक्त करते हैं, बल्कि राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसमें न केवल सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया गया, बल्कि आपसी समन्वय, क्षमता निर्माण और तकनीकी सहयोग को बढ़ाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर वी. गुरूगेशन, एडीजी, अपराध एवं कानून व्यवस्था सहित प्रदेश के समस्त पुलिस महानिरीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## महामंत्री बनने के बाद बुजुर्ग भाजपाईयों को नहीं भूले परिहार

**बागेश्वर :** आरएसएस के स्वयंसेवी से भाजपा के प्रदेश महामंत्री बनने के बाद कुंदन परिहार अपने गृह जनपद आने के बाद वरिष्ठ संघी व भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने उनके घर पहुंचे तथा उनको प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। अपने स्वागत कार्यक्रम के बाद उन्होंने पुराने कार्यकर्ताओं के घर घर जाकर उनका आशीर्वाद लिया। श्री परिहार ने पार्टी द्वारा स्वागत समारोह के बाद शांत तरीके से वरिष्ठ जनसंघी व भाजपा कार्यकर्ताओं से घर घर जाकर मुलाकात की। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता नंदन लाल साह, इमरजेंसी के दौरान जेल में रहे आचार्य बसंत बल्लभ पांडे, डा हर्ष मेहरा, लीलाधर पंडा समेत कई नेताओं के घर जाकर मुलाकात की।

# 800 मीटर दौड़ में मोहित और प्रिया ने मारी बाजी

संवाददाता, अल्मोड़ा

- धौलादेवी ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू
- पहले दिन विभिन्न खेलों का किया गया आयोजन

**अमृत विचार :** धौलादेवी ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। गुरुवार को प्रतियोगिता के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों बढ़चढ़कर भाग लेने के साथ ही अपना दमखम दिखाया।

गुरूड़ाबांज खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमा बिष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के अंडर 14 बालक वर्ग की 600 मीटर दौड़ में विजय कुमार, बालिका वर्ग में नीतू, 400 मीटर दौड़ में नीतू, गोला क्षेपण में विक्की कुमार प्रथम, बालिका वर्ग में भावना, अंडर 17 बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में अंकित सिंह, बालिका वर्ग में सोनी गोस्वामी, 800 मीटर बालक वर्ग में मोहित सिंह और प्रिया गोस्वामी प्रथम स्थान प्राप्त किया। यहां ब्लॉक खेल समन्वय राजेंद्र सिंह नयाल, वंदना चौधरी, सोनू कुमार, विरेंद्र कुमार, विजय गैड़ा, गिरीश मेलकानी, महेंद्र भैसोड़ा, नीरज सिंह, हरीश चौहान, ममता बलौदी, लोकेन्द्र सिंह, चारू पंत, नृपेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई

**बनबसा :** क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सुन्दर झांकी एवं शोभायात्रा निकली गई। वाल्मीकि समाज विकास परिषद बनबसा के तत्वावधान में परिषद के अध्यक्ष प्रेम पाल वाल्मीकि की अध्यक्षता में महर्षि वाल्मीकि मंदिर कैनाल कलोनी शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। झांकियों में भगवान महर्षि वाल्मीकि, लव एवं कुश के साथ, भगवान विष्णु कच्छ अवतार में विराजमान रहे, शिव पार्वती नृत्य करते हुए साथ में युवा लव एवं कुश अश्वमेघ घोड़े के साथ, महावीर बजरंग बली एव वानर सेना की झांकियां थी। शोभायात्रा का स्वागत एनएचपीसी परिसर में वरिष्ठ अधिकारी अतिथि जावेद अंसारी, केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश वत्स, स्टेट बैंक के नितेश द्वारा किया गया।



दुनिया आपके उदाहरण से बदलेगी, आपकी राय से नहीं।

-पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक



# धामी की रेल क्रांति

धामी की केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट और प्रदेश में रेल सुविधाओं, संजाल तथा अवसंरचना विस्तार पर उनकी सैद्धांतिक-व्यावहारिक सहमति हासिल करना उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास दिशा में बहुत उल्लेखनीय कदम होने वाला है, जिसके परिणाम दूरगामी होंगे। सूबे में रेल संजाल और सुविधाएं लगातार बढ़ रही हैं, तो इसमें केंद्र सरकार के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों का भी बहुत बड़ा योगदान है। फिलहाल देहरादून और हरिद्वार स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित करने में धामी का प्रयास रंग लाया, तो इन स्टेशनों पर आधुनिक प्रतीक्षालय, मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम, हरित ऊर्जा उपयोग और डिजिटल सूचना-प्रणालियां यात्रियों के अनुभव को विश्वस्तरीय बनाएंगी, जिससे पूरे उत्तराखंड में पर्यटन छवि और निवेश विश्वास को बल मिलेगा।

भविष्य में हल्द्वानी, काशीपुर और पौड़ी जैसे स्टेशनों को भी क्षेत्रीय महत्व के अनुसार पुनर्विकसित किया जा सकता है, ताकि राज्य का रेल ढांचा संतुलित रूप से बढ़े। उत्तराखंड में रेल नेटवर्क का तीव्र विकास केवल परिवहन, पर्यटन का विस्तार नहीं, बल्कि सामरिक, रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। पर्वतीय सीमाओं से सटे इस राज्य में रेलवे का प्रसार भारत की उत्तर सीमा की सुरक्षा, पर्यटन, उद्योग, स्थानीय उपज और यहां के रहवासियों के जीवन स्तर- सभी पर गहरा असर डालेगा। उत्तराखंड की लगभग 350 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा तिब्बत और नेपाल से लगी है। ऐसे में रेलवे नेटवर्क का विस्तार सीमा सुरक्षा बलों, आपदा राहत कार्यों और आपातकालीन रसद आपूर्ति के लिए रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। खासकर टनकपुर–बागेश्वर नई रेल लाइन और ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना इस लिहाज से केंद्रीय भूमिका निभाएंगी। कर्णप्रयाग तक रेल पहुंचने से चमोली, रुद्रप्रयाग और पौड़ी जैसे दुर्गम जिलों में रक्षा सामग्री, दवाइयां और आवश्यक वस्तुएं तीव्र गति से पहुंच सकेंगी। आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह नेटवर्क पर्यटन और व्यापार- दोनों को नई ऊर्जा देगा। इससे होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और खाद्य उद्योग को भी व्यापक प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश के बहुत से फल, फूल, सब्जियां, वनोपज तथा कृषि उत्पाद नजदीकी बाजार तक पहुंच सकेंगे। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग परियोजना पूरे गढ़वाल क्षेत्र को रेल मानचित्र पर जोड़ देगी। केदारनाथ, बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब जैसे तीर्थ स्थलों तक पहुंच आसान होने से धार्मिक और साहसिक पर्यटन में बेहतर वृद्धि की संभावना जगेगी।

ऋषिकेश–कर्णप्रयाग लाइन की सुरंगें और पुल निर्माण कार्य पारिस्थितिकी पर बुरा असर डाल सकते हैं, इसलिए निर्माण के दौरान कंपन और मलबा प्रबंधन, जल निकासी और भूस्खलन-नियंत्रण की वैज्ञानिक व्यवस्थाएं कड़ाई से लागू करनी होंगी। नुकसान को न्यूनतम रखने के लिए उत्तराखंड सरकार और पर्यावरण मंत्रालय को संयुक्त रूप से परियोजनाओं की रीयल-टाइम पर्यावरण निगरानी प्रणाली बनाना अत्यावश्यक है। रेल विस्तार उत्तराखंड की नियति बदलने वाला कदम साबित हो सकता है, बशर्ते विकास व पर्यावरण में संतुलन साधा जाए।

## प्रसंगवश

# गालिबे खस्ता के बगैर कौन से काम बंद हैं





शराफत अली खान

लेखक

लंबी मुकदमेबाजी के कारण मिर्जा गालिब की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी और उनके ऊपर कर्ज का बोझ भी बढ़ गया था। एक महान कवि के रूप में मान्यता प्राप्त कर लेना एक बात है और आराम की जिंदगी बसर कर पाना बिल्कुल दूसरी बात है। गालिब के आर्थिक साधन लगभग सदा ही उनकी आवश्यकताओं से कम रहे। जब तक उनकी मां जीवित रहीं, वे उन्हें आर्थिक सहायता देती रहीं। सन् 1840 में मां के निधन के बाद अब तक मिल रही यह सहायता भी बंद हो गई। अब यह आवश्यक हो गया था कि कुछ अतिरिक्त आर्थिक साधनों की तलाश करें, ताकि उनकी चिंताएं कुछ काम हो सकें। सन् 1840 में ही एक ऐसा अवसर आया कि उनकी आर्थिक परेशानी कुछ हद तक दूर हो सकती थी, लेकिन गालिब उससे लाभ उठा पाने में नाकाम रहे।

दिल्ली कॉलेज के विजिटर जेम्स थॉमसन कॉलेज के निरीक्षण के लिए आए। उन्होंने कहा कि कॉलेज में फारसी की शिक्षा की कोई संतोषप्रद व्यवस्था नहीं है। उन्होंने सिफारिश की कि इस कमी को दूर किया जाना चाहिए। किसी ने उनको मिर्जा गालिब का नाम सुझाया। थॉमसन ने गालिब को मिलने के लिए बुलाया। थॉमसन अंग्रेज सरकार के सचिव थे और गालिब को जानते थे। गालिब को सरकारी दरबारों में 'कुर्सीनशीन' का ओहदा मिला हुआ था और इस नाते वह थॉमसन से पहले भी मिल चुके थे।

थॉमसन के अनुरोध पर गालिब पालकी में उनके घर पहुंचे। वहां पर वह फाटक पर ही रुक गए और इंतजार करने लगे कि कोई बाहर आकर उनका स्वागत करे, तो वह भीतर जाएं। जिन लोगों को गवर्नर जनरल के दरबार में सम्मान का स्थान प्राप्त था, उनके लिए उस समय यही आम रिवाज था और अनुमानतः गालिब थॉमसन से जब-जब मिलने जाते रहे होंगे, तब उनका इसी प्रकार सम्मान करते रहे होंगे, लेकिन इस अवसर पर गालिब इंतजार करते रहे और उनके स्वागत के लिए कोई बाहर नहीं निकला।

थोड़ी देर बाद थॉमसन स्वयं बाहर आए और उन्होंने गालिब से पूछा कि आप पालकी से उतरकर भीतर क्यों नहीं आ गए। जब गालिब ने अपनी समस्या बताई तो थॉमसन ने कहा कि आपका औपचारिक स्वागत तो तभी किया जा सकता है, जब आप सरकारी अतिथि के रूप में आएं, इस समय आप दिल्ली कॉलेज में नौकरी प्राप्त करने के उद्देश्य से मुझसे मिलने आए हैं, इसलिए आपको परंपरागत स्वागत प्राप्त करने का हक नहीं है। इस पर गालिब की प्रतिक्रिया बड़ी तीखी रही।

उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली कॉलेज की नौकरी के सिलसिले में आपसे इसी उम्मीद से मिलने आया हूं कि इससे मेरा रुतबा बढ़ेगा और अपने देशवासियों और ब्रिटिश अधिकारी वर्ग की नजरों में मेरी इज्जत बढ़ जाएगी न कि इसलिए कि मेरी इज्जत और भी गिर जाए। अगर इस नौकरी के स्वीकार करने का मतलब यह है कि मैं उस इज्जत से हाथ धो बैठूं, जो मुझे इस समय प्राप्त है, तो फिर मैं इसे अस्वीकार करना ही पसंद करूंगा। यह कहकर वह अपनी पालकी में आ बैठे और घर वापस लौट आए।

# 1687 अमीरों की कुल नेटवर्थ = आधा 'हिंदुस्तान'





राजेश जैन

वरिष्ठ पत्रकार

भारत की असली ताकत उसके 140 करोड़ आम लोग हैं। किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार और युवा, जिनके सपनों पर आज धूल जमी है। अगर ये सशक्त होंगे, तभी भारत सचमुच शक्तिशाली बनेगा। असमानता केवल आर्थिक समस्या नहीं है, यह लोकतंत्र, समाज और देश की स्थिरता के लिए खतरा है। भविष्य का भारत केवल 1,687 अरबपतियों का नहीं, बल्कि करोड़ों मेहनतकश लोगों की उम्मीदों और संघर्षों से बना भारत होना चाहिए। विकास तभी सच्चा होगा, जब उसका लाभ सब तक पहुंचे।

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। स्टॉक मार्केट रिकॉर्ड बना रहा है, कॉरपोरेट कंपनियां अरबों-खरबों का कारोबार कर रही हैं और भारत अरबपतियों की संख्या में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है, लेकिन इस चमक-दमक के पीछे एक गहरी सच्चाई छिपी है। देश में अमीर-गरीब की खाई पहले से कहीं अधिक चौड़ी हो चुकी है।

एक अक्टूबर 2025 को 'एम-3 एम इंडिया और हुरुन रिच लिस्ट' जारी की गई, जिसमें 1,687 ऐसे भारतीय शामिल हैं, जिनकी संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इनकी कुल नेटवर्थ लगभग 167 लाख करोड़ रुपए है, जो भारत की जीडीपी का लगभग आधा है। यह आंकड़ा केवल अमीरों की गिनती भर नहीं है, बल्कि पूरे आर्थिक और सामाजिक ढांचे पर सवाल खड़ा करता है।

आज एक ही देश में दो बिल्कुल अलग दुनिया मौजूद हैं। एक ओर हैं वे उद्योगपति जिनके पास अरबों-खरबों की संपत्ति, विदेशी हवेलियां और निजी जेट हैं। दूसरी ओर करोड़ों लोग हैं, जो रोज 200–300 रुपये की दिहाड़ी पर काम करते हैं, जिनके पास स्थायी नौकरी या पक्की छत तक नहीं है। करोड़ों किसान कर्ज के बोझ तले दबे हैं, मजदूर शहरों की फैक्ट्रियों और निर्माण स्थलों पर पसीना बहाते हैं, लेकिन उन्हें अच्छा वेतन या मानदेय नहीं मिलता और युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के लिए अतिरिक्त संघर्ष करना पड़ता है। यह केवल आय का अंतर नहीं, बल्कि अवसरों और जीवन की गुणवत्ता का अंतर है।

असमानता का असर पीढ़ी दर पीढ़ी चलता है। गरीब माता-पिता अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं दिला पाते, नतीजा यह होता है कि अगली पीढ़ी भी गरीबी में जीती है। युवाओं में निराशा और हताशा पैदा होती है और यही माहौल अपराध, नशाखोरी और हिंसा को जन्म देता है। शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों और अपराध दर का बढ़ना इसकी सीधी झलक है।

लोकतंत्र पर भी असमानता का असर गहरा है। राजनीति में पैसे की ताकत सबसे अहम बन चुकी है। चुनावी चंदा बड़े कॉरपोरेट्स से आता है और नीतियां अक्सर उनके हितों के हिसाब से बनती हैं। आम नागरिक का वोट बराबर है, लेकिन उसकी आवाज और असर लगातार कम होता जा रहा है। धीरे-धीरे लोकतंत्र 'जनता का, जनता के लिए' से बदलकर 'धनवानों का, धनवानों के लिए' होने लगता है। अगर यह असंतुलन बढ़ता गया तो लोकतंत्र पर भरोसा कमजोर हो सकता है।

कुछ लोग मानते हैं कि अमीरों की संपत्ति से निवेश बढ़ेगा और रोजगार पैदा होंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि जब आम आदमी की जेब खाली होगी तो वह बाजार से सामान कैसे खरीदेगा? खपत घटने पर उद्योग भी ठप पड़ते हैं। निवेश उन्हीं क्षेत्रों में होता है, जहां अमीरों को मुनाफा दिखता है, न कि उन क्षेत्रों में जहां गरीब और मध्यमवर्ग की जरूरतें पूरी हों। यही कारण है कि विश्व बैंक और आईएमएफ तक मान चुके हैं कि असमानता आर्थिक विकास की गति को धीमा कर देती है।

वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब की 2024 रिपोर्ट के अनुसार भारत के शीर्ष 1% लोगों के पास देश की 40.1 फीसद संपत्ति है और उनकी आय हिस्सेदारी 22.6 प्रतिशत है। जबकि निचले 50 फीसदी वर्ग के पास केवल 6.4 प्रतिशत संपत्ति है। यानी असमानता ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। यह स्थिति केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि सड़कों, गांवों और कस्बों में साफ देखी जा सकती है, जहां आलीशान मॉल और हाई-राइज टावरों के बगल में टूटी-फूटी झुग्गियां खड़ी हैं।

दुनिया के कई देशों ने साबित किया है कि असमानता को कम करना संभव है। नॉर्डिक देश स्वीडन, नॉर्वे और डेनमार्क ने उच्च कर व्यवस्था और कल्याणकारी नीतियों से सभी नागरिकों को समान अवसर दिए। वहां शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं लगभग मुफ्त हैं और रोजगार के मौके बराबरी से उपलब्ध हैं।

चीन ने भी शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर बड़े निवेश किए और करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। इसके उलट अमेरिका में असमानता लगातार बढ़ रही है और सामाजिक तनाव का कारण बन रही है। भारत में भी केरल की शिक्षा और स्वास्थ्य नीतियां पूरे देश के लिए मॉडल हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताकत दी है। साथ ही केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं स्वास्थ्य सेवाओं को गरीबों तक पहुंचाने का प्रयास हैं।

इस खाई को पाटने के लिए सबसे जरूरी है आम आदमी का सशक्तिकरण। हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए सरकारी स्कूल और कॉलेज मजबूत किए जाएं। सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि गरीब इलाज के लिए कर्ज न लें। छोटे उद्योग, स्टार्टअप और स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाए। महिलाओं को शिक्षा और काम के बराबर अवसर दिए जाएं। इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना जरूरी है। अमीरों से उचित टैक्स लेकर उसका उपयोग गरीबों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर किया जाए।

> भविष्य का भारत केवल 1,687 अरबपतियों का नहीं, बल्कि करोड़ों मेहनतकश लोगों की उम्मीदों और संघर्षों से बना भारत होना चाहिए। विकास तभी सच्चा होगा, जब उसका लाभ सब तक पहुंचे।

## आमने सामने



हाल ही में कांग्रेस के एक बड़े नेता ने खुलासा किया कि 2008 के मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं, पाकिस्तान पर हमले को तैयार थीं, लेकिन किसी दूसरे देश के दबाव में कांग्रेस सरकार ने सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोक दिया। कांग्रेस को बताना होगा कि वह कौन था?

-**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

पीएम मोदी द्वारा मेरे लिए कही गईं बातें बिल्कुल गलत हैं और पूरी तरीके से काल्पनिक हैं। इस बयान के तीन भाग हैं, उनमें से प्रत्येक गलत हैं। यह पढ़कर निराशा होती है कि प्रधानमंत्री ने इन शब्दों की कल्पना की ओर उन्हें मेरे नाम से जोड़ दिया। -**पी चिदंबरम**, पूर्व गृहमंत्री



# अपंग व्यवस्था की देन हैं नकली दवाइयां



रोहित माहेश्वरी

स्वतंत्र पत्रकार

अगर आप डॉक्टर की बताई मात्रा और सही समय पर दवाइयां ले रहे हैं और आपकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा है, तो फिर आप जो दवा ले रहे हैं वो नकली हो सकती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में हर चौथी दवा नकली हो सकती है। बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेन किलर से लेकर कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं मार्केट में हैं। कई नामी देसी-विदेशी कंपनियों के नाम की ये दवाइयां सरेआम बिक रही हैं।

आगरा में नकली दवाओं के बड़े सिंडिकेट का पिछले माह पर्दाफाश हुआ है। जांच में सामने आया कि पुडुचेरी-चेन्नई में नकली दवाएं बनाकर आगरा में भंडारण कर चार राज्यों में खपाया जा रहा था। औषधि विभाग की टीम ने ऐसी आठ फर्मों की करीब 71 करोड़ की दवाएं सीज की हैं और तीन दवा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। सिंडिकेट में 40 दवा विक्रेताओं के शामिल होने के सुराग मिले हैं। दवाओं का काला कारोबार करने के लिए 15 डमी फर्म भी चिन्हित की हैं। इनके नाम पर ये कई राज्यों में कारोबार कर रहे थे। दवाओं को मंगवाने और भेजने में ये रेलवे सेवा का उपयोग कर रहे थे। पिछले साल नवंबर में आगरा के शास्त्रीपुरम इलाके में पशुओं की नकली दवाएं बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई थी।

नकली दवाओं के कारोबार का नेटवर्क पूरे देश में फैला है। इंसानों ही नहीं जानवरों की दवाईयां भी नकली बनाई जा रही हैं। इस काले धंधे के तार ऊपर से नीचे तक जुड़े हुए हैं। 1969 से संचालित देश के सबसे बड़े थोक दवा व्यापारिक केंद्रों में शुमार भागीरथी पैलेस पर पिछले तीन वर्षों में दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस ने छापेमारी कर 14 करोड़ से अधिक की नकली दवाएं पकड़ी हैं। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर नकली दवाएं कैंसर, हृदय, किडनी, डायबिटीज और नसों के रोगों से संबंधित थीं, जिन्हें नामी दवा कंपनियों के ब्रांड नाम से पैक कर बेचा जा रहा था। नकली दवाओं की पैकेजिंग, बारकोड-क्यूआर कोड मूल दवाओं जैसे होने से इनके खरीदार झांसे में आ जाते हैं।

डब्ल्यूएचओ का दावा है कि दुनिया में नकली दवाओं का कारोबार 200 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,60,000 करोड़ रुपये का है। नकली दवाएं 67 फीसदी जीवन के लिए खतरा होती हैं। बची हुई दवाएं खतरनाक भले ही ना हों, लेकिन उनमें बीमारी ठीक करने वाला साल्ट नहीं होता, जिससे मरीज की तबीयत ठीक नहीं होती। आखिरकार मर्ज बिगड़ता चला जाता है, जिससे वह मौत के मुंह तक चला जाता है। नकली या घटिया दवाओं के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट का भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। एसोचैम की एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 25 फीसदी दवाएं नकली या घटिया हैं। भारतीय मार्केट में इनका कारोबार 352 करोड़ रुपये का है।

2024 में तेलंगाना में करोड़ों की नकली या घटिया दवाइयां पकड़ी गईं। तेलंगाना ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की जांच में खुलासा हुआ कि नामी कंपनियों के नाम से बनी इन दवाइयों में चाक पाउडर या स्टार्च था। इसी तरह कैप्सूल एमोक्सिसिलिन का है तो उसमें सस्ती पैरासिटामॉल भरी हुई थी। 500 ग्राम एमोक्सिसिलिन साल्ट की मात्रा सिर्फ 50 ग्राम ही थी। कैंसर तक की नकली दवाएं पकड़ी गईं। ये सभी दवाएं उत्तराखंड के काशीपुर और यूपी के गाजियाबाद से तेलंगाना पहुंची थी। इन दवाओं की पैकिंग बिल्कुल असली लग रही थीं।

उत्तराखंड में पिछले साल कई दवा कंपनियों के सैंपल जांच में खरे नहीं उतरे तो उनका लाइसेंस कैंसल किया गया। यह सभी दवाइयां उत्तराखंड में बन रही थीं। इसी तरह आगरा के मोहम्मदपुर में 2024 में नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई। पुलिस ने 80 करोड़ रुपये की नकली दवाएं पकड़ी थीं, इसमें कैंसर, डायबिटीज, एलर्जी, स्लीपिंग पिल्स और एंटीबायोटिक्स दवाएं शामिल थीं। इसी तरह देश के कई राज्यों में छापेमारी कर नकली दवाओं की खेप पकड़ी गई। इससे पहले कोविड-19 के समय भी देश भर में नकली रेमडेसिवीर के इंजेक्शन सप्लाई करने के मामले तक सामने आए थे।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भी कई ऑपरेशन में पिछले सालों में दिल्ली-एनसीआर में चल रहे कई सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। गाजियाबाद के लोनी स्थित ट्रोनिका सिटी में नकली दवाओं का गोदाम पकड़ा, जिसका मास्टरमाइंड एक डॉक्टर निकला। ये सोनीपत के गन्नौर स्थित फैक्ट्री में भारत, अमेरिका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका की सात बड़ी कंपनियों के 20 से ज्यादा ब्रांड की नकली दवा तैयार कर रहे थे। इंडिया मार्ट और भागीरथ प्लेस तक में इनकी सप्लाई थी। भारत के अलावा चीन, बांग्लादेश और नेपाल में एक्सपोर्ट करते थे।

नामी ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली या घटिया दवाइयां बनती हैं, क्योंकि इसके जरिए जालसाज मोटा मुनाफा कमाते हैं। दूसरी तरफ, जेनेरिक दवाइयों के नकली होने के मामले अभी तक सामने नहीं आए हैं, क्योंकि इन्हें नकली बनाने पर ज्यादा मुनाफा नहीं होने वाला है। जेनेरिक दवाएं काफी सस्ती होती हैं। खास बात यह है कि यह ब्रांडेड दवाओं की तरह ही फायदा करती हैं। सरकार जेनेरिक दवाइयों को बढ़ावा दे रही है। इन्हें आप मेडिकल स्टोर और जन औषधि केंद्र से भी खरीद सकते हैं।

> एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में हर चौथी दवा नकली हो सकती है। बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेन किलर से लेकर कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं मार्केट में हैं।

## सोशल फोरम

# हम उस जमाने के बच्चे हैं!



डॉ. पवन विजय

ब्लॉगर

पांचवी तक घर से तख्ती लेकर स्कूल गए थे... स्लेट को जीभ से चाटकर अक्षर मिटाने की हमारी स्थायी आदत थी। इस पापबोध के साथ कि विद्यामाता नाराज न हो जाएं। कक्षा के तनाव में पेंसिल का पिछला हिस्सा चबाकर ही हमने तनाव मिटाया था। स्कूल में टाट-पट्टी की अनुपलब्धता में घर से बोरी का टुकड़ा बैठने के लिए बगल में दबा कर भी साथ ले जाते थे। कक्षा छः में पहली दफा हमने अंग्रेजी का अल्फाबेट पढ़ा और पहली बार एबीसीडी देखी, स्मॉल लेटर में बढ़िया 'एफ' बनाना हमें बारहवीं तक भी न आया था। करसीव राइटिंग भी कॉलेज में जाकर ही सीख पाए।

उस जमाने के हम बच्चों की अपनी एक अलहदा दुनिया थी। कपड़े के थैले में किताब और कापियां जमाने का विन्यास हमारा अधिकतम रचनात्मक कौशल था। तख्ती पोतने की तन्मयता हमारी एक किस्म की साधना ही थी। हर साल जब नई कक्षा के बस्ते बंधते (नई कापी-किताबें मिलतीं) तब उन पर जिल्द चढ़ाना हमारे जीवन का स्थायी उत्सव था। सफेद शर्ट और खाकी पैंट में जब हम माध्यमिक कक्षा पहुंचे, तो पहली दफा खुद के कुछ बड़े होने का अहसास तो हुआ, लेकिन पैंट पहन कर हम शर्मा रहे थे, मन कर रहा था कि वापस निकर पहन लें। साइकिल से रोज सुबह कतार बनाकर चलना और साइकिल की रेस लगाना हमारे जीवन की अधिकतम प्रतिस्पर्धा थी।

हर तीसरे दिन पंप को बड़ी युक्ति से दोनों टांगो के मध्य फंसाकर साइकिल में हवा भरते, मगर फिर भी खुद की पैंट को हम काली होने से बचा न पाते। स्कूल में पिटते, कान पकड़ कर मुर्गा बनते ,मगर हमारा ईगो हमें कभी परेशान न करता। हम उस जमाने के बच्चे शायद तब तक जानते नहीं थे कि ईगो होता क्या है!

क्लास में पिटाई का रंज अगले घंटे तक काफूर हो जाता और हम अपने पूरे खिलंदड़ेपन से हंसते पाए जाते। रोज सुबह प्रार्थना के समय पीटी के दौरान एक हाथ फासला लेना होता, मगर फिर भी धक्का-मुक्की में अड़ते-भिड़ते सावधान विश्राम करते रहते।

हम उस जमाने के बच्चे सपने देखने का सलीका नहीं सीख पाए थे। मां-बाप को भी ये कभी नहीं बता पाते थे कि हम उन्हें कितना प्यार करते हैं, क्योंकि 'आई लव यू मॉम-डेडी' नहीं आता था। हम उस जमाने से निकले बच्चे गिरते संभलते लड़ते-भिड़ते दुनिया का हिस्सा बने हैं। कुछ मंजिल पा गए हैं तो कुछ यूं ही खो गईं हैं। पढ़ाई फिर नौकरी के सिलसिले में लाख शहर में रहें, लेकिन जमीनी हकीकत जीवनपर्यंत पीछा करती रहती हैं। **-फेसबुक वाल से**

## सामयिकी

# धराली की महिलाओं का बढ़ता दर्द



सीमा अग्रवाल

लेखिका

"हमारे गांव धराली में आई बाढ़ को एक महीने से ज्यादा गुजर चुका है, लेकिन हम अब भी तंबुओं में यूं बंजारों की तरह जिंदगी गुजार रहे हैं। यहां न सुरक्षा है और न गोपनीयता। हमारी जिंदगी में अब बस इंतजार रह गया है।" ये शब्द हैं मंजू बिष्ट के, जिनका घर धराली में आई पांच अगस्त की त्रासदी में बह गया। मंजू आगे कहती हैं, "हमारा सब कुछ खत्म हो गया। यहां तक कि जिस कपड़े में खड़े हैं, वह भी किसी से मांगकर लाए हैं। काश इस बाढ़ में मैं भी बह जाती।"

उत्तराखंड के धराली में आई आपदा ने तमाम ग्रामीणों से उनका आशियाना छीन लिया। मंजू जैसी कई महिलाएं हैं, जिनके सामने इस वक्त, रोटी, रोजगार के अलावा पहनने के कपड़ों की भी दिक्कत है। धराली की महिलाएं मांगे हुए कपड़ों पर गुजारा रही हैं। उनका सवाल है कि परजीवियों जैसा जीवन हमें कब तक बिताना है, इसकी हमको जानकारी भी नहीं है। हमें ये नहीं पता कि कब तक हम अपनी पुरानी जिंदगी में लौटेंगे। ये संभव होगा भी, इसकी भी उम्मीद कम है।

मंजू के साथ धराली गांव की 249 महिलाओं की यही पीड़ा है। ये वो महिलाएं हैं, जो आपदा से प्रभावित होकर घर से बेघर हुई हैं। यहां गर्भवती महिलाओं के लिए स्थिति और भी खतरनाक हो गई है। पहाड़ी क्षेत्रों में आपदा सिर्फ प्राकृतिक घटना नहीं होती, बल्कि एक सामाजिक-आर्थिक संकट बनकर आती है, जो यहां की महिलाओं से घर, आजीविका, स्वास्थ्य और मानसिक शांति सब छीन लेती है। उनके सामने अपने अस्तित्व को बनाए रखने की चुनौती पैदा करती हैं। समाजशास्त्रियों के अनुसार वैसे तो कोई भी आपदा अपने साथ कई समस्याएं लाती है, लेकिन बात महिलाओं की और बच्चों की हो तो वे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं।

पांच अगस्त को खीर गंगा में ऐसा सैलाब आया, जिसने पलक झपकते ही धराली बाजार और आधे गांव को मलबे के ढेर में बदल दिया। आज भी धराली में हालात जस के तस हैं, चारों तरफ सिर्फ मलबा ही मलबा दिखाई दे रहा है। प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमें गांव में स्थितियां सामान्य करने का प्रयास कर रही हैं। धराली और उससे जुड़े इलाकों हर्षिल, बगोर मुखवा, गंगोत्री धाम की महिलाएं कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं।


पहाड़ी इलाकों में रोजगार की कमी, कृषि की घटती उत्पादकता, जलवायु परिवर्तन और शिक्षा की कमी के कारण परिवार के पुरुष मैदानी इलाकों की ओर रुख करते हैं। ग्राम विकास विभाग के अंतर्गत बने पलायन आयोग ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि वर्ष 2018 से 2022 के मध्य उत्तराखंड के 24 गांव वीरान हो गए और राज्य में वीरान गांव की कुल संख्या आज 1726 है। घरों के पुरुष जब पलायन कर जाते हैं, तो परिवार की आजीविका से लेकर खेती, बच्चों-बुजुर्गो सभी की जिम्मेदारी महिला पर आ जाती है। ऐसे में धराली जैसी आपदा महिलाओं का संकट और बढ़ा देती है।

धराली पर्यटन और बागबानी आधारित अर्थव्यवस्था वाला इलाका है। उत्तरकाशी जिले का यह छोटा सा गांव गंगोत्री हाइवे पर स्थित है, जहां हर साल लाखों पर्यटक आते हैं। धराली की महिलाएं होम स्टे और सेब की खेती करके अपना परिवार चलाती थीं। इस बाढ़ ने उनकी आजीविका छीन ली है। धराली के सेब के खेत मलबे से भर गए हैं। होम स्टे बह गए हैं, जिसने धराली की आत्मनिर्भर महिलाओं को बेरोजगार, बेघर दोनों बना दिया है। बाढ़ के बाद सड़कें टूट गई हैं। ऐसे में गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना मुश्किल हो गया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



भारतीय इंजीनियर, नवप्रवर्तक और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक ने अपने वैज्ञानिक और तकनीकी योगदानों के माध्यम से न सिर्फ लद्दाख, बल्कि दुनिया को कई बड़े आविष्कार दिए हैं। कहते यहां तक हैं कि थ्री ईडियट फिल्म में आमिर खान वाला किरदार फुंगसुक, वांगचुक से ही प्रेरित था। आइए आपको बताते हैं कि उन्होंने अपने आविष्कारों और खोजों से कैसे जिंदगी को आसान बनाया है।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

# जिंदगी बदल देने वाले वांगचुक के आविष्कार

## लाई-फाई आधारित माउंटेन-टॉप लेजर 5जी इंटरनेट

सोनम वांगचुक ने लाईफाई (लाइट फिडेलिटी) तकनीक का उपयोग करके लद्दाख में दुनिया का पहला माउंटेन-टॉप लाईफाई लेजर 5 जी इंटरनेट सिस्टम स्थापित किया। यह तकनीक प्रकाश (विशेष रूप से लेजर बीम) का उपयोग करके डेटा ट्रांसमिट करती है, जो पारंपरिक रेडियो आधारित टेलीकॉम टावरों का एक ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण अनुकूल विकल्प है। इस सिस्टम ने पहाड़ी क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच को संभव बनाया, जहां सामान्य टेलीकॉम सिग्नल बाधित हो जाते हैं।

इस सिस्टम में एक लेजर ट्रांसमीटर को पहाड़ की चोटी पर स्थापित किया जाता है, जो रेडियो सिग्नल को लेजर बीम में परिवर्तित करता है। यह लेजर बीम, जिसमें इंटरनेट सिग्नल छिपा होता है, 3 .5 किलोमीटर दूर एक श्रपव टावर से ऑप्टिकल सिग्नल प्राप्त करता है और इसे 10 किलोमीटर तक ट्रांसमिट कर सकता है, जिसमें 10 जीबीपीएस (गीगाबिट्स प्रति सेकेंड) की बैंडविड्थ होती है। रिसीवर इस सिग्नल को स्थानीय टेलीकॉम टावर या स्कूल जैसे स्थानों तक पहुंचाता है। कठोर हिमालयी परिस्थितियों में उपकरणों को सुरक्षित रखने के लिए वांगचुक ने पावर बैंक के लिए एक विशेष केसिंग डिजाइन की, जो आंतरिक तापमान को लगभग 15 डिग्री सेल्सियस पर बनाए रखती है। खास बात यह है कि यह सिस्टम पारंपरिक टेलीकॉम टावरों की तुलना में बहुत कम ऊर्जा (केवल कुछ सौ वाट) का उपयोग करता है। वांगचुक ने दावा किया कि यह तकनीक सैटेलाइट्स, गूगल के बैलून या एमाजोन के सैटेलाइट्स जैसे समाधानों की तुलना में कम प्रदूषण और कम अंतरिक्ष कचरा पैदा करती है। पहाड़ों को अब बाधा के बजाय प्राकृतिक टावर के रूप में उपयोग किया जाता है, जिससे लद्दाख जैसे क्षेत्रों में इंटरनेट पहुंच संभव हुई। बताते चलें कि कोविड-19 महामारी के दौरान, जब ऑनलाइन शिक्षा की आवश्यकता बढ़ी, इस तकनीक ने स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट उपलब्ध कराया। उनकी लाई-फाई आधारित माउंटेन-टॉप लेजर 5 जी इंटरनेट तकनीक ने दुर्गम क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी प्रदान की, जो भारत के डिजिटल इंडिया मिशन को समर्थन देता है।



## कृत्रिम हिमनद-आइस स्तूप

वांगचुक ने लद्दाख में गर्मियों के दौरान पानी की कमी और किसानों की समस्याओं को देखा। पारंपरिक ग्लेशियर ऊंचाई पर होने के कारण जल्दी पिघल जाते हैं और पानी का उपयोग सीमित होता है। इस समस्या को हल करने के लिए उन्होंने एक ऐसी तकनीक विकसित की, जो पानी को निचले क्षेत्रों में लंबे समय तक उपलब्ध करा सके।

वांगचुक ने जल संरक्षण के लिए एक अनूठी तकनीक, आइस स्तूप, विकसित की। यह कृत्रिम हिमनद (ग्लेशियर) हैं, जो सर्दियों में पानी को बर्फ के शंकु के रूप में जमा करते हैं। गर्मियों में यह बर्फ धीरे-धीरे पिघलकर खेती और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराती है। एक आइस स्तूप 10 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई करने में सक्षम है, जिसने लद्दाख जैसे शुष्क क्षेत्रों में जल संकट को कम करने में मदद की। इस नवाचार को वैश्विक स्तर पर सराहना मिली और इसे जलवायु परिवर्तन से निपटने का प्रभावी समाधान माना जाता है। इस तकनीक का उद्देश्य जल संकट को कम करना, टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना और स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाना है।

## सौर ऊर्जा आधारित तकनीक

वांगचुक ने पैसिव सोलर बिल्डिंग तकनीक विकसित की, जो लद्दाख जैसे ठंडे क्षेत्रों में ऊर्जा-कुशल इमारतें बनाने में मदद करती है। ये इमारतें सौर ऊर्जा का उपयोग करके गर्म रहती हैं और जीवाश्म ईंधन की आवश्यकता को समाप्त करती हैं। उनके द्वारा डिजाइन किया गया सीइसीएमओएल (स्टूडेंट्स एजूकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख) परिसर पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर चलता है, जो खाना पकाने, प्रकाश और तापन के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भर नहीं है।

## सेना के लिए सौर टेंट

वांगचुक ने भारतीय सेना के लिए सौर ऊर्जा से संचालित पीएसटी (पैसिव सोलर टेंट) विकसित किए, जो लद्दाख जैसे ठंडे और सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों के लिए गर्मी और ऊर्जा प्रदान करते हैं। ये टेंट ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण अनुकूल हैं, जिससे सेना को कठिन परिस्थितियों में सहायता मिली। यह नवाचार न केवल सैनिकों के जीवन को आसान बनाता है, बल्कि पर्यावरण अनुकूल और लागत प्रभावी तरीके से राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करता है।

## पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ खेती

वांगचुक ने लद्दाख में सैकड़ों हेक्टेयर बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने में योगदान दिया। आइस स्तूप के माध्यम से पानी की उपलब्धता बढ़ाने के अलावा, उन्होंने टिकाऊ खेती के तरीके विकसित किए, जिससे हजारों पेड़ और बगीचे लगाए गए। यह लद्दाख के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण रहा। वांगचुक ने लद्दाख की सैकड़ों हेक्टेयर बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने में योगदान दिया। लद्दाख का शुष्क और ठंडा मरुस्थलीय क्षेत्र खेती के लिए चुनौतीपूर्ण है, लेकिन उनके प्रयासों से बंजर भूमि को हरित क्षेत्रों में बदला गया। वांगचुक ने हजारों पेड़ लगवाए, विशेष रूप से वे प्रजातियां, जो लद्दाख की कठोर जलवायु में जीवित रह सकती हैं, जैसे विलो और पॉपलर। ये पेड़ मिट्टी को स्थिर करते हैं और नमी बनाए रखने में मदद करते हैं। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के बजाय जैविक खेती के तरीकों को प्रोत्साहित किया, जो मिट्टी की उर्वरता को दीर्घकालिक रूप से बनाए रखता है।

## शिक्षा सुधार के लिए तकनीकी दृष्टिकोण

सोनम वांगचुक ने 1988 में सीइसीएमओएल की स्थापना की, जो लद्दाख के ग्रामीण बच्चों को प्रैक्टिकल और पर्यावरण केंद्रित शिक्षा प्रदान करता है। उन्होंने पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को चुनौती दी और प्रकृति, पर्यावरण और व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित एक शैक्षिक मॉडल विकसित किया। उन्होंने पारंपरिक शिक्षा प्रणाली की कमियों को पहचाना और ऑपरेशन न्यू होप के तहत सरकारी स्कूलों में सुधार लाए।

उनके इन नवाचारी कार्यों के लिए उन्हें रमण मैग्सेसे पुरस्कार (2018) मिला, जिसे 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' माना जाता है। इसके अलावा रोलेक्स अवॉर्ड फॉर एंटरप्राइज (2016), ग्लोबल अवॉर्ड फॉर सस्टेनेबल आर्किटेक्चर (2017) और अशोक फेलोशिप फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप (2002) से नवाजा गया।

---

## टेक अपडेट्स

### जोहो मेल : बढ़िया फीचर्स के साथ इंडियन मेल सर्विस




भारत में "मेड इन इंडिया" ऐप्स की लहर लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में जोहो कार्पोशन का बनाया गया अराटाई और जोहो मेल देश में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। खास बात यह है कि अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी जोहो मेल का उपयोग कर रहे हैं, जिससे इसकी विश्वसनीयता और भी बढ़ गई है।


- **क्या है जोहो मेल?**

जोहो मेल एक एड-फ्री और सिक्योर ईमेल सर्विस है, जिसे जोहो कॉर्पोरेशन ने बनाया है। इसका इंटरफेस जीमेल और आउटलुक जैसा है। यह प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को कस्टम डोमेन ईमेल बनाने की सुविधा देता है, जो छोटे व्यवसायों और प्रोफेशनल्स के लिए बेहद उपयोगी है।

- **प्रमुख फीचर्स**

एड-फ्री और प्राइवेसी- फोकस्ड प्लेटफॉर्म टीम, कोलेबोरेशन फीचर्स, जैसे पोस्ट बनाना, टैग करना और ईवेंट प्लानिंग, 1 जीबी तक की फाइल अटैचमेंट, बड़ी फाइलें अपने आप लिंक में कन्वर्ट हो जाती हैं। ईमेल को भेजने के बाद भी अनसेंड करने की सुविधा और
एस/एमआईएमई सपोर्ट के जरिए बेहतर एन्क्रिप्शन और डिजिटल सिग्नेचर।

- ऑटो ईमेल सॉर्टिंग- नोटिफिकेशन, न्यूजलेटर आदि अलग-अलग फोल्डरों में विभाजित कैलेंडर, टास्क, नोट्स और कॉन्टैक्ट्स का एकीकृत सेटअप जोहो मेल की ये खूबियां इसे जीमेल के मुकाबले एक मजबूत देसी विकल्प बनाती हैं। इसका सुरक्षित और एड-फ्री अनुभव भारत में डिजिटल आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।



# रहस्य का पिटारा है डार्क मैटर

डार्क मैटर को रहस्य का पिटारा कहें तो गलत नहीं होगा। यह ऐसा तत्व है, जो दिखता नहीं है, लेकिन ब्रह्मांड में इसका प्रभाव महसूस होता है। ब्रह्मांड का लगभग 85 फीसदी द्रव्यमान इसी से बनता है। अजीब बात यह है कि इसे देखा नहीं जा सकता। ऐसा इसलिए है, क्योंकि यह प्रकाश या किसी अन्य विद्युत चुंबकीय विकिरण को अवशोषित, परावर्तित या उत्सर्जित नहीं करता है। यह सिर्फ अपने गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण ही महसूस किया जा सकता है, जो इसे दिखाई देने वाले पदार्थ पर डालता है। आइए सबसे पहले जानते हैं कि डार्क मैटर है क्या? डार्क मैटर को सीधे तौर पर देखने के बजाय, वैज्ञानिक इसके अस्तित्व का पता इसके द्वारा किए जाने वाले गुरुत्वाकर्षण खिंचाव से लगाते हैं। वैज्ञानिक रिसर्च के जरिए इसे कई तरीकों से महसूस किया जाता है।

### आकाशगंगाओं का घूमना

आकाशगंगाओं के बाहरी हिस्सों में तारे बहुत तेजी से घूमते हैं। यह घूमते हुए कहीं से कहीं भी पहुंच सकते हैं, लेकिन ऐसा होता नहीं है। वह सिर्फ दिखाई देने वाले पदार्थ के गुरुत्वाकर्षण से बंधे नहीं हैं। इसका मतलब है कि वहां कुछ अदृश्य अतिरिक्त द्रव्यमान है, जो उन्हें एक साथ बांधकर रखता है।

### आकाशगंगाओं का निर्माण


ब्रह्मांड में हजारों आकाश गंगाएं हैं। यह हमें पता है कि ब्रह्मांड लगातार विस्तार ले रहा है। ऐसे में आकांश गंगाएं बिखर सकती हैं, लेकिन डार्क मैटर आकाशगंगाओं के समूहों को गुरुत्वाकर्षण से एक साथ खींचता है।

### गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग

नजर न आने वाला डार्क मैटर इतना विशाल है कि यह प्रकाश के मार्ग को मोड़ सकता है, ठीक वैसे ही जैसे एक लेंस करता है। इसी वजह से इसे गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग भी कहा जाता है।

### ब्रह्मांडीय संरचना का विकास

वैज्ञानिकों का मानना है कि डार्क मैटर ने ब्रह्मांड निर्माण के प्रारंभिक काल में आकाशगंगाओं के निर्माण के लिए एक ढांचा प्रदान किया था। आखिर डार्क मैटर का रहस्य क्या है? डार्क मैटर का सबसे बड़ा रहस्य इसकी वास्तविक प्रकृति है। यह सिर्फ महसूस होता है, इसलिए वैज्ञानिक अब तक नहीं जान पाए हैं कि यह किस चीज से बना है। कण भौतिकी के वर्तमान मानक मॉडल में ऐसा कोई कण नहीं है, जो डार्क मैटर के गुणों से मेल खाता हो।



### इसके बावजूद कुछ संभावनाएं वैज्ञानिक मानते हैं

- आदिम ब्लैक होल : कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि डार्क मैटर का एक छोटा हिस्सा बिग बैंग के तुरंत बाद बने छोटे ब्लैक होल से बना हो सकता है।
- एक्सियोन : ये हल्के, विद्युत आवेश-रहित कण होते हैं, जिन्हें सैद्धांतिक रूप से डार्क मैटर का एक अच्छा उम्मीदवार माना जाता है।
- कमजोर रूप से अंत :क्रिया करने वाले विशाल कण : ये ऐसे भारी कण हैं, जो गुरुत्वाकर्षण के अलावा किसी अन्य बल के साथ कमजोर रूप से अंत :क्रिया करते हैं।

डार्क मैटर के रहस्य को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक कण कोलाइडर का उपयोग करके डार्क मैटर कणों को बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इन कोशिशों के बावजूद, डार्क मैटर की प्रकृति आज भी एक गहरा रहस्य है।

## विज्ञान फैक्ट

### पुरुषों की दाढ़ी आती है औरतों को क्यों नहीं




जन्म के बाद मानव में सबसे ज्यादा विकास किशोरावस्था में होता है। ग्यारह से तेरह वर्ष की उम्र के किशोरों में यौन ग्रंथियों का विशेष विकास होता है। इस उम्र में पुरुषों के यौन ग्रंथिया एंड्रोजन हार्मोन पैदा करती हैं, जो दाढ़ी और छाती के बालों में वृद्धि करते हैं। जबकि स्त्रियों की यौन ग्रंथियां एंड्रोजन की बजाए एस्ट्रोजन हार्मोन पैदा करती हैं। यही कारण है कि पुरुषों में दाढ़ी होती है और स्त्रियों में नहीं।

## रोचक किस्सा

### विलियम बकलैंड

विलियम बकलैंड ऑक्सफोर्ड के कॉरपस क्रिस्टी कॉलेज के पूर्व छात्र और चार्ल्स डार्विन के समकालीन को जीवाश्म डायनासोर, मेगालोसॉरस का संपूर्ण विवरण लिखने वाले पहले व्यक्ति के रूप में याद किया जाता है। हालांकि अपने खाली समय में वह एक ऐसा व्यक्ति भी था, जो सब कुछ खाने पर जोर देता था। हमारा मतलब सब कुछ है, जिसमें भुना हुआ हेजहॉग, गमले में रखा शुतुरमुर्ग, तेंदुआ, पॉरपॉइज, पिल्ले और यहां तक कि चमगादड़ का मूत्र भी शामिल है। हालांकि बगीचे के छछूंदर स्पष्ट रूप से बहुत दूर थे। शायद बकलैंड की सबसे बड़ी स्वाद संबंधी उपलब्धि कथित तौर पर राजा लुई-चौदहवें का सिकुड़ा हुआ दिल खाना है। एक ऐसा अंतर, जो यकीनन मेगालोसॉरस के उनके विवरण को ढक देता है। शायद इतिहास की पुस्तकों में जगह पाने की इच्छा रखने वाले किसी भी वैज्ञानिक को प्रयोग छोड़ देना चाहिए और अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चीज को चबाना शुरू कर देना चाहिए।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,172.10 | 25,181.80 |
| बढ़त | 398.44 | 135.65 |
| प्रतिशत में | 0.49 | 0.54 |

सोना 1,26,600 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,63,000 प्रति किलो

अमृत विचार

हल्द्वानी, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

www.amritvichar.com




## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2550, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2245, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13 किग्रा 1975, जय जवान 1990, सचिन 2040, सूरज 1990, अवसर 1920, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1920, क्लासिक (किग्रा) 2130, मोर 2185, चक्र टिन 2315, ब्लू 2150, आशीर्वाद मस्टर्ड 2410, स्वास्तिक 2505

**किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 14000, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1-5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 12800, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 7050, दाल चना 7450, दाल चना मोटी 7600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 8600, मोटा हीरा 10700, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8600, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी :** डालमियां 4480, पीलीभीत 4400, सितारगंज 4360, धामपुर 4480

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5200, मसूरी- 1900, बासमती- 9000, परमल- 3100

**दाल दलहन :** काला चना- 7000, साबुत चना दाल- 6500, मूंग साबुत- 8700, राजमा- 12200-14000, दाल उड़द- 9000, साबुत मसूर दाल- 7200, मसूर दाल- 6200, उड़द साबुत- 8300, काबुली चना- 10200, अरहर दाल- 11000, लोबिया/करमानी- 8600

# भारत की वृद्धि गाथा का हिस्सा बनें वैश्विक निवेशक : प्रधानमंत्री

### मोदी बोले- प्रौद्योगिकी केवल सुविधा का साधन नहीं, समानता का माध्यम भी है

**ग्लोबल फिनटेक फेस्ट**

मुंबई, एजेंसी



मुंबई में भारत-यूके सीईओ फोरम में एक समूह के साथ ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टारमर के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वैश्विक कंपनियों का भारत की वृद्धि गाथा का हिस्सा बनने का आह्वान करते हुए कहा कि देश दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी केवल सुविधा का साधन नहीं, बल्कि समानता का माध्यम भी है।

उन्होंने कहा कि इस समावेशी दृष्टिकोण ने भारत की बैंकिंग प्रणाली को बदल दिया है। पहले बैंकिंग एक विशेषाधिकार थी, लेकिन डिजिटल प्रौद्योगिकी ने इसे सशक्तीकरण का साधन बना दिया है। आज डिजिटल भुगतान हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा है और इसका श्रेय 'जैम तिकड़ी' यानी जन धन, आधार और मोबाइल को जाता है। मोदी ने कहा कि भारत की वित्तीय-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षमता को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि भारत न केवल अन्य देशों के साथ प्रौद्योगिकी साझा कर रहा है, बल्कि इसे विकसित करने में भी उनकी मदद कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं सभी देशों, खासकर ब्रिटेन को भारत के साथ साझेदारी के लिए आमंत्रित करता हूं। सभी वैश्विक निवेशक भारत की वृद्धि गाथा का हिस्सा बनें। हमें ऐसा फिनटेक विश्व बनाना है जहां प्रौद्योगिकी, लोग और धरती सबका समान रूप से विकास हो। नवाचार का लक्ष्य केवल वृद्धि नहीं, बल्कि अच्छाई भी होना चाहिए और वित्त का मतलब सिर्फ संख्या नहीं बल्कि मानव प्रगति भी है। उन्होंने भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि हम जब लोकतंत्र की बात करते हैं तो यह केवल चुनाव या नीति निर्माण तक सीमित नहीं है। भारत ने लोकतांत्रिक भावना को शासन का मजबूत स्तंभ बनाया है। इसका सर्वोत्तम उदाहरण प्रौद्योगिकी है। इस अवसर पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को बढ़ावा देगा। स्टार्मर ब्रिटेन के 125 प्रमुख व्यापारिक नेताओं, उद्यमियों एवं शिक्षाविदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार सुबह दो दिवसीय यात्रा पर मुंबई पहुंचे थे।

## अकासा एयर की सह-संस्थापक नीलू खत्री का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** अकासा एयर की सह-संस्थापक और वरिष्ठ उपाध्यक्ष (परिचालन) नीलू खत्री ने इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को एयरलाइन कंपनी ने पुष्टि की कि खत्री ने अपनी पेशेवर यात्रा को नई दिशा देने के लिए कंपनी छोड़ने का फैसला किया है।



इससे पहले सूत्रों ने बताया था कि खत्री ने अकासा एयर से इस्तीफा दे दिया है। खत्री अकासा एयर की संस्थापक टीम में हैं। वह एयरलाइन कंपनी की कार्यकारी समिति की सदस्य भी हैं। अकासा एयर की शुरूआत 7 अगस्त, 2022 को हुई थी। खत्री के अलावा आदित्य घोष, आनंद श्रीनिवासन, बेलसन कॉटिन्हो, भाविन जोशी और प्रवीण अय्यर अकासा एयर के पांच अन्य सह-संस्थापक हैं। विनय दुबे अकासा एयर के संस्थापक और सीईओहैं। हाल के दिनों में एयरलाइन कंपनी में कुछ कार्यकारी स्तर के कर्मचारियों की छंटनी हुई है। कंपनी ने कहा कि उसकी मौजूदा सेवाएं और भविष्य में विस्तार की योजनाएं बनी रहेंगी।

## 6 लाख करोड़ से 10,000 किमी के नए एक्सप्रेस-वे बना रही सरकार : गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी



पीएचडीसीसीआई के 120वें वार्षिक सत्र में शामिल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि सरकार देशभर में 6 लाख करोड़ की लागत से 25 ग्रीनफील्ड (नए) एक्सप्रेस-वे का निर्माण कर रही है, जिनकी लंबाई कुल 10,000 किलोमीटर होगी।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 120वें वार्षिक सत्र में गडकरी ने कहा कि रणनीतिक जोजिला सुरंग का 75-80% काम हो चुका है। यह सुरंग लद्दाख क्षेत्र और देश के बाकी हिस्सों के बीच सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यदि राजमार्ग मंत्रालय अपनी सड़क परियोजनाओं का मौद्रीकरण करता है तो उसे 15 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के निर्माण से देश की लॉजिस्टिक्स लागत 16 से घटकर 10% हो गई है। दिसंबर तक भारत की लॉजिस्टिक्स लागत घटकर नौ प्रतिशत रह जाएगी, जिससे भारत को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी। अमेरिका में लॉजिस्टिक्स लागत 12%, यूरोपीय देशों में 12 और चीन में 8-10% है। भारत के मोटर वाहन क्षेत्र पर मंत्री ने कहा कि पांच साल में हमारा लक्ष्य भारत के मोटर वाहन उद्योग को दुनिया में नंबर एक बनाना है।

गडकरी ने कहा कि जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय मोटर वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था। आज भारतीय मोटर वाहन उद्योग का आकार 22 लाख करोड़ रुपये है। मोटर वाहन क्षेत्र चार लाख युवाओं को रोजगार देता है और केंद्र व राज्यों को सबसे अधिक जीएसटी (माल एवं सेवा कर) राजस्व प्रदान करता है।

## ट्राई के स्पेक्ट्रम की कीमतें तय होने के बाद उपग्रह संचार सेवा शुरू होगी : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी

**इंडिया मोबाइल कांग्रेस**



- **बोले- दो कंपनियों को उपग्रह संचार सेवाओं के लिए लाइसेंस एक को आशय पत्र जारी**

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि देश में उपग्रह संचार ब्रॉडबैंड सेवाएं, कंपनियां के अपनी योजना को अंतिम रूप देने और क्षेत्र नियामक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के स्पेक्ट्रम कीर कीमतें तय करने के बाद शुरू होगी।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 में मंत्री ने कहा कि दो कंपनियों को उपग्रह संचार सेवाओं के लिए लाइसेंस दिए गए हैं और एक अन्य को आशय पत्र (एलओआई) जारी किया गया है। सिंधिया ने कहा कि यह कंपनियों पर निर्भर करता है कि वे कितनी जल्दी अपनी क्रियान्वयन रणनीति लागू कर पाती हैं। एक मुद्दा यह है कि ट्राई को अभी स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण को अंतिम रूप देना है। यह लंबित हिस्सा है और नियामक इसे पूरा करेगा।

भारत में उपग्रह संचार सेवा शुरू होने को लेकर लोगों में उत्सुकता बढ़ रही है। अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती समर्थित यूटेलसैट वनवेब और रिलायंस जियो-एसईएस जैसी कंपनियां ब्रॉडबैंड इंटरनेट क्षेत्र में दांव लगाने को उत्सुक हैं। सरकार ने यूटेलसैट वनवेब और जियो-एसईएस को परमिट प्रदान कर दिया है, तथा स्टारलिंक को आशय पत्र (एलओआई) जारी कर दिया है।

## भारत वैश्विक दबाव के आगे नहीं झुकेगा : चौहान

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति में जहां व्यापार एवं शुल्क हथियार बन गए हैं... भारत अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश को वैश्विक बाजारों पर निर्भर हुए बिना खाद्य सुरक्षा को और मजबूत करना चाहिए।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 120वीं वार्षिक आम बैठक में चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत, 'विश्व में भाई' की भूमिका निभाने में विश्वास रखता है और दुनिया के बारे में चिंतित है लेकिन देश का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति में जहां राष्ट्र एक-दूसरे से लड़ रहे हैं, जहां व्यापार एवं शुल्क को हथियार माना जा रहा है, जहां राष्ट्र अपनी मनमानी से दुनिया पर शासन कर रहे हैं... ऐसी स्थिति में, भारत को अपना रास्ता चुनना होगा। हम किसी के दबाव में नहीं आएंगे। अपने देश के हितों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है और यह वैश्विक शांति के लिए आवश्यक है। भारत जैसे जिम्मेदार देश को आगे आना चाहिए।




कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

### देश की 46% आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की 46 प्रतिशत आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। इस पर निर्भरता को कम करने के लिए जारी प्रयासों के बावजूद इस क्षेत्र को मजबूत करना महत्वपूर्ण हो जाता है। मौजूदा स्थिति में खाद्यान्न के लिए वैश्विक बाजार पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। इसलिए हमें आत्मनिर्भर बनना होगा। पीएल480 कार्यक्रम के तहत अमेरिकी खाद्य सहायता पर भारत की पिछली निर्भरता का जिक्र करते हुए चौहान ने कहा कि देश ने एक लंबा सफर तय किया है। एक समय ऐसा था जब अतीत में किसी प्रधानमंत्री को लोगों से सप्ताह में एक बार उपवास रखने को कहना पड़ता था। अब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।



# संपत्तियों के पंजीयन का वक्त बढ़ाने पर होगी सुनवाई

### वक्फ बाय यूजर सहित संपत्तियों के पंजीकरण से जुड़ी याचिका को सूचीबद्ध करने पर शीर्ष सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने 'उम्मीद' पोर्टल के तहत 'वक्फ बाय यूजर' सहित सभी वक्फ संपत्तियों के अनिवार्य पंजीकरण के लिए समयावधि बढ़ाने के अनुरोध वाली याचिका को सूचीबद्ध करने पर गुरुवार को सहमति व्यक्त की। वक्फ बाय यूजर से आशय ऐसी संपत्ति से है, जहां संपत्ति को औपचारिक दस्तावेज के बिना धार्मिक उद्देश्यों के लिए उसके दीर्घकालिक उपयोग पर वक्फ के रूप में मान्यता दी जाती है, भले मालिक द्वारा वक्फ की औपचारिक, लिखित घोषणा न की गई हो।

शीर्ष अदालत ने 15 सितंबर को अंतरिम आदेश में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी थी, जिसमें एक ये खंड भी था कि पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले लोग ही वक्फ बना सकते हैं, लेकिन उसने संवैधानिकता की धारणा को रेखांकित करते हुए पूरे कानून पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया था। न्यायालय ने केंद्र सरकार को राहत देते हुए कहा था कि नये संशोधित वक्फ कानून में 'वक्फ बाय यूजर' प्रावधान को हटाना प्रथम दृष्टया मनमाना नहीं था और वक्फ की जमीनें सरकार द्वारा हड़प लेने संबंधी दलीलें 'अतार्किक' हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी के वकील निजाम पाशा ने सीजेआई बीआर गवई की पीठ से गुरुवार को आग्रह किया कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध करने वाली अर्जी पर सुनवाई की जाए।

### प्रक्रिया 25 जनवरी 2022 से पहले शुरू हुई तो कानून के तहत आयुसीमा लागू नहीं होगी: न्यायालय

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अहम फैसले में कहा कि 2021 के सरोगेसी कानून के तहत आयुसीमा उन इच्छुक जोड़ों पर लागू नहीं होगी, जिन्होंने 25 जनवरी, 2022 को कानून लागू होने से पहले भ्रूण 'फ्रीज' करने जैसी प्रक्रिया शुरू कर दी थी। अधिनियम में इच्छुक दंपति और सरोगेट (किराये की कोख) माताओं के लिए आयुसीमा तय की गई है। न्यायालय सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के प्रावधान पर विचार कर रहा था, जिसमें कहा गया है कि इच्छुक जोड़े के लिए पात्रता प्रमाण पत्र जरूरी है जो यह प्रमाणित करता हो कि वे विवाहित हैं और प्रमाणीकरण के दिन महिला के मामले में उनकी आयु 23 से 50 वर्ष के बीच हो तथा पुरुष के मामले में 26 से 55 वर्ष के बीच हो। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि यह कानून 25 जनवरी, 2022 को लागू किया गया। पीठ ने कहा कि 25 जनवरी से पहले सरोगेसी का लाभ लेने के इच्छुक जोड़ों पर आयु प्रतिबंध के संबंध में कोई बाध्यकारी कानून नहीं था। जब सरोगेसी की प्रक्रिया शुरू करने पर कोई प्रतिबंध नहीं था, तो राज्य को इस संबंध में सरोगेसी की क्षमता पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है।

### बच्चों को छोटी उम्र से दी जानी चाहिए यौन शिक्षा

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि बच्चों को छोटी उम्र से ही यौन शिक्षा दी जानी चाहिए, न कि कक्षा नौ से। न्यायमूर्ति संजय कुमार और आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि यौन शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्यक्रम का हिस्सा होनी चाहिए, ताकि बच्चों को आने वाले हार्मोनल बदलावों की जानकारी हो सके। यह संबंधित प्राधिकारों की जिम्मेदारी है कि वे इसके लिए सुधारात्मक उपाय करें, ताकि बच्चों को तरुणाई के बाद शरीरिक बदलावों व देखभाल-सावधानियों की जानकारी हो सके। शीर्ष अदालत ने आईपीसी की धारा 376 (दुष्कर्म) और 506 (धमकी) तथा पॉक्सो की धारा-6 (यौन हमला) का सामना कर रहे 15 साल के एक किशोर को जमानत देते हुए ये टिप्पणियां कीं।

## आतंकियों को घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा न उठाने दें : गृहमंत्री

- **केंद्र शासित प्रदेश की उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की गृह मंत्री ने की अध्यक्षता**

नई दिल्ली, एजेंसी



जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा आदि ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि आतंकी सीमा पार से घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं, ऐसे में जम्मू-कश्मीर में कड़ी निगरानी रखी जाए।

केंद्र शासित प्रदेश की उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों को यह सुनिश्चित करने के लिए ''पूरी तरह तैयार रहना चाहिए'' कि आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में सीमा पार घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा न उठा सकें। समीक्षा बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक तपन डेका, सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, जम्मू-कश्मीर के पुलिस प्रमुख नलिन प्रभात, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक जीपी सिंह और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। गृहमंत्री ने एक्स पर ट्वीट किया, मैंने, उपराज्यपाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा समीक्षा की। हम आतंकी समर्थक तंत्र की कमर तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे सुरक्षा बलों को शांति और सुरक्षा को खतरे में डालने के प्रयास को कुचलने की स्वतंत्रता बनी रहेगी। मोदी के आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के दृष्टिकोण को साकार करने को तालमेल बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुंछ में एलओसी के पास चार बारूदी सुरंगों में विस्फोट

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास 4 बारूदी सुरंगों और एक मोर्टार के गोले में विस्फोट हुआ है।

अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सुबह मनकोट इलाके के सगरा गांव में मशीन की मदद से जमीन खोदी जा रही थी, तभी जमीन में दबा मोर्टार फट गया, जिससे खुदाई करने वाली मशीन का चालक बाल-बाल बच गया। विस्फोट के बाद मामले की जांच के लिए पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि सीमा पार से गोलाबारी के दौरान मोर्टार का गोला फटा नहीं था। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में, बालाकोट इलाके में चार बारूदी सुरंगें फट गईं। विस्फोटों से कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## लापता सैनिक का शव मिला दूसरे की तलाश जारी

श्रीनगर, एजेंसी

- **मंगलवार को लापता हुए थे दोनों सैनिक, जांच अनुसार उसकी मौत हाइपोथर्मिया से हुई**

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को एक सैनिक का शव बरामद किया जबकि एक अन्य लापता सैनिक की तलाश में अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को लापता हुए दो सैनिकों में से एक का शव अनंतनाग के कोकेरनाग क्षेत्र के गडोले जंगल से मिला है।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उसकी मौत हाइपोथर्मिया से हुई। हाइपोथर्मिया ऐसी स्थिति है जब शरीर का तापमान सामान्य से नीचे चला जाता है। अधिकारियों ने कहा कि लापता अन्य सैनिक की तलाश जारी है, लेकिन घने जंगल, ऊबड़-खाबड़ इलाका और खराब मौसम बाधक बन रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को कोकेरनाग इलाके में तलाश अभियान के दौरान विशिष्ट पैरा यूनिट के दोनों कमांडो लापता हो गए। यह अभियान दो दिन पहले अहलान गडोले इलाके में आतंकियों के एक समूह के छिपे होने की सूचना के बाद शुरू हुआ था। दोनों संचार संपर्क टूटने के बाद लापता हो गए। कमांडो का पता लगाने के लिए हेलीकॉप्टरों को लगाया गया। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक्स कहा कि 6-7 अक्टूबर की रात को किश्तवाड़ रेंज में अभियान चला रही टीम को दक्षिण कश्मीर के पहाड़ों में बर्फीले तूफान और बर्फबारी का सामना करना पड़ा।

## चैतन्यानंद की जमानत पर सुनवाई से अलग हुए न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** एक न्यायाधीश ने गुरुवार को चैतन्यानंद सरस्वती की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। चैतन्यानंद पर निजी प्रबंधन संस्थान में 17 छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोप है। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल अहलावत ने आरोपी की जमानत पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया, जिसके बाद मामले को पटियाला हाउस जिला अदालत के जिला न्यायाधीश के समक्ष अन्य न्यायाधीश को सौंपने को भेजा गया। इस पर शुक्रवार को सुनवाई हो सकती है। बुधवार को मजिस्ट्रेट अदालत ने अंतरिम आदेश पारित कर चैतन्यानंद की प्याज-लहसुन रहित भोजन, चश्मा और दवाइयां पाने की अर्जी को मंजूरी दे दी थी।

## धर्मांतरण के पीड़ित दूसरों का धर्म बदलने की कोशिश करते हैं तो हो सकती है कार्रवाई

अहमदाबाद, एजेंसी



- **गुजरात हाईकोर्ट ने धर्मपरिवर्तन से जुड़ी याचिका पर की सुनवाई**

गुजरात हाईकोर्ट ने कहा है कि धर्म परिवर्तन का शिकार होने का दावा करने वाला यदि बाद में दूसरों का धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करते हैं तो उन्हें भी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

न्यायमूर्ति निर्जर देसाई की अदालत ने कई व्यक्तियों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक अक्टूबर को कहा कि अन्य व्यक्तियों को इस्लाम में धर्मांतरित करने के लिए प्रभावित करने, दबाव डालने और प्रलोभन देने के उनके कृत्य के कारण उन पर प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि वे हिंदू थे और अन्य व्यक्तियों ने धर्मांतरण कराकर उन्हें मुसलमान बनाया, इसलिए वे धर्म परिवर्तन के शिकार हैं, न कि आरोपी। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता अन्य लोगों पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव डालने और लुभाने में शामिल थे, जिससे उनके विरुद्ध प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। धर्म परिवर्तन कराने के कई आरोपियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और तर्क दिया था कि वे स्वयं धर्मांतरण के शिकार हैं और उनके विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी अनुचित है। उन्होंने भरूच जिले के आमोद थाने में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किए जाने का अनुरोध किया था।

हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए कहा कि जैसा कि प्राथमिकी और गवाहों के बयानों से नजर आता है, अन्य व्यक्तियों को धर्मांतरण के लिए प्रभावित करने, दबाव डालने और लुभाने के उनके कृत्य के कारण और आज प्रस्तुत सामग्री की समीक्षा करने पर अदालत का मानना है कि प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि तीन लोगों ने उसके अंगूठे का निशान लेकर उसे इस्लाम धर्म में परिवर्तित किया था और एक आरोपी को इसके लिए वित्तीय सहायता मिल रही थी। प्राथमिकी अनुसार, तीन लोगों ने 37 हिंदू परिवारों के 100 लोगों देकर धर्म परिवर्तित कराया है।

## बब्बर खालसा आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने गुरुवार को जालंधर से दो लोगों को गिरफ्तार कर बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक रिमोट कंट्रोल के साथ आरडीएक्स युक्त विस्फोटक जब्त किया।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि विस्फोटक सामग्री आईईडी का उद्देश्य आतंकवादी हमला था। डीजीपी ने एक्स पर कहा कि पाकिस्तान के आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। इसे बीकेआई के हरविंदर सिंह रिंदा के निर्देश पर ब्रिटेन से निशान जौरियन और आदेश जमराई संचालित कर रहे हैं। मामले में गुरजिंदर सिंह और दीवान सिंह को जालंधर से गिरफ्तार किया गया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रेबेका यूएन महासचिव पद के लिए नामित

**सैन जोस (कोस्टा रिका)।** कोस्टा रिका ने लंबे समय से राजनयिक और देश की पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पैन को संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव पद के लिए उम्मीदवार के रूप में बुधवार को नामित किया। अर्थशास्त्री ग्रिनस्पैन वर्तमान में जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास की महासचिव हैं। यूक्रेन में युद्ध की शुरुआत में यूक्रेनी और रूसी अनाज को वैश्विक बाजारों में भेजने के संयुक्त राष्ट्र के प्रयास में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी और निवर्तमान महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने उन्हें रूसी अधिकारियों से बात करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त किया था।

### उर्सुला के खिलाफ निंदा प्रस्ताव खारिज

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के विरुद्ध लाए गए दो अविश्वास प्रस्ताव बृहस्पतिवार को कामयाब नहीं हो पाए क्योंकि ईयू के ज्यादातर सांसदों ने उनके खिलाफ निंदा प्रस्तावों को खारिज कर दिया। उर्सुला को लेकर लाए गए अति-दक्षिणपंथी निंदा प्रस्ताव को 378 सांसदों ने खारिज कर दिया, जबकि 179 पक्ष में थे और 37 अनुपस्थित रहे। अतिवामपंथी प्रस्ताव पर 383 सांसदों ने इसके विरोध में मतदान किया, 133 ने समर्थन किया तथा 78 सांसदों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। उर्सुला अपना दूसरा पांच वर्षीय कार्यकाल शुरू करने के बाद से एक वर्ष में तीन अविश्वास प्रस्तावों का सामना कर चुकी हैं।

### ट्रंप का फिर दावा, भारत पाकिस्तान संघर्ष रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर भारी शुल्क लगाने की धमकी देकर तनाव कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इस कदम से दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच लड़ाई रुक गई। बुधवार को एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि व्यापार और शुल्क को कूटनीतिक लाभ के रूप में इस्तेमाल करने की उनकी क्षमता ने कई संघर्ष क्षेत्रों में विश्व में शांति लाने में मदद की।

## श्रीलंका ने 47 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार किए

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने उत्तरी श्रीलंका के तलाईमन्नार में बृहस्पतिवार को 47 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी पांच नौकाएं जब्त कर ली गई हैं।

उन पर श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप है। ये गिरफ्तारियां मन्नार और डेल्फ्ट के समुद्री क्षेत्रों में अभियानों के दौरान की गईं। नौसेना ने कहा कि मछुआरों को उत्तर में स्थित मत्स्य निरीक्षक कार्यालय को सौंप दिया जाएगा। श्रीलंकाई नौसेना प्रवक्ता ने बताया कि नौसेना का अभियान कल देर रात शुरू हुआ और बृहस्पतिवार तड़के तक चला।

# अमेरिकी सांसदों का ट्रंप को पत्र ...वापस लें भारत पर लगाया टैरिफ

## कहा- भारत महत्वपूर्ण साझेदार, अमेरिकी आपूर्ति शृंखलाएं प्रभावित होने से महंगाई भी बढ़ेगी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी कांग्रेस के 19 सदस्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखकर भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। सदस्य डेबोरा रॉस और रो खन्ना के नेतृत्व में इन सांसदों ने हाल ही में बढ़ाए गए टैरिफ को भी वापस लेने का भी आह्वान किया, क्योंकि इससे दोनों देशों के संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

सांसदों ने कहा कि ट्रंप प्रशासन के भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने



के फैसले से भारतीय निर्माताओं को नुकसान तो हुआ ही है लेकिन अमेरिकी आपूर्ति शृंखलाएं भी प्रभावित हुई हैं। इससे अमेरिकियों की जेब पर बोझ बढ़ा है। इन कार्रवाइयों ने दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी पर असर डाला

### अमेरिका विरोधी देशों के करीब जा सकता है भारत

सांसदों ने चिंता जताई है कि अमेरिका की कार्रवाइयों ने भारत को चीन-रूस सहित उन देशों के साथ राजनयिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया है जो अमेरिकी हितों के विरोधी हैं। कहा गया है कि भारत अमेरिकी सेनाओं के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहा है और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए अमेरिका और हमारे सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। क्वाड में इसकी भागीदारी और चीन की हठधर्मिता के खिलाफ इसकी भूमिका इस संबंध को और भी महत्वपूर्ण बनाती है।

है। सांसदों ने कहा कि वे जिन जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैं, वहां बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग रहते हैं और उनके भारत के साथ मजबूत पारिवारिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध हैं। ट्रंप प्रशासन की हालिया कार्रवाइयों ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ संबंधों पर असर डाला है।

पत्र में अमेरिका-भारत संबंधों, व्यापार और रक्षा सहयोग का जिक्र करते हुए कहा गया है कि भारत, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने में प्रमुख साझेदार है और क्वाड जैसे पहलों के माध्यम से वैश्विक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जोर दिया गया कि भारत के साथ व्यापारिक साझेदारी दोनों देशों में लाखों रोजगार पैदा करती है। अमेरिकी निर्माता सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में जरूरी चीजों के लिए भारत पर निर्भर हैं। भारत में निवेश करने वाली अमेरिकी कंपनियों को सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजार में पहुंच मिलती है। भारतीय कंपनियों ने भी अमेरिका में अरबों डॉलर का निवेश किया है, जिससे रोजगार और आर्थिक अवसर पैदा हुए हैं।

## मैक्रों 48 घंटे में करेंगे नए पीएम की घोषणा

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह 48 घंटों में नए प्रधानमंत्री की घोषणा करेंगे। निवर्तमान प्रधानमंत्री लेकोर्नू ने सोमवार को अचानक इस्तीफा दे दिया था।

नए पीएम की नियुक्ति से फिलहाल मध्यावधि चुनाव की आशंका कम हो जाएगी। मैक्रों ने घोषणा ऐसे समय की है जब लेकोर्नू ने इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति के अनुरोध पर संसद में चर्चा कर जानने का प्रयास किया कि क्या विभाजित निचले सदन में नई सरकार बनाने के लिए पर्याप्त समर्थन है। एक साल में मैक्रों द्वारा नियुक्त प्रधानमंत्रियों के इस्तीफा देने के कारण फ्रांस में राजनीतिक उथलपुथल जारी है।

# इजराइल और हमास युद्ध समाप्त करने और बंधकों को रिहा करने पर हुए सहमत

## ट्रंप ने की घोषणा, कहा- जल्द रिहा किए जाएंगे बंधक, इजराइल की सेना करेगी वापसी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा की कि इजराइल और हमास ने युद्ध रोकने और कुछ बंधकों एवं कैदियों को रिहा करने की उनकी शांति योजना के पहले चरण पर सहमति व्यक्त की है। ट्रंप ने दो साल से जारी युद्ध में महीनों में मिली सबसे बड़ी सफलता की रूपरेखा की घोषणा की।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, सभी बंधकों को जल्द रिहा कर दिया जाएगा और इजराइल अपने सैनिकों को एक तय सीमा तक वापस बुला लेगा। यह एक मजबूत, टिकाऊ और स्थाई शांति की दिशा में पहला कदम होगा। उन्होंने कहा, सभी पक्षों के साथ निष्पक्ष व्यवहार किया जाएगा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, ईश्वर की मदद से हम उन सभी को घर वापस लाएंगे। हमास ने कहा कि इस समझौते से इजराइली सैनिकों की वापसी सुनिश्चित होगी और साथ ही सहायता सामग्री का प्रवेश और बंधकों एवं कैदियों की अदला-बदली भी सुनिश्चित होगी। अधिकारियों ने बताया कि हमास इस सप्ताह के अंत में सभी 20 जीवित बंधकों को रिहा करने की योजना बना रहा है जबकि इजराइली सेना गाजा के अधिकतर हिस्से से वापसी शुरू कर देगी।



समझौता वार्ता जारी होने के बावजूद इजराइल लगातार गाजा पर हमले कर रहा है।

### मोदी ने ट्रंप की योजना पर समझौते का स्वागत किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की शांति योजना के पहले चरण पर हुए उस समझौते का स्वागत किया जिसके तहत इजराइल और हमास ने गाजा में लड़ाई रोकने का फैसला किया है। मोदी ने एक्स पर लिखा, हम राष्ट्रपति ट्रंप की शांति योजना के पहले चरण पर हुए समझौते का स्वागत करते हैं। यह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के मजबूत नेतृत्व का भी प्रतिबिंब है। विश्व के कई और नेताओं ने युद्धविराम का स्वागत किया है।

### इजराइली बंधकों के परिजन खुशी से झूमे

**तेल अवीव।** करीब दो वर्षों से पीड़ा, अनिश्चितता और मानसिक यातना का प्रतीक बन चुके तेल अवीव के 'होस्टेज स्क्वायर' में बृहस्पतिवार तड़के उस समय खुशी का माहौल देखा गया, जब गाजा में बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों की संभावित रिहाई की खबर आई। जश्न के माहौल में लोगों ने शैम्पेन की बोतलें खोलीं, मिठाइयां बांटीं और नम आंखों के साथ परिजनों से गले मिलने का दौर चला। इजराइल और हमास के बीच बंधकों की रिहाई को लेकर समझौते की खबर फैलते ही बंधकों के परिवार वाले और समर्थक भावुक हो उठे। मातान जांगौकर नामक बंधक की मां और इस दो वर्ष लंबे आंदोलन का प्रमुख चेहरा बनीं ऐनाव जांगौकर ने खुशी से आसमान की ओर हाथ उठाते हुए कहा, मातान घर आ रहा है! उन्होंने कहा, मैं उसके शरीर की खुशबू को महसूस करना चाहती हूं।

## भारत के लिए सीधी उड़ानें संबंधों में सुधार के लिए सकारात्मक कदम : चीन

**बीजिंग।** चीन ने पांच साल के अंतराल के बाद भारत के साथ सीधी उड़ानें बहाल किए जाने को सकारात्मक कदम करार दिया। चीन ने कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बनी सहमति पर ईमानदारी से काम कर रहे हैं।

चीन के राष्ट्रीय अवकाश के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने पहली प्रेस वार्ता में कहा कि उड़ानें अक्टूबर के अंत तक शुरू हो जाएंगी। गुओ ने कहा, यह कदम 2.8 अरब चीनी और भारतीय लोगों के बीच मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान को सुगम बनाता है। मोदी और जिनपिंग ने तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के इतर मुलाकात की थी और अक्टूबर 2024 में रूस के कज़ान में अपनी पिछली बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक और लगातार हो रही प्रगति का स्वागत किया था।

## चीनी महिला से रोमांस पड़ा महंगा, अमेरिका का राजनयिक बर्खास्त

वॉशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपने देश के एक राजनयिक को एक चीनी महिला से कथित रोमांटिक संबंध रखने के कारण बर्खास्त कर दिया है। महिला पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध होने का आरोप है।

इस मामले को हाल में लागू किए गए उस प्रतिबंध के तहत पहली कार्रवाई माना जा रहा है, जिसमें अमेरिकी कर्मियों के चीनी नागरिकों से ऐसे व्यक्तिगत संबंध पर रोक लगाई गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल के अंतिम दिनों में यह प्रतिबंध लगाया गया था। इसके तहत चीन में तैनात अमेरिकी सरकारी कर्मियों, उनके परिजनों और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त संविदा कर्मचारियों को किसी भी चीनी नागरिक के साथ रोमांटिक या यौन संबंध रखने से मना किया गया था।

- **अमेरिकी कर्मियों के चीनी महिलाओं से संबंध रखने पर लगाई गई थी पाबंदी**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की गई। पिगॉट ने कहा, रुबियो के नेतृत्व में हम उन कर्मचारियों के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति बनाए रखेंगे, जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करते हुए पाए जाएंगे।

## नेपाल : ओली की गिरफ्तारी की मांग कर रहे कई जेन जी प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने बृहस्पतिवार को डॉ. निकोलस भुसाल सहित जेन जी समूह से जुड़े 18 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। ये कार्यकर्ता यहां मैतीघर में प्रदर्शन करते हुए अपदस्थ प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और तत्कालीन गृहमंत्री रमेश लेखक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

जेन जी समूह के एक धड़े द्वारा यह प्रदर्शन, भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया साइट्स पर सरकारी प्रतिबंध के खिलाफ आंदोलन को एक माह पूरा होने के अवसर पर आयोजित किया गया। जेन जी समूह के बैनर तले हजारों युवाओं ने आठ और नौ सितंबर को काठमांडू में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था जिसमें 76 लोग मारे गए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और दंगा नियंत्रण पुलिस की मौजूदगी के बीच प्रदर्शन कर रहे डॉ. भुसाल और उनके सहयोगी सुरेंद्र घरती को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

- **आंदोलन का एक महीना पूरा होने पर आयोजित प्रदर्शन में सैकड़ों युवा थे शामिल**

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कार्की के नेतृत्व में कार्यवाहक सरकार के गठन के बावजूद सरकार जेन जी की मांगों को पूरा करने में विफल रही है। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में ओली और रमेश लेखक की गिरफ्तारी शामिल थी, जिन्हें वे जनसंहार के लिए उत्तरदायी ठहराते हैं।

# भारत और ऑस्ट्रेलिया ने कई प्रमुख रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए

## रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, रणनीतिक सहयोग करेंगे मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को और विस्तार देने पर बृहस्पतिवार को कैनबरा में चर्चा की तथा सैन्य हार्डवेयर के संयुक्त उत्पादन की संभावना पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान कई रक्षा समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए।

उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने रक्षा उद्योग, साइबर रक्षा, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय चुनौतियों सहित भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की। सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के महत्व की भी पुष्टि की। उन्होंने कहा, मैंने भारत के रक्षा उद्योग के तेजी से विकास और वैश्विक स्तर पर उच्च-गुणवत्ता वाली रक्षा प्रौद्योगिकी के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा पर प्रकाश डाला।



स्मोक सेरेमनी का आयोजन कर ऑस्ट्रेलिया में राजनाथ सिंह का स्वागत किया गया।

### दिल्ली पहुंचे अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्तकी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी बृहस्पतिवार को दिल्ली पहुंचे। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी के सत्ता से हटने और तालिबान के सत्ता अपने हाथ में लेने के चार साल बाद तालिबान सरकार के किसी नेता की काबुल से भारत की यह पहली उच्चस्तरीय यात्रा है। मुत्तकी छह दिवसीय भारत यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर कहा, हम अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्तकी के साथ द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। मुत्तकी के कार्यक्रमों में दारुल उलूम देवबंद मदरसा का दौरा और ताजमहल की यात्रा शामिल है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का पिछले महीने दौरा निर्धारित था, लेकिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों के तहत इसे रद्द कर दिया गया था।




# हंगरी के लास्लो क्रास्नाहोरकाई को साहित्य का नोबेल

**स्टॉकहोम, एजेंसी**

हंगरी के लेखक लास्लो क्रास्नाहोरकाई को इस साल का साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया जाएगा। यह घोषणा बृहस्पतिवार को की गई। करीब 71 वर्षीय क्रास्नाहोरकाई की प्रशस्ति में कहा गया है कि उन्हें उनके सम्मोहक और दूरदर्शी रचनाकर्म के लिए चुना गया है जो सर्वनाशी भय के बीच कला की ताकत की पुष्टि करता है।

लास्लो क्रास्नाहोरकाई की पहली कृति 'सैटानटैंगो' के साथ ही 'द मेलांकली ऑफ रेसिस्टेंस' सहित कई कृतियों को हंगेरियन निर्देशक बेला टार ने फिल्मों में रूपांतरित किया है। नोबेल समिति के स्टीव सेम-सैंडबर्ग ने कहा, नोबेल निर्णायकों ने उनकी कलात्मक दृष्टि की प्रशंसा की, जो पूरी तरह से भ्रम से मुक्त है और जो कला की शक्ति में उनके अटूट विश्वास के साथ सामाजिक व्यवस्था की भंगुरता को समझती है। नोबेल निर्णायकों ने कहा, लास्लो मध्य यूरोपीय परंपरा के महान महाकाव्य लेखक हैं, जो परंपरा (फ्रांज) काफ्का से थॉमस बर्नहार्ड तक फैली हुई है, और बेतुकेपन और विचित्र अतिरेक से युक्त है। उनकी अन्य पुस्तकों में 'बैरन वेंकहाइम्स होमकमिंग' मशहूर है, जो एक जुए के आदी अभिजात्य वर्ग के व्यक्ति की गाथा है। उन्होंने चीन जापान की अपनी यात्राओं से प्रेरित होकर भी कई किताबें लिखी हैं, जिनमें 2003 में प्रकाशित 'एक माउंटेन टू द नॉर्थ, ए लेक टू द साउथ, पाथ्स टू द वेस्ट, ए रिवर टू द ईस्ट' है।



- **निर्णायकों ने की लास्लो की कलात्मक दृष्टि की प्रशंसा, भ्रम से मुक्त बताया**

# विश्व को स्वतंत्र, ठोस और वस्तुनिष्ठ जानकारी की जरूरत

## प्रेस की स्वतंत्रता के मुद्दे पर दुनिया भर की समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के बीच पोप लियो का संबोधन

**वेटिकन सिटी, एजेंसी**

पोप लियो ने बृहस्पतिवार को कहा कि विश्व को स्वतंत्र, कठोर एवं वस्तुनिष्ठ पत्रकारिता की आवश्यकता है, अन्यथा लोग 'तथ्य और कल्पना' तथा 'सत्य और असत्य' के बीच अंतर नहीं कर पाएंगे जैसा कि अधिनायकवादी शासन में होता है।

पोप ने इस बात पर जोर दिया कि



सूचना तक मुक्त पहुंच एक ऐसा स्तंभ है जिस पर हमारे समाज की इमारत टिकी है। उन्होंने कहा, इसी कारण से हमसे प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने और इसकी गारंटी देने के लिए कहा गया है। पोप ने वेटिकन में दुनियाभर की समाचार एजेंसियों के आमंत्रित कार्यपालक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता को अनुचित प्रतिस्पर्धा और तथाकथित क्लिकबेट (वेबसाइट पर यूजरको आकर्षित करने के लिए प्रयुक्त सामग्री) के तुच्छ चलन से मुक्त होना चाहिए।


पोप ने कहा कि समाचार एजेंसियां सटीक और संतुलित सूचना के अधिकार की रक्षा करने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। पोप लियो प्रेस की स्वतंत्रता के प्रबल समर्थक हैं। इस पद पर चुने जाने के तुरंत बाद उन्होंने दुनिया भर के पत्रकारों से मुलाकात की थी और जेल में बंद पत्रकारों की रिहाई की अपील की थी। पोप ने समाचार एजेंसियों से अपने प्राधिकार को कभी नहीं बेचने का आग्रह करते हुए कहा कि संचार क्षेत्र अपने काम को, सच्चाई साझा करने से अलग नहीं कर सकता और ना ही ऐसा करना चाहिए। उन्होंने विवेकपूर्ण और आलोचनात्मक तरीके से सोचने में मदद करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह विरोधाभास है कि संचार के युग में समाचार और मीडिया एजेंसियां संकट के दौर से गुजर रही हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अक्टूबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 19 .38 तक तत्पश्चात पंचमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- कृत्तिका 17 .31 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** - आज जल्दबाजी में व्यावसायिक डील से आर्थिक नुकसान हो सकता है। आपको अधिक लाभ की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। आप वैचारिक द्वंद्व में उलझे रहेंगे। अपनी योजनाओं को फिलहाल गोपनीय रहने दें।

**वृष** - आज परिजनों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभुत्व बढ़ेगा। लोग आपकी बातों को मानेंगे। वैवाहिक जीवन का आज परस्पर संवाद से सुलझा लेंगे। नई संपत्ति के लेन-देन का विचार कर सकते हैं। मन में प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

**मिथुन** - आज व्यापार में जोखिम उठाने से हानि हो सकती है। लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। अपने प्रियजनों के साथ बहसबाजी न करें। दिनचर्या अनुशासित रखने का प्रयास करें। यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो धूप और गर्मी को लेकर पूरी सावधानी बरतें।

**कर्क** - आज रुके हुए कार्य प्रारंभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आपका मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। बुद्धिमान लोगों के साथ चर्चा होगी। कमीशन से जुड़े कार्यों से लाभ होगा।

**सिंह** - आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अपने कर्म के प्रति समर्पित रहेंगे। नए काम को लेकर जुनून रहेगा। दूसरों के झगड़ों में अधिक हस्तक्षेप न करें। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या** - आज यात्रा से आपको लाभ मिल सकता है। प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिल सकती है। लोग आपको धोखा देने की कोशिश करेंगे। व्यावसायिक कार्यक्रम अधूरे छूट सकते हैं। परिस्थितियों का मजबूती से सामना करें।

**तुला** - आज मन में संशय की स्थिति रहेगी। छोटी-छोटी बातों में तनाव न लें। गर्मी के कारण उल्टी-दस्त की समस्या उभर सकती है। भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस करेंगे। लोगों के हस्तक्षेप से आपके कार्यों में अवरोध आ सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज दोस्तों की इच्छाओं को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। अपने अंतर्मन की आवाज अवश्य सुनें। कार्यक्षेत्र में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। अपनी उपलब्धियों से संतुष्ट रहेंगे। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

**धनु** - आज मन में नए रचनात्मक विचार आएंगे। जिन पर कार्य करके आपको भविष्य में अत्यधिक लाभ होगा। अपनी उपलब्धियों से प्रसन्न रहेंगे। किसी कार्य में जल्दबाजी न करें। कम समय में बहुत से काम निपटा लेंगे। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे।

**मकर** - आज रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में गति बढ़ेगी। बदलते मौसम के कारण आपकी परिस्थिति खराब हो सकती है। नौकरी के प्रति आपकी जवाबदेही बढ़ सकती है। किसी अटके हुए मामले में आपको दोबारा उलझनों का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ** - आज दूसरों के कार्यों में अपनी ऊर्जा बर्बाद न करें। अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट रहना होगा। जल्दबाजी में लिए गए निर्णय आपको बदलने पड़ेंगे। अपने स्वभाव में लचीलापन रखें। पुराने कड़वे अनुभवों का स्मरण हो सकता है।

**मीन** - आज आपके सभी कार्य सुचारू रूप से चलते रहेंगे। रुकी हुई पेमेंट आपको प्राप्त हो सकती है। भावनात्मक रूप से अत्यंत सशक्त रहेंगे। सकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। मेहनत के दम पर अपना काम पूरा कर लेंगे।

## सुडोकू -125

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 3 | | | 4 |
| | 2 | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | 5 | 7 | | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| 6 | | 4 | 8 | | | | 5 | |
| | 7 | | | 5 | | | 8 | |
| 5 | | | 2 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 1 | | 6 | | |

### सुडोकू - 124 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 |



“रोहित शर्मा को एकदिवसीय कप्तान के पद से हटाने का फैसला संभवत: उनसे सलाह-मशविरा करने के बाद किया गया होगा। रोहित खेलते रह सकते हैं और इस बीच आप एक युवा कप्तान को तैयार करते रह सकते हैं। इसलिए मुझे इसमें कोई समस्या नहीं दिखती।

–सौरव गांगुली


# स्टेडियम

हल्द्वानी, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


हाईलाइट

## सबालेंका और पेगुला क्वार्टर फाइनल में



**वुहान (चीन) :** अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और जेसिका पेगुला ने बृहस्पतिवार को यहां वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सबालेंका ने लियूडमिला समसेसोनोवा को 6-3 6-3 से हराकर वुहान ओपन में जीत का सिलसिला जारी रखा और अपनी 19वीं जीत दर्ज की। इससे पहले जेसिका पेगुला ने तीसरे सेट में शुरुआती सर्विस ब्रेक से उबरते हुए एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-5 3-6 6-3 से हराकर पिछले सप्ताह चाइना ओपन सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला ने निर्णायक सेट में स्कोर 2-2 से बराबर किया और फिर अंतिम पांच में से चार गेम जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

## बैडमिंटन में भारत ने पक्का किया पदक

**गुवाहाटी :** भारत ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व जूनियर मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप में कोरिया को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपना पहला पदक पक्का किया। मेजबान टीम ने लगभग तीन घंटे तक चले रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 44-45, 45-30, 45-33 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के इतिहास में अपना पहला मिश्रित टीम पदक पक्का कर लिया। अब सेमीफाइनल में भारत का सामना एशियाई अंडर-19 मिश्रित टीम चैंपियन इंडोनेशिया से होगा।

# सीरीज जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगी टीम इंडिया

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा व अंतिम टेस्ट आज से, पहले मैच में मेहमानों ने बेहद खराब प्रदर्शन किया था

नई दिल्ली, एजेंसी

पहले मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान भारत शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को एक और करारी शिकस्त देने व 2-0 से सीरीज जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा। हालांकि इस मैच में उसकी निगाहें साई सुदर्शन के धैर्य और घरेलू परिस्थितियों में नीतीश कुमार रेड्डी की उपयोगिता पर टिकी होंगी।

भारत के पास प्रतिभाशाली क्रिकेटरों का शानदार समूह है, जिनमें से प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी शीर्ष टीम में जगह बनाने में सक्षम है। उसका मुकाबला वेस्टइंडीज की उस टीम से होगा जिसका अतीत गौरवशाली रहा है, लेकिन जो वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की विश्व भर में टी-20 लीग में खेलने के लिए बड़ी मांग है, लेकिन खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उसके पास बेहद कमजोर और अनुभवहीन खिलाड़ी हैं। अहमदाबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में उसकी टीम किसी भी समय भारत के सामने चुनौती पेश नहीं कर सकी। भारत ने यह मैच पारी के अंतर से जीता था जो कैरेबियाई क्रिकेट की वर्तमान स्थिति का प्रमाण है। भारत के लिए एक और प्रभावशाली प्रदर्शन का मतलब सिर्फ श्रृंखला जीतना नहीं है, बल्कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका पर अपनी स्थिति मजबूत करना और इस साल के अंत में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कड़ी चुनौती के लिए आत्मविश्वास बढ़ाना भी है। भारत फिरोज शाह कोटला में भी मैच को जल्दी समाप्त कर सकता है जहां की पिच से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। यह तय है कि भारत अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करेगा और नीतीश टीम में बने रहेंगे जिन्हें टीम प्रबंधन भविष्य के लिए गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में तैयार करने पर ध्यान दे रहा है। भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में वह नीतीश को अपनी गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए कह रहा है। चयनकर्ता और कोच अभी साई सुदर्शन को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं, पर वह पिछली सात पारियों में से छह में असफल रहे। इस तरह की परिस्थितियां एक ऐसे खिलाड़ी के लिए वास्तविकता की परीक्षा पेश करती हैं, जो अभी भी लाल गेंद के चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहा है। यशस्वी ने पहले मैच में अच्छी शुरुआत की जबकि केएल राहुल अपने जीवन की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले छह टेस्ट मैचों में तीन शतक लगाए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने भी पहले मैच में अर्धशतक जड़ा। ऐसे में सुदर्शन का खराब स्कोर खटक रहा है क्योंकि ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने भी अहमदाबाद में शतक लगाए थे।



अभ्यास सत्र के दौरान वेस्टइंडीज के खिलाड़ी। एजेंसी

### टीम

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, बी साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, अक्षर पटेल, नारायण जगदीसन, देवदत्त पडिक्कल।

**वेस्टइंडीज :** रोस्टन चेज (कप्तान), तेगनारायण चंद्रपॉल, जॉन कैंपबेल, एलिक अथानाज़, ब्रैंडन किंग, जोहान लेने, जस्टिन ग्रीव्स, खारी पियरे, शाई होप, जेडन सील्स, जेमेल वारिकन, केवलन एंडरसन, जेडिया ब्लेड्स, टेविन इमलाच, एंडरसन फिलिप।

### रोहित भाई जैसा शांतचित्त कप्तान बनना चाहता हूं

**नई दिल्ली :** भारत की वनडे टीम के नव नियुक्त कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि वह इस महीने के अंत में आस्ट्रेलिया दौरे से इस प्रारूप की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 25 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के साथ अपनी एकदिवसीय कप्तानी की शुरुआत करेंगे। गिल से जब शुक्रवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच से पहले उनकी भूमिका बढ़ाए जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा रोहित भाई का धैर्य और उन्होंने टीम में जो दोस्ती कायम की है मैं उसे आत्मसात करना चाहता हूं। गिल ने रोहित और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर भी विराम लगाने की कोशिश की, जो दोनों अब केवल एकदिवसीय प्रारूप में ही उपलब्ध हैं। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले लिया है। गिल ने कहा इन दोनों ने भारत के लिए कई मैच जीते हैं।



समय पूर्वाह्न 9:30 बजे से

## रोहित और विराट वनडे विश्व कप की योजनाओं में शामिल : गिल

**नई दिल्ली :** वनडे टीम के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा बने रहेंगे क्योंकि उनके कौशल और अपार अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वह इस महीने के अंत में आस्ट्रेलिया दौरे से इस प्रारूप की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने और खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 26 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के साथ अपनी एकदिवसीय कप्तानी की शुरुआत करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि रोहित और कोहली अगले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा हैं तो गिल चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की तरह सतर्क नहीं थे जिन्होंने हाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस मुद्दे पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई थी। गिल ने उन्हें वनडे टीम का कप्तान भी नियुक्त करने से संबंधित सवालों के जवाब देते हुए कहा ‘बिल्कुल।

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 252 रनों का लक्ष्य




अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगातीं ऋचा घोष। एजेंसी

विशाखापत्तनम, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष के ताबड़तोड़ अर्धशतक और स्नेह राणा के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी से भारत ने आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप में बृहस्पतिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए 251 रनों का स्कोर खड़ा किया।

बाएं हाथ की स्पिनरों क्लो ट्रायोन (32 रन पर तीन विकेट) और नोनकुलुलेको मलाबा (46 रन पर दो विकेट) ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों पर शिकंजा कसते हुए स्कोर छह विकेट पर 102 रन कर दिया लेकिन ऋचा (94 रन, 77 गेंद, 11 चौके, चार छक्के) और स्नेह (33 रन, 24 गेंद, छह चौके) ने आठवें विकेट के लिए 53 गेंद में 88 रन की तूफानी साझेदारी की जिससे मेजबान टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

ऋचा ने अमजोत कौर (13) के साथ भी सातवें विकेट के लिए 51 रन जोड़े। मारिजेन कैप (45 रन पर दो विकेट) और नेदिन डि क्लर्क (52 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट चटकाए जिससे भारतीय टीम 49.5 ओवर में सिमट गई। भारत ने अंतिम नौ ओवर में 97 रन जुटाए। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद प्रतिका रावल (37) और स्मृति मंधाना (23) ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़कर टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। प्रतिका एक बार फिर अच्छी लय में नजर आई जबकि स्मृति को जूझना पड़ा। प्रतिका ने मारिजेन कैप के पहले ही ओवर में दो चौकों के साथ शुरुआत की और फिर अयाबोंका खाका की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। प्रतिका ने पारी के पांचवें ओवर में कैप पर लगातार दो चौके मारे। स्मृति ने खाका पर पारी का पहला छक्का जड़ा जबकि नेदिन डि क्लर्क का स्वागत चौके के साथ किया लेकिन 11वें ओवर में मलाबा की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर सुने लुस को कैच दे बैठीं। अच्छी फॉर्म में चल रहीं हरलीन देओल सिर्फ 13 रन बनाने के बाद मलाबा की तेजी से स्पिन लेती गेंद पर बोल्ड हो गईं। तेज गेंदबाज तुमी सेखुखुने ने 20वें ओवर में प्रतिका को ताजमिन ब्रिट्स के हाथों कैच कराके भारत को बड़ा झटका दिया।

### अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णीत | अंक | नेट रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 1.960 |
| इंग्लैंड | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.757 |
| भारत | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.515 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.573 |
| द.अफ्रीका | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -1.402 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -1.255 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.485 |
| पाकिस्तान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.887 |

### भारत

**251/10** (49.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रतिका का ब्रिट्स बो सेखुखुने | 37 |
| स्मृति मंधाना का लुस मलाबा | 23 |
| हरलीन देओल बो मलाबा | 13 |
| हरमनप्रीत का कैप बो ट्रायोन | 09 |
| जेमिमा पगबाधा बो ट्रायोन | 00 |
| दीप्ति शर्मा का जाफ्ता बो कैप | 04 |
| अमनजोत का लुस बो ट्रायोन | 13 |
| ऋचा घोष का ट्रायोन बो डि क्लर्क | 94 |
| स्नेह राणा का वोलवार्ट बो कैप | 33 |
| क्रांति गौड़ नाबाद | 00 |
| श्री चरणी का वोलवार्ट डि क्लर्क | 00 |

**गेंदबाजी :** कैप 9-0-45-2, खाका 7-0-47-0, डि क्लर्क 6.5-0-52-2, मलाबा 10-0-46-2, सेखुखुने 7-0-29-1, ट्रायोन 10-0-32-3

## न्यूजीलैंड का मुकाबला बांग्लादेश से आज

**गुवाहाटी :** आत्मविश्वास से ओतप्रोत बांग्लादेशी टीम का सामना आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के ग्रुप मैच में खराब फॉर्म से जूझ रही पूर्व चैम्पियन न्यूजीलैंड से यहां शुक्रवार को होगा तो उसके स्पिनर अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे।

# आत्मविश्वास और सही सोच से शुरू होता बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा ने टीम को दी सलाह



भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले दिग्गज पूर्व क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा ने रोस्टन चेस की टीम को यही सलाह दी है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट का ग्राफ भले ही नीचे को जा रहा हो लेकिन यहां से ऊपर उठने का जरिया सिर्फ आत्मविश्वास और सही रवैया है।

वेस्टइंडीज के तीन पूर्व कप्तान रिचडर्स, लारा और रिची रिचर्डसन दिल्ली में हैं और बुधवार को एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान टीम से मिले। चेस ने मैच से एक दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा कल हमारा एक टीम कार्यक्रम था और मैने तीनों (रिचडर्स, लारा और रिचर्डसन) से बात की । उन्होंने हमें कहा कि खुद पर भरोसा बनाये रखो। स्थिति अभी खराब है लेकिन यह बदलेगी। तीनों ने टीम से सकारात्मक क्रिकेट खेलने का आग्रह किया।


चेस ने कहा बदलाव की शुरुआत अभी होगी और यह आत्मविश्वास और हर खिलाड़ी की सोच से होगी। मेरा फोकस उन्हें प्रेरित करते रहने पर है और हम सकारात्मक क्रिकेट खेलते रहेंगे। चेस का मानना है कि वेस्टइंडीज में प्रथम श्रेणी क्रिकेट के खराब स्तर के कारण अच्छे टेस्ट बल्लेबाज नहीं निकल रहे हैं। मैं सभी के बारे में नहीं बोल सकता लेकिन मेरा नजरिया यह है कि अगर अच्छी तरह से प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला हो तो आत्मविश्वास आता है। अच्छे गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने से आप दबाव का सामना करना और अपनी कमजोरियों से पार पाना सीखते हैं। जब आप अपना कैरियर शुरू करते हैं तो विरोधी टीम को आपके बारे में ज्यादा पता नहीं होता लेकिन कुछ मैचों के बाद आपकी गलतियां पकड़ में आती है। खिलाड़ियों को खुद उन कमियों का पता करके उन्हें दुरूस्त करने पर मेहनत करनी चाहिए।

# नॉकआउट मैचों में असफलता के डर पर काबू पाकर भारत ने लगातार ट्रॉफी जीती : सूर्यकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि नॉकआउट मैचों में असफलता के डर पर काबू पाना पिछले 15 महीनों में राष्ट्रीय टीम की शानदार सफलता में अहम रहा है। जून 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने के बाद से भारत ने दो आईसीसी खिताब और एशिया कप जीता है। टीम ने फरवरी में वनडे प्रारूप में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी लेकिन पिछले महीने भारत ने सूर्यकुमार की अगुआई में टी20 प्रारूप में अपना दूसरा एशिया कप खिताब जीता। इस बिग हिटर बल्लेबाज ने कहा कि भारत को आक्रामक क्रिकेट खेलने का पूरा फायदा मिल रहा है।

सूर्यकुमार ने स्काईस्कैनर कार्यक्रम के दौरान कहा मुझे लगता है कि पिछले डेढ़ साल में, जब से हमने चैंपियनशिप जीतना शुरू किया तो हमने इस खेल को थोड़ा अलग अंदाज में खेलना शुरू कर दिया। नॉकआउट परिस्थितियों में असफलता के डर के बारे में नहीं सोचें, बस मैदान पर उतरें और वही करें जो हम सबसे अच्छा करते हैं। परिणाम के बारे में सोचने के बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। जून 2024 में बारबाडोस में ट्रॉफी जीतने से पहले भारत ने 10 साल से ज्यादा समय तक कोई आईसीसी प्रतियोगिता नहीं जीती थी। सूर्यकुमार ने कहा कि मानसिक रूप में बदलाव करने से इच्छा के अनुरूप परिणाम मिले।



सूर्यकुमार ने कहा हमने टीम के अंदर यही माहौल बनाया है, यही जज्बा है, यही संस्कृति है। 2022 से ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के बाद हमने सोचा कि हमें कुछ अलग करना होगा। भारतीय टी20 कप्तान ने कहा हमने सोचा कि अगर हमें चैंपियनशिप जीतनी है तो हमें अलग अंदाज में खेलना होगा। सूर्यकुमार ने कप्तानी के गुर सिखाने का श्रेय रोहित शर्मा को भी दिया। उन्होंने कहा उनके साथ भाई जैसा रिश्ता है। मुझे आज भी याद है जब मैंने 2010-2011 में बॉम्बे के लिए अपना प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। वह घरेलू सर्किट में थे और वहां से आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में पहुंचे।

# कास्परोव ने आनंद पर शुरुआती बढ़त बनाई

**सेंट लुई (अमेरिका) :** महान खिलाड़ियों के बीच मुकाबले के पहले दिन गैरी कास्परोव ने यहां तीसरी बाजी में भारत के विश्वनाथन आनंद को हराकर क्लच शतरंज मुकाबले में 2.5-1.5 की बढ़त बना ली। शतरंज के इतिहास के संभवतः सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कास्परोव ने 62 साल की उम्र में दिखाया कि 21 साल पहले संन्यास लेने के बावजूद उनमें अब भी काफी शतरंज बचा है।

आनंद को भी मौके मिले लेकिन वह उनका फायदा उठाने में नाकाम रहे। शतरंज 960 प्रारूप के तहत रोजाना दो रैपिड और दो ब्लिट्ज मुकाबले होने हैं। दिन की शुरुआती दो बाजी ड्रॉ रहीं जिसके बाद कास्परोव ने तीसरी बाजी में आनंद को हराया। आनंद के पास बाजी को ड्रॉ कराने का मौका था लेकिन वह चूक गए। पहली बाजी में भी आनंद का पलड़ा भारी था।

खोले दिल के राज

पूर्व ऑफ स्पिनर बोले-यह मेरा निजी फैसला था

# किसी ने मुझे संन्यास के लिए मजबूर नहीं किया : अश्विन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्पष्ट किया है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का उनका फैसला निजी था और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में टेस्ट क्रिकेट छोड़ने के लिए उन्हें किसी ने मजबूर नहीं किया था।

इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल ब्रिस्बेन में 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। इसके बाद उन्होंने इस साल अगस्त में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी संन्यास की घोषणा कर दी। इससे वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं।

वह इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा किसी ने मुझसे नहीं कहा कि तुम्हें संन्यास ले लेना चाहिए। किसी ने मुझसे नहीं कहा कि टीम में तुम्हारे लिए कोई जगह नहीं है। सच्चाई यह है कि संन्यास का फैसला करने से पहले दो-तीन लोगों ने मुझे ऐसा करने से इनकार किया था लेकिन मैंने अपना फैसला लिया। असल में, वे चाहते थे कि मैं और खेलूं। उन्होंने कहा रोहित शर्मा (तत्कालीन कप्तान) ने भी मुझे इस बारे में फिर से सोचने को कहा था। गौती भाई (गौतम गंभीर) ने भी मुझे दोबारा सोचने को कहा था। लेकिन मैंने इस बारे में (संन्यास के बारे में) अजीत अगरकर (चयन समिति के अध्यक्ष) से ज्यादा बात नहीं की।



अश्विन ने कहा जब खेल से संन्यास लेने की बात आती है तो यह निजी फैसला होता है और मेरा फैसला भी निजी था। उनके इस बयान से उन अटकलों पर विराम लग गया है कि टीम प्रबंधन ने उन्हें यह निर्णय लेने के लिए मजबूर किया था। रोहित शर्मा और विराट कोहली की सीनियर जोड़ी के बारे में बात करते हुए अश्विन ने कहा कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं को उनके साथ स्पष्ट संवाद करना चाहिए।

### रोहित और कोहली में काफी क्रिकेट बाकी

टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके रोहित और कोहली दोनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन एकदिवसीय मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। लेकिन रोहित की जगह शुभमन गिल को वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। अश्विन ने कहा विराट कोहली वनडे क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी हैं। जिस तरह से उन्होंने और रोहित ने 2023 विश्व कप में बल्लेबाजी की, उन्हें कुछ साबित करने की ज़रूरत नहीं है। मुझे उम्मीद है कि उनसे बातचीत हुई होगी। विराट और रोहित शर्मा के साथ जो भी चर्चा होनी थी, वह हो चुकी होगी। उनके साथ स्पष्ट संवाद होना चाहिए। अश्विन ने कहा कि रोहित और कोहली दोनों में अभी काफी क्रिकेट बाकी है।